✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 37 ✴ अंक : 109 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, रविवार, 13 सितम्बर 2026 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com



ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने जाते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

# सीमा पर शांति जरूरी : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शनिवार को द्विपक्षीय बैठक हुई। ब्रिक्स शिखर सम्मलेन से इतर हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स में भारत की अध्यक्षता के दौरान समर्थन और सहयोग के लिए चीन का आभार जताया। पीएम मोदी ने शी जिनपिंग का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आपकी सकारात्मक बातों के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। अब हमारे पास द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने का अवसर है। वहीं इस बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और भारत एक-दूसरे की ताकत से सीख सकते हैं और साझा विकास हासिल कर सकते हैं। उन्होंने दोनों देशों से व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च गुणवत्ता वाले विकास के लिए मिलकर काम करने का भी आग्रह किया। चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने पीएम मोदी से कहा कि चीन भारत के साथ अपने संबंधों को 'रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण' से देखता है। दोनों नेताओं ने भारत-चीन संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए। दोनों नेताओं ने अगस्त 2025 में तियानजिन में हुई पिछली बैठक के बाद भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हुई निरंतर प्रगति का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंधों को तीन 'परस्पर' सिद्धांतों- आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित से निर्देशित होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के लगातार विकास का एक आवश्यक आधार है। उन्होंने सीमा से जुड़े मुद्दों पर मौजूदा समझौतों और सहमतियों का दोनों पक्षों द्वारा पालन करने की जरूरत पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने राजनीतिक दृष्टिकोण और दोनों देशों के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों तथा दोनों देशों



की जनता के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए सीमा विवाद के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के प्रति प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने लोगों के बीच संबंधों में हुई प्रगति का संज्ञान लिया और सांस्कृतिक आदान-प्रदान, कारोबारी संपर्क तथा दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही को और बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। इनमें व्यापार में संरचनात्मक असंतुलन और आपूर्ति शृंखला से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। दोनों देशों ने सार्थक और पूर्वानुमान योग्य बाजार पहुंच को सुगम बनाने पर भी जोर दिया। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए साझा आधार को लगातार व्यापक बनाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन और 2026 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता में उसके योगदान की सराहना की। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन और भारत से आग्रह किया है कि वे ब्रिक्स देशों के बीच बेहतर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करें। शी जिनपिंगने कहा कि चीन-भारत संबंध विकसित हुए हैं और दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए उन्हें रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा है। उन्होंने कहा कि चीन और भारत अलग-अलग हैं लेकिन दोनों देश साझा विकास हासिल करने के लिए एक-दूसरे का समर्थन और सहयोग करने में सक्षम रहे हैं। शी जिनपिंग ने कहा कि मुझे नई दिल्ली ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने और आपसे फिर मिलने की बहुत खुशी है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि 12 वर्षों में यह उनकी दूसरी नई दिल्ली यात्रा है। इस दौरान दोनों नेताओं की 20 से अधिक बार मुलाकात हुई है और इन बैठकों से 'महत्वपूर्ण सहमतियों की एक श्रृंखला' बनी है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देशों और वैश्विक दक्षिण के सदस्य के रूप में चीन और भारत की साझा स्थिति का उल्लेख करते हुए शी जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों की मानवता के साझा भविष्य के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। उन्होंने कहा कि चीन और भारत एक-दूसरे की ताकत से सीख सकते हैं और साझा विकास हासिल कर सकते हैं। मानवता के साझा भविष्य के लिए हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जज दंपति पर गोली चलाने वाला शूटर गिरफ्तार

**भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पथरगामा में न्यायाधीश दंपति पर गोली चलाने के मामले में मुख्य शूटर मोनू साहनी को भागलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे कहलगांव थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में सामने आया है कि मोनू ही न्यायाधीश और उनकी पत्नी पर गोली चलाने वाला मुख्य शूटर था। वारदात में इस्तेमाल बाइक और उसके एक साथी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तारी की जानकारी झारखंड पुलिस को दे दी गई है।

### एमएलसी प्रत्याशी डॉ. दिव्या ज्योति जन सुराज में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव की तैयारी कर रहीं डॉ. दिव्या ज्योति ने प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी की सदस्यता ले ली है। पटना में पार्टी की सदस्यता लेने के बाद शनिवार को उन्होंने बिहारशरीफ स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने जन सुराज से जुड़ने के कारण बताए और शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी प्राथमिकताएं सामने रखीं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए अब निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

### 25 हजार का इनामी सुदामा सिंह गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वांछित अपराधी और 25 हजार के इनामी बदमाश सुदामा सिंह को पुलिस ने बिहटा के आईआईटी थानांतर्गत लई चौक ओपी के पास अमहारा गांव से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। सूचना के आधार पर एसटीएफ की विशेष टीम और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है। आरोपित के खिलाफ वित्तीय लेन देन में जालसाजी और धोखाधड़ी समेत कोतवाली थाने में छह मामले दर्ज हैं। दो वर्ष से पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस के मुताबिक आरोपित सारण के मढौरा थाना क्षेत्र के धेनूकी गांव का स्थायी निवासी है। वर्तमान में रुपसपुरपु थानांतर्गत रुकनपुरा के आदर्श कॉलोनी में रहता था।

### कार से दो करोड़ का गांजा जब्त

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के धोकराहा पंचायत के वार्ड नंबर-2 स्थित नुनिया टोला से पुलिस ने नशे के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कार से एक क्विंटल 18 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा लदी कार को जब्त करते हुए उसके चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी जा रही है। थानाध्यक्ष अमर कुमार के अनुसार पुलिस ने गांजा और कार को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## सादे लिबास में वसूली करने पहुंचे दो पुलिसवालों की पिटाई, निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** जिले में लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिस जवानों पर ही अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगा है। मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोप है कि नगर थाना के बाइक सेल में तैनात दो पुलिसकर्मी सादे लिबास में दूसरे थाना क्षेत्र में वसूली करने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने जब उनकी गतिविधियों पर संदेह जताया तो दोनों को नकली पुलिसकर्मी समझकर घेर लिया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने दोनों के साथ मारपीट कर दी। घटना शुक्रवार की देर रात रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मजुराहा गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नगर थाना के बाइक सेल में तैनात सिपाही राजीव कुमार और आशीष कुमार सादे लिबास में मजुराहा गांव पहुंचे थे। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर लोगों को शक हुआ। इसी दौरान पुलिस के नाम पर पैसे मांगने की बात सामने आने के बाद विवाद बढ़ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान ने दोनों जवानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर अब उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## सुबह की सैर पर निकले पार्षद प्रतिनिधि की हत्या, बवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

सीतामढ़ी। जिले में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब मॉर्निंग वॉक के लिए निकले जिला परिषद सदस्य के पति बैद्यनाथ महतो की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना डुमरा थाना क्षेत्र के केथरिया गांव की है। मृतक की पहचान बैद्यनाथ महतो के रूप में हुई है। एसपी ने थानाध्यक्ष मुकेश कुमार व अनुसंधानकर्ता को निलंबित किया है। इस बीच जिला परिषद सदस्य के पति की हत्या के बाद नाराज ग्रामीणों ने पुलिस टीम को दौड़ाने के साथ पथराव किया। वहीं आरोपी बताए जा रहे गांव के एक शख्स के घर को भी फूंकने की सूचना है। ग्रामीण सूरज कुमार का कहना है कि अवैध शराब तस्करी का विरोध करने पर जिला पार्षद के पति की गोली मारकर हत्या की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बैद्यनाथ महतो सुबह अपने घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया। बताया जा





रहा है कि अपराधियों ने उन पर आठ गोलियां चलाईं। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। इस बीच घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। वारदात के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। स्थिति को नियंत्रित करने पहुंची पुलिस के साथ भी ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर हाथापाई और हमला किए जाने की सूचना है। शनिवार को हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। पथराव में ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार और साइबर इंस्पेक्टर अनिल राम घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीएसपी आशीष कुमार और एसपी अमित रंजन मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत करने का प्रयास करते रहे। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही डुमरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस ने मौके का जायजा लिया और साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। आरोपियों की संख्या, हत्या का मकसद और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की तैयारी की जा रही है। एसपी अमित रंजन ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## बाइक पानी भरे गड्ढे में गिरी, दो की डूबकर मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के शिवपुर के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी वीरेंद्र सिंह (54 वर्ष) और बेलाव थाना क्षेत्र के नौहट्टा निवासी कमलेश गुप्ता (42 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कमलेश गुप्ता सोनबरसा गांव में ग्रामीण डॉक्टर के तौर पर काम करते थे। वह अपने परिचित वीरेंद्र सिंह के साथ किसी काम से मोहनिया जा रहे थे। बाइक कमलेश गुप्ता चला रहे थे और वीरेंद्र सिंह पीछे बैठे थे। दोनों मनिहारी के रास्ते मोहनिया की ओर बढ़ रहे थे। शिवपुर के पास सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश में बाइक का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित बाइक पहले सड़क किनारे एक पेड़ से टकराई और फिर सीधे पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। पानी में डूबने के कारण दोनों की घटनास्थल पर ही जान चली गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को गड्ढे से बाहर निकाला। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेजा।

## 300 यूनिट से ज्यादा बिजली खर्च करनेवालों की बनेगी सूची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर बिहार सरकार भी गंभीर है। इस संबंध में राजधानी पटना में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण बैठक की है। बैठक में सोलर पैनल लगाने की प्रगति की गंभीरता से समीक्षा की गई है। साथ ही यह बात सामने आई है कि प्रशासन की नजर उन बिजली उपभोक्ताओं पर है जो प्रतिमाह 300 यूनिट से ज्यादा बिजली खर्च कर रहे हैं। पटना के उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने शनिवार को सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, बैंक लोन और कार्य एजेंसियों के काम की विस्तृत समीक्षा की है। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिला प्रशासन ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार करे। यह सूची जिले के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके आधार पर प्रशासन ऐसे उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित करेगा। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आएगी तथा स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बीपीएल परिवारों के लिए सोलर पैनल इंस्टॉलेशन कार्य में



काफी प्रगति हुई है। जिले में 5,585 बीपीएल परिवारों के घरों पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। अब तक 2236 सोलर पैनल लगाये जा चुके हैं। डीडीसी ने कार्यपालक अभियंता (विद्युत) को कार्य में और तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं गैर-बीपीएल परिवारों के लिए पटना जिले में 28,000 घरों की छत पर सोलर पैनल अधिष्ठापन का लक्ष्य मार्च 2027 तक निर्धारित है। इसमें अब तक लगभग 10,800 घरों की छत पर सोलर पैनल लगाये जा चुके हैं। कार्य एजेंसियां प्रतिदिन लगभग 8 से 10 सोलर पैनल लगा रही हैं। डीडीसी ने वर्तमान प्रगति को कम मानते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कार्यपालक अभियंता (विद्युत) को यह भी निर्देश दिया कि सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को अधिकृत कार्य एजेंसियों की सूची भी उपलब्ध कराई जाए ताकि नगर निकाय अपने क्षेत्र के इच्छुक उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर इन एजेंसियों से समन्वय कर तेजी से सोलर पैनल लगवाने में मदद कर सकें। लोगों को सोलर पैनल के लिए जागरूक करने में वार्ड पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को सब्सिडी, बैंक ऋण एवं लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक परिवारों को योजना से जोड़ें। समीक्षा में पाया गया कि कुछ बैंकों द्वारा सिबिल स्कोर एवं अन्य छोटे-छोटे कारणों से सोलर पैनल लगाने से संबंधित ऋण आवेदनों को अस्वीकृत किया जा रहा है। इस पर उप विकास आयुक्त ने एलडीएम को निर्देश दिया कि वे संबंधित बैंकों के साथ समन्वय कर इसकी समीक्षा करें। किसी महत्वपूर्ण एवं वाजिब कारण के अभाव में ऋण आवेदन को अस्वीकृत नहीं किया जाए, इसे सुनिश्चित करें। डीडीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को कार्य की गति तेज करने का निर्देश दिया।

## कार-ट्रक की टक्कर में दो लोगों की गयी जान

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** कोचाधामन थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। टीटिहा पुल के पास तेज रफ्तार कार ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश नंबर की कार तेज रफ्तार में थी। टीटिहा पुल के पास कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कार में सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। कोचाधामन थानाध्यक्ष इजहार आलम ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग मेरठ के रहने वाले हैं। हादसे की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस सभी की पहचान की प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बहाली नियमों के लिए बनी चार सदस्यीय कमिटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। बिहार लोक भवन ने मौजूदा भर्ती व्यवस्था की समीक्षा और इसमें व्यापक सुधार के सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह फैसला 24 अगस्त 2026 को बिहार लोक भवन में राज्यपाल और ऑल पीएचडी होल्डर्स एंड रिसर्चर्स एसोसिएशन के बैनर तले आंदोलन कर रहे छात्रों के बीच हुए समझौते के बाद लिया गया है। बिहार लोक भवन की अधिसूचना के मुताबिक समिति में चार सदस्यों को शामिल किया गया है। इसमें रिटायर्ड आइएएस अमरजीत सिन्हा, रिटायर्ड आइएएस संजय कुमार, पद्मश्री प्रो. एचसी वर्मा और डॉ. पीके रॉय शामिल हैं। राज्यपाल सचिवालय में विश्वविद्यालय मामलों के अतिरिक्त सचिव संजय कुमार समिति के सदस्य-सचिव के तौर पर काम करेंगे। समिति सिर्फ मौजूदा व्यवस्था पर चर्चा तक सीमित नहीं रहेगी। इसे विश्वविद्यालयों, सरकारी विभागों, वैधानिक संस्थाओं और दूसरे संस्थानों से जरूरी जानकारी, रिकॉर्ड और दस्तावेज लेने का अधिकार दिया गया है। इसके अलावा अलग-अलग हितधारकों और विशेषज्ञों से लिखित सुझाव भी लिए जाएंगे। समिति जरूरत के अनुसार कुलपतियों, वरिष्ठ शिक्षाविदों, विषय विशेषज्ञों, प्रशासकों और दूसरे लोगों से भी राय ले सकती है। समिति को अपनी जांच और विचार-विमर्श पूरा करने के बाद 90 दिनों के भीतर बिहार लोक भवन को रिपोर्ट देनी है।

## जनसेवा और जनकल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को संवाद में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान तथा बिहार में 17 सितंबर से 31 मार्च 2027 तक चलाए जाने वाले सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा मेरा योगदान के तहत स्वच्छता, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम-से-कम दो स्थानों पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 13 थीम पर आधारित है और इसके तहत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। सभी मंत्री एवं अधिकारी इन कार्यक्रमों की विशेष रूप से तैयारी करें। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि पीएम के कार्यकाल में बिहार में लगभग 50 लाख लोगों को





आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत भी बड़ी संख्या में पक्के मकान बनाए गए हैं। बिहार में करोड़ों लोगों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला है। इन उपलब्धियों की जानकारी भी आम लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत निर्धारित कार्यक्रमों एवं कार्यों की समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रभारी मंत्री सभी जिलाणिकारियों के साथ बैठक अथवा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 30 दिनों के कार्यक्रम का कैलेंडर तैयार करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गापूजा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। दीपावली से पहले छोटे-छोटे लंबित कार्यों को पूरा कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों, हेल्थ सेंटर एवं विद्यालयों में रंगाई-पुताई का कार्य भी दीपावली से पहले पूरा कराया जाए। प्रत्येक पंचायत से 10 योजनाओं को चिन्हित कर उनका कार्य पूर्ण करायें ताकि गांवों को व्यवस्थित एवं विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूल से लेकर कालेज तक सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त हों। पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, हेल्थ सेंटर एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को सभी आवश्यक सुविणाओं से परिपूर्ण करें। जहां हेल्थ सेंटर, सामुदायिक भवन अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण की आवश्यकता हो वहां निर्माण कार्य सुनिश्चित करायें। गांवों को व्यवस्थित करने के लिए जो भी आवश्यकताएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा का मतलब जनता की भलाई के लिए काम होना है तथा योजनाओं का कायाकल्प ही सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का मूल उद्देश्य है। निचले स्तर पर विकास कार्य सुनिश्चित होने से बिहार के विकास को काफी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पीएम के विकास कार्यों से पिछले 25 वर्षों में बिहार के विकास को गति मिली है। इन विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाए। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं बिजेन्द्र प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

C M Y K

# मजबूत बूथ वाले क्षेत्र में जदयू के चुनाव लड़ने की तैयारी : श्रवण कुमार

## मिर्जापुर में जेडीयू का मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता एवं यूपी संगठन प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि यूपी में जेडीयू 2027 का विधानसभा चुनाव पूरी तैयारी के साथ लड़ेगी जिन विधानसभा सीटों पर पार्टी की बूथ कमेटियां मजबूत हैं, उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की जाएगी। गठबंधन के संबंध में उन्होंने कहा कि किस पार्टी के साथ गठबंधन होगा, इसका निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा। उन्होंने बताया कि बनारस में 24, 25 और 26 तारीख में से किसी एक दिन प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अन्य मंत्री शामिल होंगे। वे



शनिवार को चुनार विधानसभा क्षेत्र के कैलाहट स्थित हंसराज मैरिज हॉल में आयोजित जदयू का मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे।

**सदस्यता अभियान को तेज करें : प्रदेश अध्यक्ष**

प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से बूथ लेवल कमेटियां तैयार कर प्रदेश कार्यालय में आवेदन देने तथा संगठन को मजबूत करने और सदस्यता अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।


**बिहार की तर्ज पर यूपी में भी होगा विकास कार्य: प्रदेश उपाध्यक्ष**

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि 2027 की तैयारी के लिए कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाएं तथा सदस्यता अभियान को गति दें। आगे कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों और सुशासन की तर्ज पर यूपी में भी अवसर मिलने पर जनहित में कार्य किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में संगठन विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीतला प्रसाद ने की जबकि आयोजक जेडीयू मिर्जापुर जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल उर्फ गुड्डू पटेल रहे। संचालन प्रदेश महासचिव भैया हरि शंकर पटेल ने किया। विशिष्ट अतिथि जेडीयू उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल रहे।

# 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेंगे डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार 13 से 18 सितंबर 2026 तक दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में आयोजित 69वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेंगे। वे कल नई दिल्ली से केपटाउन के लिए प्रस्थान करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के पीठासीन पदाधिकारी संसदीय लोकतंत्र, सुशासन तथा समसामयिक वैश्विक चुनौतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान डॉ. प्रेम कुमार संसदीय नेतृत्व की भूमिका, विशेषकर जलवायु अनुकूलन और आपदाओं के प्रति संसदीय स्तर पर लचीलापन बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखेंगे। साथ ही विभिन्न



देशों के पीठासीन पदाधिकारियों और संसदीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे। केपटाउन सम्मेलन के बाद डॉ. प्रेम कुमार 20 से 24 सितंबर तक सिडनी (ऑस्ट्रेलिया), 24 से 27 सितंबर तक ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) तथा 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान संबंधित देशों की संसदों का भ्रमण, पीठासीन पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात तथा भारतीय समुदाय से संवाद प्रस्तावित है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा का उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र और विधायी कार्यप्रणाली के क्षेत्र में विभिन्न देशों के अनुभवों का आदान-प्रदान, अंतर-संसदीय संबंधों को मजबूत करना तथा वैश्विक चुनौतियों के समाधान में संसदीय संस्थाओं की भूमिका को समझना है। बिहार विधान सभा के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह आधिकारिक रूप से डॉ. प्रेम कुमार के सहयोगार्थ इस अंतरराष्ट्रीय दौरे में उनके साथ रहेंगे।

# एक लाख पुराने निबंधित दस्तावेज रोजाना हो रहे डिजिटाइज

## 1990-95 तक के 24 लाख से अधिक दस्तावेज अपलोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में जमीन समेत अन्य के निबंधन से संबंधित दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अनुसार इस काम में लगी 10 एजेंसियां रोजाना 80 हजार से एक लाख पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन अपलोड कर रही हैं। पहले चरण के तहत 1990 से 1995 के बीच निबंधित लगभग 33 लाख अभिलेखों को प्राथमिकता के आधार पर पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इनमें से 24 लाख 68 हजार दस्तावेज अब तक अपलोड किए जा चुके हैं, जिनकी सच्ची प्रतिलिपि वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। दूसरी और अंतिम चरण में 1908 से 1989 तक के लगभग 5 करोड़ पुराने दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। इस अवधि के अब तक 21 लाख 85 हजार दस्तावेज अपलोड किए गए हैं। लाखों दस्तावेजों के पीडीएफ तैयार हो चुके हैं जिन्हें धीरे-धीरे पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कई पुराने दस्तावेज फारसी, कैथी एवं अन्य अप्रचलित लिपियों में हैं। इन्हें अपलोड करने के लिए एजेंसियां प्रशिक्षित विशेषज्ञों की मदद ले रही हैं। वर्ष 1996 से अब तक के सभी दस्तावेज पूरी तरह डिजिटाइज किए जा चुके हैं। 2006 से 2026 तक के सभी दस्तावेज कम्प्यूटरकृत निबंधन प्रणाली के तहत निबंधित एवं अपलोड हैं। वर्तमान में निबंधित होने वाले दस्तावेजों को भी ऑनलाइन देखने और डाउनलोड करने की सुविधा है। निबंधन के बाद पक्षकारों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर दस्तावेज डाउनलोड करने का लिंक भेजा जाता है। इस पहल से कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपनी जमीन-जायदाद का पुराना दस्तावेज देख और डाउनलोड कर सकेगा। इससे लोगों को निबंधन कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा पतरातू स्टेशन पर यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके पश्चात महाप्रबंधक द्वारा एनटीपीसी पकड़ी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ बैठक कर माल परिवहन एवं लदान से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही बानादाग साइडिंग का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के सफल क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अभियान की व्यापक तैयारियों और इसके प्रभावी संचालन को लेकर बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार भी शामिल हुए। समीक्षा बैठक में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। एक महीने तक चलने वाले इस



अभियान के दौरान निर्धारित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने, संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा अभियान की गतिविधियों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान के दौरान प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक तैयारियों, जिम्मेदारियों के निर्वहन और कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग की भूमिका को देखते हुए सचिव नवीन कुमार की मौजूदगी में अभियान से संबंधित गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार और लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने से जुड़े पहलुओं पर भी विमर्श हुआ। सरकार की ओर से 17 सितंबर से शुरू होने वाले इस अभियान को निर्धारित अवधि में प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने की तैयारी की जा रही है।

# तुलसीदास मेहता सादगी, ईमानदारी के मजबूत स्तंभ रहे : तेजस्वी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री तुलसीदास मेहता की 7 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी याद में तुलसीदास मेहता समाजवादी समता संगठन की ओर से पटना के बाबू जगजीवन राम संसदीय एवं राजनीतिक शोध संस्थान में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन अरविन्द कुमार सहनी ने की। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, उनके सुपुत्र पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ रामचंद्र पुर्वे सहित सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तुलसीदास मेहता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# निधि कुमारी को डॉ. आनन्द रंजन झा ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में सेवा, निष्ठा और योगदान को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, महुआ रोड, जंदाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने निधि कुमारी को सात वर्षों के समर्पण, सेवा एवं योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में एकेडमी परिवार की ओर से निधि कुमारी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। डॉ. आनन्द रंजन झा ने बताया कि निधि कुमारी उनकी संस्था विशाल युवा केंद्र में एल.एफ. के पद पर कार्यरत थीं। वर्तमान में केवाईपी का प्रशिक्षण बाधित होने के कारण वह कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में





अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता में समर्पित कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक दृष्टिकोण संस्थान के विकास की मजबूत नींव हैं। डॉ. झा ने कहा कि निधि कुमारी ने अपने सात वर्षों के कार्यकाल में पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उनके योगदान को सम्मानित करना एकेडमी परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने निधि कुमारी को सात वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह के दौरान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिवार की ओर से निधि कुमारी को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर संस्थान की मनीषा, लक्ष्मी, विभूति सहित अन्य सदस्यों ने निधि कुमारी की सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 25 हजार का इनामी अपराधी सुदामा सिंह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एसटीएफ और पटना जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पटना जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल सुदामा सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बिहटा के अमहरा स्थित लई चौक ओपी क्षेत्र में छापेमारी कर उसे पकड़ा। पुलिस के अनुसार सुदामा सिंह पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वह लंबे समय से पुलिस की तलाश में था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसके खिलाफ दर्ज मामलों और कथित आपराधिक गतिविधियों को लेकर आगे की जांच कर रही है। सुदामा सिंह मूल रूप से सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव का रहने वाला बताया गया है।

# प्रज्ञा समिति की कार्यकारिणी की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना क्लब में प्रज्ञा समिति के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रज्ञा समिति के अध्यक्ष डा. अमरेंद्र मिश्र, पूर्व विभागाध्यक्ष (सांख्यिकी) सह पटना विश्वविद्यालय एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डा. मुकेश कुमार ओझा ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि पटना में महाकवि कालिदास, कहानीकार एवं लेखक प्रेमचंद सहित के नाम से स्मारक एवं भवन तो है परंतु सनातन के पुरोधा और जन-जन तक राम महिमा को पहुंचाने वाले संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी के नाम से कोई भवन नहीं है जहां उनके साहित्य पर विचार, संगोष्ठी, शोध आदि हो सके। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पटना नगर में संत तुलसीदास जी के लिए तुलसी स्मारक भवन के निर्माण के लिए कम से कम पांच कट्ठा भूमि उपलब्ध कराई जाए। प्रज्ञा समिति एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज संयुक्त रुप से इस पर तुलसी स्मारक भवन का निर्माण कराएगी।

# बाढ़ राहत: भागलपुर के सुलतानगंज में गंगा तो इंद्रपुरी बराज पर घट रहा सोन नदी का पानी

## बाढ़ प्रभावित 15 जिलों में 47.92 लोगों तक पहुंचा सुबह-शाम का भोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में 15 जिलों के बाढ़ प्रभावित रहने की स्थिति के बीच राहत भरी खबर है कि कुछ स्थानों पर गंगा, सोन जैसी प्रमुख नदियों का पानी घटने लगा है। इसी के साथ कहीं-कहीं कोसी और गंडक के पानी के स्थिर होने की खबर भी सामने आई है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार भागलपुर के सुलतानगंज में गंगा और इंद्रपुरी बराज पर सोन नदी का पानी घटने की ओर अग्रसर है। वहीं, बाल्मीकिनगर बराज पर गंडक और वीरपुर बराज पर कोसी का पानी स्थिर है। इससे जल्द ही बाढ़ की विभीषिका से राहत की एक उम्मीद जगी है। हालांकि डुमरिया घाट पर गंडक, बलतारा एवं कुर्सेला में कोसी, खगड़िया में बूढ़ी गंडक, दीघा, गांधीघाट, हाथीदह, भागलपुर, कहलगांव एवं मुंगेर में गंगा, श्रीपालपुर में पुनपुन, बेनीबाद में बागमती एवं दरौली एवं सिसवन में घाघरा अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राज्य के 15 जिले पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णिया, मधेपुरा एवं अरवल के 87 प्रखंडों के तहत कुल 575 ग्राम पंचायत से 47.92 लाख लोग अभी भी बाढ़ प्रभावित हैं और इन जिलों में राहत एवं बचाव के कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य भर में संचालित 1245 कम्युनिटी किचन के माध्यम से अभी तक 73.30 लाख बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा चुका है। साथ ही 13 राहत शिविरों के माध्यम से 12,260 बाढ़ शरणार्थियों के लिए आवासन, भोजन एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# केक काट और मिठाइयां खिलाकर मनाया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर तथा मिठाइयां खिलाकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं एनएसयूआइ के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने राजेश राम को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस परिवार से मिले स्नेह और शुभकामनाओं से वे अभिभूत हैं।

# पटना को मिलेगी जाम से मुक्ति

## एआई संभालेगा ट्रैफिक की कमान, 10 मिनट में अस्पताल पहुंचेगी एम्बुलेंस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित और जाम-मुक्त बनाने के के लिए शनिवार को पथ निर्माण विभाग के सभागार में यातायात जाम के प्रबंधन एवं समाधान विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें यातायात समस्याओं के स्थायी व तकनीक-आधारित समाधानों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य रूप से पटना में लगने वाले जाम की चुनौतियों के समाधान के लिए तकनीकी आधारित यातायात कंट्रोल सिस्टम लागू करने का मसौदा तैयार हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल ने की और मुख्य वक्ता सीआरआरआई के पूर्व निदेशक और आईआईटी बॉम्बे के पूर्व प्रो. पीके सिकदर एवं आर्केडिस आईबीआई ग्रुप के इंडिया ऑपरेशन्स के कंट्री हेड श्री वेंकटा चुंदुरू रहे। इस दौरान आंकड़ों के आधार पर पटना शहर की भौगोलिक संरचना, बढ़ती आबादी और वाहनों का दबाव, अतिक्रमण, ट्रैफिक नियम, यातायात प्रबंधन के समक्ष मुख्य चुनौतियां आदि विषयों पर चर्चा की गई। डाक बंगला, पटना जंक्शन रोड, जीपीओ गोलंबर, एग्जीबिशन रोड, बोरिंग रोड, गांधी मैदान, पीएमसीएच, अशोक राजपथ, सगुना मोड़, अनीसाबाद और बेली रोड जैसे जगहों पर प्रतिदिन पड़ने वाले अत्यधिक यातायात दबाव पर गहन मंथन किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान पटना शहर के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट और समाधानों पर प्रो. पीके सिकदर और श्री वेंकटा चुंदुरू ने के आर्केडिस से तैयार तकनीकी ड्राफ्ट का प्रस्तुतीकरण किया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा एनालिटिक्स और एकीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से यातायात समस्याओं के स्थायी समाधानों पर जोर दिया गया।

# स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि के निर्देश पर मिलावटखोरों पर कार्रवाई

## खाद्य सामग्री के ठिकाने पर संयुक्त छापेमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मिलावट एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। स्वास्थ्य सचिव सह खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर राज्यभर में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, छापेमारी, नमूना संग्रहण और प्रयोगशाला परीक्षण की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में हाजीपुर, दरभंगा और पटना जिले में खाद्य सुरक्षा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक्सपायर्ड, खराब एवं मानकों के विपरीत पाए गए खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया। वहीं, फतुहा क्षेत्र में दूध के नमूने में फॉर्मेलिन पाए जाने के



बाद करीब 126 लीटर दूध नष्ट कराया गया जबकि पटना शहर स्थित संतुष्टि स्वीट्स और उसकी विनिर्माण इकाई में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा औचक निरीक्षण एवं सघन जांच की गई। साथ ही साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए।

# जब किताबों से निकलकर मंच पर जीवंत हुआ साहित्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/दानापुर।** साहित्य केवल पढ़ने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन को समझने, संवेदनाओं से जुड़ने और अपनी सोच को विस्तार देने का माध्यम है। इसी भाव को साकार करते हुए स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, दानापुर में आयोजित दो दिवसीय 'साहित्योत्सव' का समापन साहित्य, नाटक, कविता, नृत्य और रचनात्मक अभिव्यक्तियों की विविध प्रस्तुतियों के साथ हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन विजय प्रकाश ने कहा अंग्रेजी वैश्विक संवाद और ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है। साहित्य हमें मानवीय संवेदनाओं से जोड़ता है। साहित्य के मूल्यों को अपने आचरण में उतारना ही व्यक्तित्व के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने मोमबत्ती प्रज्ज्वलन, भाषण, कविता, नृत्य और रोल-प्ले के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 2, 3 और 4 के नन्हे विद्यार्थियों का 'समय का महत्व' विषय पर रोल-प्ले विशेष रूप से आकर्षक रहा।

# महायोगी गोपीचंद की स्मृति में 48वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित महायोगी गोपीचंद स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का संस्कृतमय वातावरण में भव्य उद्घाटन हुआ। संस्था की ओर से चार वर्षों से लगातार आयोजित होनेवाला 48वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर है जिसमें अधिकांश सदस्य विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के शिक्षकगण हैं। अपने उद्घाटन उद्बोधन में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने महायोगी गोपीचंद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नाथ सम्प्रदाय के प्रमुख संतों में महत्वपूर्ण थे। वे माता के आदेश पर राजसी सुख का त्यागकर महायोगी बने। मुख्यातिथि पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश एवं अभियान के संरक्षक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी एवं राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा ने कहा कि उनका जीवन प्रमाणित करता है कि ईश्वर की प्राप्ति आध्यात्मिक ज्ञान से ही संभव है। अध्यक्षीय उद्बोधन में अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि जिस तरह महायोगी गोपीचंद ने राजसी वस्त्रों को त्यागकर भगवा वस्त्र को धारणकर अपने जीवन को शुद्ध किया उसी प्रकार यह शिविर भी शिविर सदस्यों को संस्कृत भाषा के ज्ञान से परिमार्जित कर रही है।

# दादा-दादी और नाना-नानी के प्यार से सजा किड्स जोन स्कूल का ग्रैंडपेरेंट्स सेलिब्रेशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** किड्स जोन-एन एलिमेंट्री स्कूल द्वारा रुकनपुरा स्थित रेड गार्डन मैरिज हॉल में ग्रैंडपेरेंट्स सेलिब्रेशन का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के बीच प्रेम, भावनात्मक जुड़ाव और पारिवारिक संस्कारों को और मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक अनिल सिंह की उपस्थिति में बच्चों एवं ग्रैंडपेरेंट्स ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

स्कूल की प्राचार्या प्रतिमा सिंह ने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी परिवार की वह धरोहर हैं जिनसे बच्चों को प्रेम, संस्कार, अनुभव और जीवन की अनमोल सीख मिलती है। ग्रैंडपेरेंट्स सेलिब्रेशन के माध्यम से हमारा प्रयास है कि बच्चों को अपने ग्रैंडपेरेंट्स के साथ समय बिताने और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिले। बच्चों की खुशी और ग्रैंडपेरेंट्स के चेहरे पर दिखाई देने वाली मुस्कान इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता है। हम चाहते हैं कि नई पीढ़ी अपने पारिवारिक मूल्यों और रिश्तों की अहमियत को हमेशा समझे और उनका सम्मान करे।

# श्री बलभद्र जन्मोत्सव में पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** व्याहुत कलवार सेवा समिति, चंदनपुरा के तत्वावधान में शनिवार को भगवान श्री बलभद्र जन्मोत्सव एवं पूजन समारोह का भव्य आयोजन व्याहुत वैश्य बंधु उच्च विद्यालय, चंदनपुरा के परिसर में किया गया। धार्मिक अनुष्ठान, सम्मान समारोह एवं सामाजिक विमर्श से सजे कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान परिषद सदस्य विनोद जायसवाल, हेमू विचार मंच के राजू गुप्ता सहित दर्जनों गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। भगवान श्री बलभद्र की विधिवत पूजा-



अर्चना के बाद अतिथियों का अंगवस्त्र एवं श्री बलभद्र भगवान का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया तथा आगंतुकों के लिए प्रसाद एवं प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजू गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज में 56 उपजातियां हैं। उन्होंने समाज को एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि जनसंख्या और सामाजिक शक्ति के आधार पर वैश्य समाज को संगठित होकर बिहार में एक बड़ी रैली करने की आवश्यकता है, ताकि समाज अपनी राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि पिछड़े एवं अति पिछड़े समाज के नेतृत्व में वैश्य समाज को भी अपनी प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए। वहीं मुख्य अतिथि तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि समाज को एक-दूसरे के सहयोग और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, राजनीति और व्यापार, तीनों क्षेत्रों में समाज को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए नेतृत्व और सामाजिक उत्थान के लिए आगे आना होगा। समारोह के दौरान वक्ताओं ने युवाओं की शिक्षा, सामाजिक एकता, व्यापारिक विकास और समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने भगवान श्री बलभद्र के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन समिति के संरक्षक ओम प्रकाश व्याहुत (ओम जी), सचिव सुशील कुमार व्याहुत, अध्यक्ष संतोष कुमार व्याहुत, उपाध्यक्ष हरि भूषण प्रसाद (हरि जी), कोषाध्यक्ष मनोज कुमार एवं उमेश कुमार सहित समिति के समस्त सम्मानित सदस्यों के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सफल मंच संचालन सत्येंद्र कुमार सत्य ने किया।

# पटना में सीएम से व अपने विद्यालय में सम्मानित हुए मेधावी नीरज कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 का रिजल्ट पूर्व में ही जारी हो चुका है जिसमें रोहतास जिले के आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट के अर्जुन बिगहा गांव निवासी किसान लक्ष्मी सिंह के पुत्र नीरज कुमार ने 500 में 483 अंक लाकर बिहार में 8वां और रोहतास जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जिसको लेकर बीते 9 सितंबर 2026 को पटना के नेक संवाद भवन में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा नीरज को मेडल, प्रशस्ति पत्र, डायरी, बुक, लैपटॉप हेतु 51 हजार एवं 8वां स्थान लाने



पर 20 हजार का चेक देकर सम्मानित किया गया था। इस दौरान बीएसइबी अध्यक्ष, सचिव, उप मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। पटना में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने के बाद आज शनिवार को नीरज कुमार जब अपने गृह विद्यालय अशोक कुमार जैन प्लस टू उच्च विद्यालय दरिहट पहुंचे जहां से उन्होंने पढ़ाई की थी, तो विद्यालय परिवार द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, अनिल सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने माला पहनाकर, उपहार देकर दोबारा सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। प्रधानाध्यापक ने कहा कि नीरज ने साबित कर दिया कि ग्रामीण परिवेश से भी मेहनत के बल पर राज्य स्तर पर नाम रोशन किया जा सकता है। मौके पर छात्राओं के साथ-साथ सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# डीएम ने सदर अस्पताल सासाराम का किया औचक निरीक्षण

## मरीजों से मिल उनकी समस्याओं एवं अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा बीते शुक्रवार देर शाम सदर अस्पताल, सासाराम का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं चिकित्सकीय सेवाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने मॉडल अस्पताल, इमरजेंसी कक्ष, मातृ-शिशु वार्ड सहित विभिन्न विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अस्पताल में तीनों शिफ्ट के अनुसार चिकित्सकों व डॉक्टरों का ड्यूटी रोस्टर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए। अवकाश पर रहने वाले चिकित्सक के स्थान पर ड्यूटी करने वाले चिकित्सक का नाम भी रोस्टर में अंकित किया जाए। उन्होंने अस्पताल में



सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता एवं उनके उचित रख-रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को इलाज, जांच, दवा वितरण सहित सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा उनके साथ संवेदनशील एवं मानवीय व्यवहार सुनिश्चित हो। अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर डीपीएम, जीविका को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही अस्पताल परिसर में ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी विनय प्रताप, सिविल सर्जन डॉ. मणिराज रंजन एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. पुष्कर कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# डिहरी-आरा मुख्य नहर से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** जिले के डिहरी-आरा मुख्य नहर में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुआ गांव के समीप नहर से बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष के करीब है। कपड़ा गुलाबी रंग की हाफ टी-शर्ट और नीले रंग की जींस है कमर में काले रंग का बेल्ट है। घटना की सूचना मिलते ही अकोढ़ीगोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। इस संबंध में अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पहचान के लिए शव को सदर अस्पताल, सासाराम में सुरक्षित रखा जाएगा।

# बेटियों की शिक्षा सशक्त समाज की नींव : उपेंद्र कुशवाहा

## महिला कॉलेज डालमियानगर में बीसीए की पढ़ाई का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय महिला कॉलेज डालमियानगर में शनिवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। राज्यसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने महाविद्यालय में बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) की पढ़ाई का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कंप्यूटर लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया। लैब के शुरू होने से छात्राओं को तकनीकी एवं कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने में काफी सुविधा मिलेगी। समारोह को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने छात्राओं को उच्च शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान





हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'बेटियों की शिक्षा एक सशक्त समाज की नींव है। बेटी पढ़ेगी, तभी देश बढ़ेगा। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि आने वाले कल का सत्य है।' उन्होंने कहा कि बेटी की शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है जब एक बेटी शिक्षित होती है तो वह अपने साथ पूरे परिवार को शिक्षित और जागरूक करती है। शिक्षित बेटी केवल रोजगार हासिल नहीं करती, बल्कि अपने परिवार की सोच और भविष्य को भी बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ उपेंद्र कुशवाहा, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं बीसीए की छात्राओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संगीत विभाग की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उपासना ने पीपीटी के माध्यम से महाविद्यालय के इतिहास, वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी नीतू रानी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभाग की डॉ. रेनू ने किया। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी सहित कई नेता एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डिहरी व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शनिवार को डिहरी व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पांच बेंचों का गठन किया गया। प्रथम बेंच में रिचा कश्यप, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, सदस्य रीतेश कुमार, द्वितीय बेंच में अर्चना कुमारी, सिविल जज (जू.डि.), सदस्य अमर नाथ सिंह, तृतीय बेंच में कुमार तरुण, न्यायिक दंडाधिकारी, सदस्य ओमप्रकाश पांडेय, चतुर्थ बेंच में तुलिका शंकर, सदस्य राणा संदीप एवं पंचम बेंच में रवि शंकर प्रसाद, सदस्य रामनाथ राम रहे। लोक अदालत में 113 आपराधिक मामलों का सुलह के आधार पर निष्पादन किया गया। बैंक के 339 मामलों में कुल 1,57,65,717 रुपये का सेटलमेंट हुआ जिससे बैंकों को 40,23,667 रुपये प्राप्त हुए। वहीं वन विभाग के मामलों से 75,000 रुपये की वसूली हुई।

# ड्यूटी से गायब उपाधीक्षक डॉ. अभिनंदन कुमार निजी क्लिनिक में मिले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, विक्रमगंज द्वारा शनिवार अनुमंडलीय अस्पताल, विक्रमगंज का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अभिनंदन कुमार अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति को लेकर पूछताछ किए जाने पर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक द्वारा बताया गया कि डॉ. कुमार राष्ट्रीय लोक अदालत के कार्य हेतु गए हुए हैं। उक्त सूचना की सत्यता की जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा डॉ. कुमार के निजी क्लिनिक पहुंचकर सत्यापन किया गया जहां वे अपने निजी क्लिनिक में उपस्थित पाए गए जबकि अस्पताल में उनकी अनुपस्थिति दर्ज थी। स्वास्थ्य प्रबंधक द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में ड्यूटी पर जाने की दी गई जानकारी के



विपरीत उनका निजी क्लिनिक में पाया जाना प्रथम दृष्टया सरकारी कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही, बिना अनुमति कर्तव्यस्थल से अनुपस्थिति तथा विभागीय निर्देशों के उल्लंघन को दर्शाता है। सरकारी चिकित्सक द्वारा निर्धारित सरकारी ड्यूटी अवधि में निजी क्लिनिक में उपस्थित पाए जाने की घटना को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। प्रशासन के अनुसार मामले में संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण प्राप्त कर तथ्यों का सत्यापन किया जाएगा तथा विभागीय नियमों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों एवं कर्मियों की समय पर उपस्थिति तथा मरीजों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और ड्यूटी में अनधिकृत अनुपस्थिति, कर्तव्य के प्रति लापरवाही अथवा सरकारी दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि स्वास्थ्य व्यवस्था में अनुशासन बना रहे और आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# जनता दरबार में तीन मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** रोहतास प्रखंड अंतर्गत रोहतास अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचलाधिकारी ललिता कुमारी एवं थानाध्यक्ष ललन कुमार ने संयुक्त रूप से की। जनता दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों की शिकायतों और आवेदनों को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल तीन आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने बारी-बारी से तीनों मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित पक्षों की बात सुनी और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की।

# हरतालिका तीज पर बाजारों में चहल-पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** हरितालिका तीज पर्व को लेकर बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है जहां सुहागिन महिलाओं की भारी भीड़ विक्रमगंज चौक के सासाराम रोड सहित शहर के सभी प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र पूरी तरह गुलजार हो गए हैं और सुबह से ही पूजन सामग्री, फल-फूल, माला, नारियल, मिठाई तथा श्रृंगार प्रसाधनों की दुकानों पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची है, वहीं कपड़ा व्यवसायियों के चेहरे भी इस त्योहारी सीजन में खिले हुए हैं क्योंकि महिलाएं पारंपरिक लाल, हरी, पीली और चुनरी प्रिंट की साड़ियां, लहंगों तथा सूटों की जमकर खरीदारी कर रही हैं, श्रृंगार-प्रसाधन के दुकानों पर महिलाओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं और दुकानदारों का कहना है कि इस पहल से उनकी बिक्री में दोगुना इजाफा हुआ है। बाजार में आई महिलाओं ने बताया कि तीज सुहाग और श्रृंगार का पर्व है इसलिए नई साड़ी के साथ हाथों में रची मेहंदी इस खुशी को दोगुना कर देती है। वहीं भारी भीड़ के कारण शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था धीमी पड़ गई है जिसे सुचारू करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। व्यापारियों का मानना है कि तीज के बाद आने वाले दुर्गा पूजा और दीपावली को देखते हुए यह भीड़ बाजार के लिए शुभ संकेत है और आने वाले दिनों में कारोबार और भी बढ़ने की उम्मीद है।

# नेहरू कॉलेज में पेवर ब्लॉक व शेड का विधायक ने किया उद्घाटन

## विधायक निधि से 9.18 लाख की लागत से हुआ निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में शनिवार को विधायक निधि से करीब 9 लाख 18 हजार रुपये की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक एवं शेड का उद्घाटन विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने किया। इस सुविधा के शुरू होने से महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को बाइक व साइकिल रखने के साथ-साथ आवागमन एवं बैठने की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. शैलेंद्र कुमार ओझा ने की। उन्होंने विधायक निधि से पेवर ब्लॉक एवं शेड निर्माण को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे कॉलेज आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुट ओवरब्रिज तथा कॉलेज परिसर में एआई लैब के निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी। फुट ओवरब्रिज की मांग पर विधायक सोनू सिंह ने आगे की प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया।



उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए उनका हरसंभव सहयोग जारी रहेगा। कॉलेज गेट के पास फुट ओवरब्रिज बनने से छात्र-छात्राओं को सड़क के दक्षिणी हिस्से से उत्तरी हिस्से में आने-जाने में सुविधा होगी तथा उनका आवागमन भी सुरक्षित हो सकेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाचार्य ने विधायक को अंगवस्त्र, बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राधा रमन सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. कमल नयन सिंह, बसंर डॉ. फरीद आलम, डॉ. शशि शेखर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लेखापाल राधा रमन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, प्रधान सहायक जितेंद्र कुमार सिंह, अच्युतानंद तिवारी, अशोक सिंह, राहुल देव, जदयू के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. अरुण शर्मा, दीपक शर्मा, अंबुज सिंह, यश उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विभागीय निर्देशानुसार 1 से 15 सितंबर तक राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाना एवं स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन करने का निर्देश प्राप्त है। उक्त निर्देश के आलोक में स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के बीच निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 5 से 8 के छात्राओं के बीच पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानाध्यापक ने छात्रों को बताया कि हमें आज स्वच्छता को अपनाना होगा क्योंकि स्वच्छ रहकर ही हम स्वस्थ रह सकते है। कहा भी गया है कि स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। आधुनिक जीवन शैली का अभिन्न अंग है स्वच्छता। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ हमें घर विद्यालय और आसपास के वातावरण को साफ रखने की जिम्मेदारी तय करनी होगी स्वच्छ वातावरण से बीमारियों का प्रकोप कम होता है एवं बच्चों में स्वस्थ जीवन शैली एवं अच्छे संस्कार विकसित होते हैं। कार्यक्रम प्रधानाध्यापक की देखरेख में संपन्न कराई गई। बच्चों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग पर विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिका चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नसरीन सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता ने प्रशंसा की।

# सफाई के दावों की खुली पोल, औसानी नदी किनारे कचरे का अंबार

## चार साल बाद भी स्थायी कचरा निस्तारण की व्यवस्था नहीं, दुर्गंध से राहगीर व नगरवासी परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** नगर पंचायत रोहतास में सफाई व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों के बीच औसानी नदी के आसपास पसरी गंदगी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। शहर से निकलने वाले कचरे को नदी के आसपास डाले जाने से यहां कचरा का बड़ा अंबार लग गया है। इससे दुर्गंध और प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है जबकि नगर पंचायत गठन के करीब चार वर्ष बीतने के बाद भी स्थायी कचरा निस्तारण की व्यवस्था नहीं होने की बात सामने आ रही है। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि



इसी रास्ते से रोहतास किला, चौरासन शिव मंदिर सहित अन्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर लोग आते-जाते हैं। सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले महिला-पुरुष भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। कचरे के ढेर से उठने वाली दुर्गंध के बीच लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जितिया, तीज और छठ जैसे आस्था के पर्वों पर महिलाएं इसी रास्ते से औसानी नदी में स्नान करने जाती थीं, लेकिन कचरे के कारण रास्ता बाधित होने से अब परेशानी होती है। बारिश के बाद स्थिति और बदतर हो जाती है तथा आसपास बदबू फैलने लगती है। नगर पंचायत वासियों द्वारा इस समस्या को कई बार उठाया जा चुका है। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं होने पर लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर नगर पंचायत प्रशासन कचरा निस्तारण की समस्या का समाधान कब करेगा। आंधी-तूफान में प्लास्टिक सहित हल्का कचरा उड़कर आसपास के कब्रिस्तान तक पहुंच रहा है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल कचरा हटाने के साथ वैज्ञानिक एवं स्थायी निस्तारण की व्यवस्था कराने की मांग की है।


**प्रपत्र VI 'क' समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

अधिसूचना संख्या 589/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 03.09.2026

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–दुलदुलवा, थाना नं0–378, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **PWD पथ बरवाडीह से सिगसिगाकला पी0डब्लू0डी0 पथ भाया सिगसिगा खुर्द–चफला–पेंदली–पे[illegible]का–दुलदुलवा पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–दुलदुलवा, थाना नं0–378, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.03700 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00800 | चन्दा देवी पति– स्व0 हिरालाल पासी | उ0 संदीप कुमार बहेलिया द0 मौजा कतरी पु0 रास्ता पं0 नीज |
| 2 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00600 | संदीप कुमार बहेलिया पिता– जमुना बहेलिया | उ0 शंकर पासी द0 चन्दा देवी पु0 रास्ता पं0 नीज |
| 3 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00600 | शंकर पासी पिता– हकनु मिस्कार | उ0 राधेकृष्ण पासी द0 संदीप कुमार पु0 रास्ता पं0 नीज |
| 4 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00100 | राधा कृष्ण पासी पिता– केशर मिस्कार | उ0 बंशी पासी द0 शंकर पासी पु0 रास्ता पं0 नीज |
| 5 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00600 | बंशी पासी पिता– केशर मिस्कार | उ0 सुरेश पासी द0 राधेकृष्ण पासी पु0 रास्ता पं0 नीज |
| 6 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00400 | सुरेश पासी पिता–नन्हकु मिस्कार | उ0 प्रयाग पासी द0 बंशी पासी पु0 रास्ता पं0 नीज |
| 7 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00300 | प्रयाग पासी पिता– नन्हकु मिस्कार | उ0 सुरेन्द्र पासी द0 सुरेश पासी पु0 रास्ता पं0 नीज |
| 8 | 130 | 624 | रैयती | – | 0.00300 | सुरेन्द्र पासी पिता– नन्हकु मिस्कार | उ0 श्यामलाल मिस्कार द0 प्रयाग पासी पु0 रास्ता पं0 नीज |
| | | | | कुल :– | **0.03700** | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अंचल निरीक्षक–सह–कानूनगो, श्री सौरभ आनंद एवं अमीन फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | कानूनगो, जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR 389709 (Land Reforms)26-27*D

# रोटरी क्लब ऑफ नवादा का 26 वां पदस्थापना दिवस समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 26वां पदस्थापना दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में नए सत्र के लिए नीरज लोहानी को अध्यक्ष तथा प्रह्लाद प्रसाद को सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई। रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग की मौजूदगी में आयोजित कॉलर चेंज कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपना कॉलर नीरज लोहानी को पहनाकर अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी। वहीं निवर्तमान सचिव आदित्य कुमार ने सचिव का कॉलर प्रह्लाद प्रसाद को सौंपा।



समारोह को संबोधित करते हुए नए अध्यक्ष नीरज लोहानी ने आगामी वित्तीय वर्ष के कार्यक्रमों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ नवादा को सेवा कार्यों के माध्यम से डिस्ट्रिक्ट 3250 में सर्वश्रेष्ठ क्लब बनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नए कार्यक्रम चलाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान रोटेरियन आरपी साहू, रोटेरियन वजीर प्रसाद, रोटेरियन नीरज लोहानी और रोटेरियन डॉ. मनोज कुमार ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के समक्ष मेजर डोनर बनने की घोषणा की। वहीं रोटरी क्लब ऑफ नवादा में 60 से अधिक सदस्य होने पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग ने क्लब को बधाई दी।

इससे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग ने उपस्थित रोटेरियनों को रोटरी के कार्यों, उद्देश्यों और सेवा के लक्ष्यों की जानकारी दी। समारोह में 10 नए लोगों ने रोटरी क्लब की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए सदस्यों को बैच लगाकर क्लब में स्वागत किया गया। पदस्थापन समारोह से पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनु नारंग द्वारा सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरओ वाटर सिस्टम लगाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। पड़ोसी जिलों से आए रोटेरियनों का भी स्वागत किया गया।

# संगीत भारतीय संस्कृति की आत्मा : डॉ. अनुज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिसुआ**। मॉडर्न शैक्षिक समूह की शाखा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, हिसुआ के सभागार में बनारस घराने के प्रख्यात बांसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना की शास्त्रीय संगीत प्रस्तुति ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही पंडित प्रसन्ना ने बांसुरी पर प्रथम स्वर फूंका, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बांसुरी से निकली मधुर तान और मनमोहक आलाप ने वातावरण को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उनकी प्रस्तुति के माध्यम से आत्मिक शांति एवं आनंद का अनुभव किया। प्रस्तुति के दौरान तबले पर अभिषेक मिश्रा ने शानदार संगत की। बांसुरी और तबले की उत्कृष्ट जुगलबंदी ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा कर दिया। दोनों कलाकारों के बीच सुर और ताल का अद्भुत सामंजस्य देखने को मिला। प्रस्तुति के दौरान पूरा सभागार तालियों की गूंज से उत्साहित रहा। वहीं श्री संगम ने भी अपने गुरु पंडित राजेंद्र प्रसन्ना के साथ बांसुरी पर शानदार जुगलबंदी प्रस्तुत कर




गुरु-शिष्य परंपरा की सुंदर झलक पेश की। इस अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ. अनुज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संगीत हमारी समृद्ध सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। संगीत मनुष्य को भीतर से समृद्ध करने के साथ-साथ अनुशासन, एकाग्रता और संवेदनशीलता का भाव विकसित करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ भारतीय कला, संस्कृति और संगीत की महान परंपराओं से जोड़ना भी शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। पंडित राजेंद्र प्रसन्ना जैसे महान कलाकारों का विद्यालय में आगमन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी अवसर है। ऐसी प्रस्तुतियां नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मिखाइल चौधरी, शिक्षक सुधीर झा, विज्ञान शिक्षक गोपाल कृष्ण, प्रभात कुमार, वीरेंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, समीर मैटी, राजेश कुमार एवं गगन कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पंच सरपंच संघ का धरना प्रदर्शन

**अकबरपुर**। पंच सरपंच संघ के निर्देशानुसार प्रखंड मुख्यालय परसरपंच संध के प्रखंड अध्यक्ष मंजु देवी के प्रतिनिधि श्रवण कुमार द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने किया। धरना स्थल अकबरपुर संरपंच सघ के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों के समर्थन में बीडीओ को एक छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें वेतन, भत्ता और सुरक्षा की गारंटी दी जाए। पिछले 15 माह के बकाया वेतन व भत्ते का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगों संघ द्वारा उठाई गई। कहा गया छह सूत्री मांगों को तुरंत पूरा किया जाए। मौके पर श्याम सुन्दर सिह कविता देवी समेत अन्य पंच,सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मगही भाषा हमारी संस्कृति की गौरवशाली धरोहर : रवि गुप्ता

**नवादा**। मगही मगध नागरिक संघ के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर मगही भाषावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर मगही भाषा के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान को लेकर लोगों से एकजुट होकर प्रयास करने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार बिहार के भोजपुर क्षेत्र में भोजपुरी तथा मिथिलांचल में मैथिली भाषा वहां की पहचान और गौरव का प्रतीक है, उसी प्रकार मगध क्षेत्र की मगही भाषा भी यहां की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक पहचान की अभिन्न धरोहर है। मगही भाषा का इतिहास समृद्ध रहा है और यह मगध की लोक संस्कृति तथा जनजीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। मगही भाषा को सम्मान, संरक्षण और व्यापक पहचान दिलाने की मुहिम में भाजपा नेता रवि गुप्ता के भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़े होने की बात कही गई। उन्होंने मगही भाषा के विकास के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया।

### पंच सरपंच संघ का धरना

**नारदीगंज,नवादा**। जिला पंच सरपंच संघ के निर्देशानुसार प्रखंड मुख्यालय नारदीगंज में संघ के प्रखंड इकाई नारदीगंज द्वारा शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रवेश रविदास ने किया। धरना स्थल नारदीगंज में सरपंच संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों के समर्थन में बीडीओ को एक छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें वेतन, भत्ता और सुरक्षा की गारंटी दी जाए। पिछले 15 माह के बकाया वेतन व भत्ते का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगों संघ द्वारा उठाई गई । कहा गया छह सूत्री मांगों को तुरंत पूरा किया जाए। मौके पर सरपंच डिम्पल शर्मा, मदन मोहन प्रसाद, रिंकी देवी, सलमा खातून, राजो राम साहेब, कपिल सिंह समेत अन्य पंच, सरपंच प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्राकृतिक खेती से घटेगी खेती की लागत

**कौआकोल**। कृषि विज्ञान केंद्र, सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के परिसर में आयोजित पांच दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। राष्ट्रीय मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण में चार कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों,प्राकृतिक खाद निर्माण, बीज उपचार एवं जैविक तरीके से कीट नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद चारों कृषि सखियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक एवं रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। लगातार रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तथा किसानों की खेती की लागत भी बढ़ती जा रही है। प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों को कम लागत में बेहतर एवं टिकाऊ उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की लागत कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मिट्टी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कृषि सखियों को ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती के प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों और विशेषकर महिला किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों के प्रति जागरूक करें।

# बीआरसी में उत्तर पुस्तिका वितरण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर** । प्रखंड संसाधन केंद्र अकबरपुर में विद्यार्थियों की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। शनिवार को बीआरसी परिसर में संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई गई। वितरण कार्य को लेकर केंद्र पर सुबह से ही शिक्षकों की आवाजाही बनी रही।

शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार प्रखंड के सभी विद्यालयों के लिए आवश्यक संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं को व्यवस्थित कर संबंधित शिक्षकों को सौंपा जा रहा है। वितरण से पहले उत्तर पुस्तिकाओं की गिनती और आवश्यक अभिलेखों का मिलान किया गया। विद्यालयवार सूची के आधार पर ही



उत्तर पुस्तिकाएं दी जा रही हैं, ताकि किसी प्रकार की कमी या अनियमितता की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विधानंद कुमार ने बताया कि प्रथम,व दुसरा क्लास के बच्चे को मौखिक परीक्षा ली जायेगी तथा तीसरा चतुर्थ व पंचम क्लास 11,247 बच्चे को चार विषय का परीक्षा होगा वही छठा,सप्तम,अष्टम के 12,222 बच्चो को छह विषय की परीक्षा ली जायेगी. बीआरसी के कर्मी नागमणी व राजधर्म ने बताया कि सभी विद्यालयों को निर्धारित संख्या के अनुसार उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विद्यालयों से आए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। शिक्षकों से कहा गया कि वे प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या का मिलान करने के बाद ही उन्हें अपने साथ ले जाएं और विद्यालय पहुंचने पर सुरक्षित स्थान पर रखें। उत्तर पुस्तिका वितरण शुरू होने से परीक्षा से जुड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। विद्यालयों में परीक्षा की तैयारी को लेकर भी गतिविधियां बढ़ गई हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें समय पर विद्यालय पहुंचने और निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

# सोखोदेवरा में पुलिस–पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव के निर्देश पर शनिवार को कौआकोल थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा स्थित जेपी आश्रम के राजेंद्र भवन में पुलिस–पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता कौआकोल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना था। इस दरम्यान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना तथा



कानून-व्यवस्था,अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। थानाध्यक्ष ने लोगों से पुलिस-जन सहयोग को मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में आम जनता की सहभागिता महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने लोगों से आपराधिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित होता है तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान में मदद मिलती है। मौके पर एसआई अजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन की व्यापक तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। हिसुआ थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर नवादा पुलिस एवं जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा की ओर से 12 सितंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए गए हैं। पुलिस के अनुसार हिसुआ थाना में पुलिस की लगातार दबिश के परिणामस्वरूप 11 सितंबर को चार अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद सभी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अब तक कुल नौ अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। विधि-व्यवस्था को लेकर 09 सितंबर को जिला दंडाधिकारी, नवादा एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में हिसुआ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं सामाजिक समन्वय बनाए रखने तथा आपसी विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों एवं स्थानीय नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना प्रसारित नहीं करने की अपील की है। साथ ही प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने को कहा गया है। शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने भी आश्वासन दिया है कि 13 सितंबर को किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना अथवा अन्य कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा तथा बीएनएसएस की धारा 163 के प्रावधानों का पूर्ण पालन किया जाएगा।

पुलिस एवं प्रशासन द्वारा लगातार सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है।

## नालंदा

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सैकड़ों मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा**। अनुमंडल न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में वर्षों से लंबित मुकदमों और विभिन्न प्रकार के विवादों का दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही समाधान कराया गया। सुबह से ही अपने मामलों के निष्पादन के लिए फरियादियों की भीड़ न्यायालय परिसर में जुटने लगी।लोक अदालत में दीवानी मामलों के साथ बैंक ऋण, बिजली बिल विवाद, आपराधिक शमनीय विवाद और पारिवारिक मामलों की सुनवाई हुई। न्यायिक पदाधिकारियों एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों की पीठ ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कराते हुए आपसी सहमति से मामलों का निपटारा कराया।बैंक ऋण वसूली, बिजली विभाग से जुड़े विवाद और आपसी रंजिश के मामलों समेत सैकड़ों मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया। लोक अदालत के माध्यम से लोगों को लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया, समय और आर्थिक खर्च से राहत मिली। वहीं, पारिवारिक एवं आपसी विवादों के समाधान से कई परिवारों में भी सुलह का रास्ता खुला।अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य आम लोगों को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। लोक अदालत में आपसी सहमति से हुए निपटारे के बाद विवाद का स्थायी समाधान हो जाता है। मामलों का समाधान पाकर लौट रहे लोगों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ नजर आई।

### जनता दरबार में पहुंचे भूमि विवाद के पांच मामले

**हरनौत**। प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचलाधिकारी कक्ष में शनिवार को भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निपटारे को लेकर जनता दरबार लगाया गया। इसमें जमीन-जायदाद से संबंधित पांच मामले पहुंचे। हालांकि, संबंधित मामलों में दोनों पक्षों की मौजूदगी नहीं होने के कारण एक भी मामले का मौके पर निष्पादन नहीं हो सका।अंचलाधिकारी रीता कुमारी ने बताया कि जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े पांच मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने मौजूद पक्ष की समस्याएं सुनीं और मामलों की जांच कराने का निर्देश दिया। लेकिन सभी मामलों में केवल एक-एक पक्ष ही उपस्थित हुआ। दूसरे पक्ष के अनुपस्थित रहने के कारण आपसी सहमति नहीं बन सकी और मामलों का निष्पादन लंबित रह गया।सीओ ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य भूमि विवाद समेत स्थानीय स्तर के छोटे-मोटे विवादों का आपसी समझौते के माध्यम से समाधान कराना है। इससे विवाद को बढ़ने से रोकने के साथ लोगों को अनावश्यक रूप से कोर्ट-कचहरी का चक्कर लगाने से भी राहत मिल सकती है।उन्होंने कहा कि जमीन-जायदाद, रास्ते तथा अन्य आपसी विवादों में अंचलाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्ष दोनों पक्षों की बात सुनकर समाधान का प्रयास करते हैं। दोनों पक्षों की उपस्थिति रहने पर मामलों के त्वरित निष्पादन की संभावना बढ़ जाती है।जनता दरबार में हरनौत थानाध्यक्ष नीरज कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी, अंचलकर्मी एवं अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर नवल किशोर यादव ने किया संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद प्रो. नवल किशोर यादव ने गिरियक एवं कतरीसराय प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याओं, विद्यालयों की स्थिति और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।कार्यक्रम की शुरुआत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पोखरपुर से हुई। इसके बाद प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय गिरियक एवं प्लस टू विद्यालय गिरियक में शिक्षक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद कतरीसराय के प्लस टू उच्च विद्यालय कटौना में प्रखंड के माध्यमिक एवं उच्चतर




माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के साथ समेकित संवाद हुआ।विधान पार्षद ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके हित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था के लिए शिक्षकों को आवश्यक सुविधाएं और सम्मान मिलना जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों को आगाह करते हुए कहा कि चुनाव में वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन दिए जा रहे हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की अपील की।मौके पर अजीत यादव, मोजम हसन, एखलाक अहमद, भारतेंदु कुमार, प्रो. बलिराम प्रसाद, प्रो. विजय कुमार पांडेय, सुरेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, संजय कुमार समेत दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# सड़क, रेल दुर्घटना व यातायात नियमों को लेकर बच्चों को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सरमेरा**। प्रखंड स्थित मनोरंजन मध्य विद्यालय चेरों में मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को सफलतापूर्वक किया गया। इसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नकी हसन अय्यूबी ने दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं से बचाव तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही मॉकड्रिल के माध्यम से दुर्घटना की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों का अभ्यास कराया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि आपदा प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के



संयुक्त निर्देश के तहत प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों को आपदा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना तथा आपात स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी देना है।नोडल शिक्षक सतीश प्रसाद के नेतृत्व में बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के तरीके, यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित आवागमन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मॉकड्रिल के जरिए बच्चों को दुर्घटना के समय तत्काल उठाए जाने वाले कदम भी समझाए गए। इस अवसर पर पुरुषोत्तम विश्वास, लालजी कुमार, शंभू कुमार, चंद प्रकाश, मोनी कुमारी, चंद्रशेखर रविदास, सर्वोत्तम कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# प्लस टू विद्यालय में तीन कमरों में 513 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रहुई**। पंचायत स्तर पर प्लस टू विद्यालय खोलकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के शिक्षा विभाग के दावों के बीच मोरातालाब स्थित प्लस टू विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का अभाव विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पर्याप्त भवन और वर्ग कक्ष नहीं होने से विद्यालय में माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक स्तर की पढ़ाई महज तीन कमरों में संचालित की जा रही है।विद्यालय में कुल 513 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि प्रधानाध्यापक समेत 14 शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। यहां वर्ष 2020 से माध्यमिक और 2022 से उच्चतर माध्यमिक की पढ़ाई शुरू हुई, लेकिन विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में कमरे उपलब्ध नहीं हैं। सीमित जगह के कारण एक ही कमरे में दो-दो कक्षाओं के विद्यार्थियों को बैठाकर पढ़ाना



पड़ रहा है। इससे बच्चों को पर्याप्त जगह नहीं मिलती और शिक्षकों को भी पठन-पाठन कराने में परेशानी होती है। प्रधानाध्यापक डॉ. आमीन अहमद ने बताया कि कमरों की कमी के कारण वर्ग संचालन चुनौती बना हुआ है। प्रधानाध्यापक का कार्यालय भी बरामदे को घेरकर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की अपनी भूमि का भी कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है। समस्या को लेकर बीईओ से लेकर डीपीओ (समग्र शिक्षा) तक पत्राचार किया गया है।डीपीओ सह बीईओ विकास कुमार डीएन ने बताया कि समस्या को लेकर राज्य स्तर पर बिहार शैक्षणिक आधारभूत संरचना को पत्राचार किया गया है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराने के साथ जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# आस्था और आध्यात्म से दूर होता है जीवन का अंधकार : आचार्य सत्यवर्तानंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**परवलपुर**। प्रगतिशील मगही समाज के बैनर तले शनिवार को स्थानीय बाजार स्थित धर्मशाला भवन में एक दिवसीय भागवत धर्म कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष, छात्र-छात्राएं एवं भागवत धर्म के प्रेमियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य सत्यवर्तानंद जी ने कहा कि दुर्लभ मानव जीवन में व्यक्ति निजी स्वार्थ में पड़कर मानवीय प्रवृत्तियों को भूल जाता है। भोग-विलास में अपना बहुमूल्य जीवन व्यर्थ गंवा देता है। उन्होंने कहा कि जीवन के यथार्थ और वास्तविकता को समझते हुए धर्म के मार्ग पर चलने से मनुष्य के जीवन का अंधकार दूर होता है और उसमें ज्ञान का प्रकाश आता है।शिक्षाविद सह आयोजक रामचंद्र प्रसाद राही ने कहा कि आस्था और धर्म व्यक्ति



को आदर्श मार्ग पर चलना सिखाते हैं। महिला-पुरुष के साथ ही छात्र-छात्राओं और युवाओं को भी अध्यात्म के मार्ग पर चलना चाहिए। इससे समाज में संस्कार और सकारात्मक सोच का विकास होता है।मौके पर आचार्य पुणेशानंद, आचार्या स्नेहमया, शिक्षाविद मिथलेश प्रसाद, दिलीप कुमार वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने अपने विचार रखे।

### बिजली तार चोरी से 200 से 250 एकड़ में लगी फसल की सिंचाई पर संकट

**नगरनौसा**। नगरनौसा गांव के किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए लगाई गई बिजली की तार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने से किसानों के सामने धान की फसल को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। तार चोरी होने के कारण खेतों में सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई है। किसानों को आशंका है कि समय पर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो करीब 200 से 250 एकड़ में लगी धान की फसल प्रभावित हो सकती है।इस संबंध में किसान दिलीप कुमार, रंजीत कुमार, जीरानी पासवान, वैजामीत सिंह, उमेश प्रसाद, धनराज प्रसाद, अरविंद प्रसाद, लाल बाबू प्रसाद, नरेश प्रसाद एवं सुजीत कुमार समेत अन्य किसानों ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।किसानों ने बताया कि खेती ही उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन है। कड़ी मेहनत और उम्मीद के साथ धान की फसल तैयार की जा रही है। इसी बीच बीती रात अज्ञात चोरों ने खेतों में सिंचाई के लिए लगी बिजली की तार चोरी कर ली। तार चोरी होने के बाद खेतों तक बिजली पहुंचना बंद हो गया है, जिससे धान की सिंचाई प्रभावित हो रही है।किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए समय पर पानी मिलना बेहद जरूरी है। यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो बड़े क्षेत्र में लगी फसल को नुकसान हो सकता है। इससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ सकती है और उनके परिवार की आजीविका भी प्रभावित होने की आशंका है।किसानों ने अधिकारियों से घटना की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कराने, तार चोरी की घटना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा खेतों की बिजली आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय रहते बिजली व्यवस्था बहाल होने से उनकी फसल को बचाया जा सकता है।

### डूबने से किसान की मौत

**हिलसा**। थाना क्षेत्र के बारा बीघा गांव स्थित कोराना पुल के समीप पैन में डूबने से एक अधेड़ किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान बारा बीघा गांव निवासी स्वर्गीय छोटन जमादार के पुत्र सुधीर जमादार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। जानकारी के अनुसार, सुधीर जमादार शुक्रवार शाम खेतों की निगरानी करने के लिए घर से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिवार के लोगों ने आसपास के खेतों और इलाके में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।शनिवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने कोराना पुल के समीप पैन में एक शव को तैरते देखा। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शव की पहचान सुधीर जमादार के रूप में की गई। आशंका जताई जा रही है कि खेत से लौटने के दौरान पैर फिसलने से वे पैन के गहरे पानी में गिर गए होंगे और डूबने से उनकी मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### लोकायन का जलस्तर घटा, मछुआरों के कारोबार में लौटी रौनक

**हिलसा**। लोकायन नदी में पानी का स्तर कम होते ही तटीय इलाकों में आर्थिक गतिविधियां एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगी हैं। जलस्तर में गिरावट के बाद स्थानीय मछुआरों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ गए हैं। पिछले कई दिनों से मंदी की मार झेल रहे मछुआरे अब तड़के सुबह से ही नदी में जाल डालकर ताजी मछलियां पकड़ने में जुट गए हैं। नदी से निकलने वाली ताजी मछलियों की बिक्री का प्रमुख केंद्र इन दिनों रेड़ी पुल बन गया है। सुबह से शाम तक पुल के आसपास अस्थायी मछली मंडी जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के गांवों और शहरी क्षेत्रों से भी खरीदार सीधे रेड़ी पुल पहुंचकर ताजी मछलियां खरीद रहे हैं।

# पितृपक्ष मेला को लेकर गयाजी रेलवे स्टेशन की तैयारियों का डॉ. प्रेम कुमार ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** आगामी विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2026 को लेकर गयाजी में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए की जा रही तैयारियों का बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गयाजी रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, होल्डिंग एरिया, टिकट काउंटर तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गयाजी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्यों को मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में स्टेशन पर सात प्लेटफॉर्म तैयार हैं। तीर्थयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं की क्षमता वाला आधुनिक होल्डिंग एरिया तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को टिकट लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए 10 टिकट काउंटर के साथ अतिरिक्त टिकट काउंटरों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 7 एटीवीएम मशीन तथा 3 एमयूटीएस मशीन लगाए गए हैं। इससे पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को टिकट लेने में सुविधा मिलेगी और स्टेशन पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला को लेकर जिला प्रशासन द्वारा भी व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। स्वास्थ्य, सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष लगभग 80 हजार तीर्थयात्री ट्रेन के माध्यम से गयाजी रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संभावित बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा तीन अतिरिक्त ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही दो अतिरिक्त मेमू ट्रेनें भी तैयार रखी गई हैं जिन्हें आवश्यकता के अनुसार चलाया जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को गयाजी रेलवे स्टेशन पर कम करने के उद्देश्य से पुनपुन घाट एवं अनुग्रह नारायण हाल्ट पर ट्रेनों का ठहराव भी निर्धारित किया गया है। इससे यात्रियों को वैकल्पिक स्थानों पर उतरने की सुविधा मिलेगी और गयाजी रेलवे स्टेशन पर भीड़ का दबाव कम होगा। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए आरपीएफ के 200 जवान एवं सीआरपीएफ के 200 जवान तैनात किए गए हैं। एक शिफ्ट में लगभग 60 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी। स्टेशन परिसर में भीड़ नियंत्रण, यात्रियों की सुरक्षा और आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला गयाजी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण पर्व है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु यहां अपने पितरों के मोक्ष एवं तर्पण के लिए आते हैं। हमारा प्रयास है कि श्रद्धालुओं को गयाजी पहुंचने से लेकर पिंडदान एवं वापस लौटने तक बेहतर सुविधाएं, सुरक्षित वातावरण और सुगम यातायात उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला के दौरान रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, स्वास्थ्य सुविधा, शौचालय, सुरक्षा एवं यात्री सहायता केंद्र की व्यवस्था निरंतर प्रभावी रूप से सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 654 मामलों का निबटारा, 76.33 लाख रुपये का समझौता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया डॉ. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर शनिवार को अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, शेरघाटी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकृति के कुल 654 मामलों का निष्पादन किया गया। बैंक से जुड़े 271 मामलों में कुल 76,33,070 रुपये का समझौता हुआ। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए पांच बेंच गठित किए गए थे। इनमें एससीजीएम-प्रथम राजेश कुमार सिंह, एससीजीएम-द्वितीय प्रीति कुमारी, एसडीजेएम आलोक कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मोहम्मद एहसान रशीद एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में बेंचों का गठन किया गया। संबंधित बेंचों में पैनल अधिवक्ताओं ने भी सहयोग किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जिला जज प्रथम-सह-अध्यक्ष, अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी लवकुश कुमार ने किया। मौके पर एसडीओ शेरघाटी जतिन कुमार, एसडीपीओ, न्यायिक पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता, बार एसोसिएशन के सचिव सुधीर कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। लोक अदालत में बैंक के 271 मामलों के अलावा बीएसएनएल के चार, ग्राम कचहरी एवं अन्य सुलहनीय मामलों से जुड़े 325 मामलों तथा 54 ट्रैफिक चालान का भी निष्पादन किया गया। भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भूमि विकास बैंक, मगध कॉपरेटिव बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूको बैंक और बिहार ग्रामीण बैंक समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा माइंस एंड मिनरल्स, वन, माप-तौल, श्रम, ट्रैफिक एवं डीटीओ विभाग से जुड़े मामलों का भी निपटारा किया गया। इस बार एसडीओ स्तर से भी लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निष्पादन की पहल की गई।

# मास्टर प्लान बनाकर गुरारू बाजार को विकसित करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** बाजार के कुछ बुद्धजीवियों एवं समाजसेवियों से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को सुझाव देते हुए मास्टर प्लान बना कर बाजार को विकसित करने की मांग की है। इस संबंध में बताया गया कि बाजार में चौराहे पर प्रतिदिन घंटों जाम लगा रहता है जिससे आमजन सहित पुलिस-प्रशासन को काफी परेशानियां होती है। यदि परैया रोड में परैया से गुरारू आने के दौरान बुढ़वा महादेव से पहले राघव यादव के मकान से दक्षिण वाली सड़क जो बाक्स बाबा रोड होते सीधे सूर्य मंदिर के पास स्टेट हाईवे गुरारू-मथुरापुर सड़क से जुड़ जाती है। विकसित कर दिया जाए और मथुरापुर रूट में जाने वाली छोटी गाड़ियां स्वतः इस रूट को पकड़ लेंगी। इस ओर से चौक जाम की समस्या बंद होगी। आगे रफीगंज-गुरारू रोड में पूर्व जिला परिषद सदस्य मोती सिंह के मकान से दक्षिण दशरथ विगहा - सर्वोदय हाई स्कूल सड़क को विकसित कर दिया जाए और छोटी गाड़ियां जो मथुरापुर की ओर जाना चाहती हो इस सड़क को पकड़ लें।

# पितृपक्ष मेला को ले यातायात, परिवहन एवं पार्किंग कोषांग की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** समाहरणालय सभागार गया में पितृपक्ष मेला 2026 की तैयारियों के मद्देनजर यातायात, परिवहन एवं पार्किंग कोषांग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन एवं नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा की गई। बैठक में यातायात, परिवहन एवं पार्किंग कोषांग के सभी संबंधित पदाधिकारी, नामित पुरोहित/सदस्य महेश लाल गुपुत, अमरनाथ राय एवं मणि लाल बारीक उपस्थित रहे। बैठक में अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन ने पितृपक्ष मेला 2026 की महत्ता को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि मेला से संबंधित सभी तैयारियों एवं कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर दुरुस्त व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात द्वारा पितृपक्ष मेला के दौरान लागू किए जाने वाले ट्रैफिक प्लान और विभिन्न चिन्हित पार्किंग स्थलों की व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यातायात के सुचारू संचालन, वाहनों के व्यवस्थित आवागमन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग एवं यातायात प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान महेश लाल गुपुत द्वारा सभी पार्किंग स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। इस पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि सभी चिन्हित पार्किंग स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया जा चुका है तथा आवश्यकता के अनुरूप बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# 42 घंटे बाद अदोपुर गांव पहुंचा युवक का शव, उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गाजियाबाद में हादसे में मृत युवक का शव शनिवार सुबह 9 बजे एंबुलेंस से गांव पहुंचा। शव आते ही देखने के लिए हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। आंती थाना क्षेत्र के अदोपुर गांव निवासी वृजमोहन यादव (28) की गुरुवार को गाजियाबाद में तार कंपनी में काम के दौरान गले में तार लिपटने से मौत हो गई थी। मौत के 42 घंटे बाद शव गांव लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी कविता देवी का रो-रोकर बुरा हाल रहा और वह बार-बार बेहोश हो रही थी। मृतक पिछले आठ वर्षों से परिवार के साथ गाजियाबाद में रहता था। वह चार भाइयों में एक था। छह साल पहले एक भाई की मौत करंट लगने से हो गई थी जबकि दो अन्य भाई बाहर मजदूरी करते हैं। इस मौके पर पंसस प्रतिनिधि ध्रुवेश यादव सहित हजारों कई ग्रामीण मौजूद थे।

# मिर्जा गालिब कॉलेज के खिलाड़ी ने शूटिंग चैंपियनशिप में हासिल किया दूसरा स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया के प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक महाविद्यालय मिर्जा गालिब कॉलेज के खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। आरएमडब्ल्यू कॉलेज, नवादा की मेजबानी में आयोजित मगध विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय एयर राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2026-27 में मिर्जा गालिब कॉलेज के हिंदी विभाग के छात्र ऐलिस खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन की कॉलेज परिवार ने सराहना की। टीम मैनेजर के रूप में फरहान रजा अंसारी ने जिम्मेदारी संभाली। ऐलिस खान की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि छात्र की सफलता महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उनकी उपलब्धि कॉलेज के अन्य खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने ऐलिस खान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने भी छात्र को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। छात्र की सफलता से कॉलेज परिसर में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ. जोफैल हसन, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. इबरार खान, डॉ. अकरम वारिस सहित कई शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने ऐलिस खान को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सेवा, संकल्प और समर्पण अभियान को लेकर शेरघाटी में भाजपा ने की प्रेस वार्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** शहर के एक निजी होटल में शनिवार को भाजपा की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधानसभा मोहनिया की विधायक संगीत कुमारी पहुंचीं जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनका बुके और फूलमाला देकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले 'सेवा, संकल्प और समर्पण' अभियान की जानकारी दी। विधायक संगीत कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण के कार्यों को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों तथा जनहित में किए गए कार्यों की भी जानकारी लोगों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# कोंच बीईओ का प्रतिनियोजन रद्द, रंजीत कुमार ने संभाला प्रभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** तत्कालीन बीईओ डॉ. अभय कुमार रमण की प्रतिनियुक्ति रद्द होने के बाद शनिवार को गुरारू बीईओ रंजीत कुमार ने कोंच में योगदान दिया। बताया जाता है कि पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार ने बीईओ डॉ. रमण पर नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सात दिनों तक आमरण अनशन किया था। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की पहल पर 9 सितंबर को अनशन समाप्त हुआ था। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डॉ. रमण की प्रतिनियुक्ति रद्द कर रंजीत कुमार को कोंच का प्रभार दिया है। शनिवार को शिक्षकों ने उनका माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

## तिनेरी ग्राम कचहरी में जमीन विवाद का निबटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** ग्राम कचहरी तिनेरी में शनिवार को न्यायपीठ की बैठक में जमीन के हिस्से को लेकर चल रहे विवाद का निपटारा किया गया। सरपंच रूबी शाहीन की अध्यक्षता में वाद संख्या 3/26 अलकरिया देवी, ग्राम कस्तूरीखाप (आंती) बनाम रजमनिया देवी, ग्राम नीरपुर (गोह) का निष्पादन किया गया। बैठक में सरपंच पति मो.शाहिद उर्फ साहू, उप सरपंच श्रृंगारी देवी, न्याय मित्र विमलेश कुमार, न्याय सचिव अनीता कुमारी और पंच मौजूद थे।

# खिजरसराय में डायलिसिस सुविधा की जगी उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** अनुमंडल मुख्यालय खिजरसराय में किडनी रोगियों के लिए निःशुल्क डायलिसिस सेवा जल्द शुरू हो सकती है। नगर पंचायत खिजरसराय की वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति की सदस्य शीला देवी द्वारा सरकार के 'सहयोग पोर्टल' पर दर्ज कराई गई शिकायत के बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन), गया ने कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार (पटना) को पत्र लिखकर खिजरसराय में निःशुल्क डायलिसिस केंद्र स्थापित करने का अनुरोध किया है। शीला देवी ने पोर्टल के माध्यम से जनहित में मांग उठाई थी कि गया जिले के शेरघाटी और टिकारी अनुमंडलीय अस्पतालों की तर्ज पर नीमचक बथानी अनुमंडल मुख्यालय (खिजरसराय) में भी किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस की निःशुल्क व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि खिजरसराय, नीमचक बथानी, अतरी एवं मोहड़ा प्रखंड के मरीजों को डायलिसिस कराने के लिए गया शहर या अन्य दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है। इससे न केवल गरीब और गंभीर मरीजों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है, बल्कि आने-जाने में समय और स्वास्थ्य दोनों का नुकसान होता है। शीला देवी की इस शिकायत और जनहित की आवश्यकता को संज्ञान में लेते हुए सिविल सर्जन, गया ने राज्य स्वास्थ्य समिति को पत्रांक 4040 के जरिए सूचित किया है कि नीमचक बथानी अनुमंडल क्षेत्र के किडनी मरीजों को दूरदराज के क्षेत्रों में जाने से बचाने और उन्हें आर्थिक नुकसान व समय की बर्बादी से राहत दिलाने के लिए खिजरसराय में निःशुल्क डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि स्वास्थ्य विभाग इस प्रस्ताव पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करेगा जिससे क्षेत्र के चार प्रखंडों के सैकड़ों किडनी रोगियों को स्थानीय स्तर पर जीवनरक्षक स्वास्थ्य सेवा मिल सकेगी। शीला देवी की इस पहल पर क्षेत्रवासियों एवं स्थानीय लोगों ने सराहना व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि द्वारा क्षेत्र के गंभीर स्वास्थ्य मुद्दे को प्राथमिकता के साथ उठाया जाना सराहनीय है। यदि खिजरसराय में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा शुरू होती है तो यह किडनी मरीजों और उनके परिजनों के लिए बड़ी राहत होगी। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि शीला देवी की पहल अब जल्द ही जमीनी स्तर पर सुविधा के रूप में दिखाई देगी और खिजरसराय मुख्यालय में अनुमंडल के मरीजों को डायलिसिस के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद्, गढ़वा।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**ZP/GARHWA/02/2026-27**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कटहरकला में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण। | सगमा | 5547930.00 | 1,11,000.00 | 1000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.09.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–16.09.2026 से दिनांक–26.09.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–28.09.2026 अपराह्न 3:00 बजे
5. ई–निविदा खोलने का स्थान – जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8789191801 (संबंधित जिला अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
11. जिला परिषद्, गढ़वा में निबंधित एवं गढ़वा जिला के संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्,गढ़वा।

PR 389707 Urban Development(26-27)D


# रामशिला एवं प्रेतशिला वेदी परिसर का डॉ. प्रेम कुमार ने किया निरीक्षण

## सड़क, स्वच्छता, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला-2026 की तैयारियों को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को नगर आयुक्त, सिटी एसपी एवं एसडीओ के साथ प्रेतशिला एवं रामशिला वेदी परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन, सड़क व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य जनसुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पितृपक्ष मेला गयाजी की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने पितरों के तर्पण एवं पिंडदान के लिए गयाजी आते हैं। ऐसे में मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेतशिला एवं रामशिला वेदी पिंडदान के प्रमुख स्थलों में शामिल हैं। इन स्थानों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सड़क एवं पहुंच मार्ग सुगम, स्वच्छता व्यवस्था बेहतर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने तथा आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती करने का भी निर्देश दिया। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मेला क्षेत्र में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। नियमित रूप से साफ-सफाई, कूड़ा उठाव एवं पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही पेयजल, शौचालय, प्रकाश एवं बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं श्रद्धालुओं को आसानी से उपलब्ध हों। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पितृपक्ष मेला शुरू होने से पहले सभी तैयारियों को धरातल पर पूरी तरह सुनिश्चित किया जाए और संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। गयाजी आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर सुविधा, सुरक्षित वातावरण और स्वच्छ धार्मिक परिसर उपलब्ध कराना हम सभी का प्राथमिक जिम्मेदारी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 'अतिथि देवो भवः' की भावना के साथ गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा और पितृपक्ष मेला-2026 को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालु हितैषी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– **NPB-57/2026-27**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में इच्छुक पंजीकृत निर्माणकर्ता/अधिकृत विक्रेता से कार्यालय अंतर्गत खराब पडे हुए Hopper Tipper के मरम्मती हेतु मुहरबंद लिफाफा के माध्यम से प्रति Hopper Tipper के मरम्मती (सभी कर सहित) कोटेशन/दर आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन/दर आमंत्रण दिनांक 19.09.2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशन/दर आमंत्रण उसी दिन दिनांक 19.09.2026 अपराह्न समय 04:00 बजे नगर परिषद्, बिश्रामपुर के निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। कोटेशन मे भाग लेने से पुर्व कार्यालय में उपस्थिति होकर Hopper Tipper के अवलोकनापरांत निविदा में भाग लेंगें।

| Sr. No. | Vehicle No. | Rate Including all Taxes | Remarks |
|---|---|---|---|
| 01 | Hopper Tipper -20 | | |
| 02 | Hopper Tipper -21 | | |
| 03 | Hopper Tipper -22 | | |
| 04 | Hopper Tipper -23 | | |
| 05 | Hopper Tipper -24 | | |

उपरोक्त कोटेशन/दर आमंत्रण समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

नियम एवं शर्तें

1- संवेदक/आपुर्तिकर्ता को **Aadhar Card & PAN Card** की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा के साथ विगत तीन वर्षो का आयकर प्रमाण–पत्र, उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र, विगत तीन माह का **GSTN Return - FORM GSTR-1 & GSTR-3B & GST Registration Certificate** संलग्न करनी होगी एवं विगत तीन वर्षो **CA Certified Copy UDIN** के साथ **Audited Balance sheet, Profit & Loss , Audited Turnover Certificate** एवं टंसपक **ISO 9001:2015 Certificate** संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा शुल्क 1000/– (एक हजार रू0 मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बिश्रामपुर के पदनाम से देय होगा अथवा कार्यालय के **QR Code** पर भुगतान करते हुए, जो **Non-Refundable** होगा, जिसे निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
4. वित्तीय लिफाफे में मरम्मती की जाने वाले सामग्रियों से संबंधित सूची के साथ दर (सभी करों सहित) अंकित करना अनिवार्य होगा।
5. निविदा में संलग्न Non-Blacklisted Affidavit निविदा निर्गत तिथि के बाद का ही मान्य होगा।
6. जाँच की प्रक्रिया के दौरान या एकरारनामा के बाद कार्य के दौरान कभी भी संवेदक/आपुर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज गलत पाए जाते है, तो कार्यालय नगर परिशद् विश्रामपुर कार्य को रद्द करते हुए संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा।
7. निविदा को किसी भी स्टेज पर रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बिश्रामपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
8. निविदा में Technical Bid एवं Financial Bid अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा।
9. वाहनों की मरम्मती से संबंधित कोई भी परिवहन भत्ता अलग से देय नही होगा तथा होने वाले टूट–फुट अथवा क्षति की जवाबदेही आपूर्तिकर्ता की होगी।
10. मरम्मती की गई वाहनों को कार्यालय के ड्राईवर द्वारा चलाकर संतुश्टि के उपरांत भुगतान किया जायेगा।
11. आवंटन उपलब्ध रहने पर ही कृत कार्यो का भुगतान किया जायेगा।
12. किसी भी प्रकार का न्यायिक विवाद का निबटारा स्थानीय न्यायालय (पलामू) में ही किया जा सकेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR 389623 District(26-27)D

संपादकीय

# सही फैसला, पर उम्मीद ज्यादा की

मध्यप्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप कर रहे डॉक्टरों का तीन दिन के आंदोलन के बाद मासिक स्टायपेंड पचास फीसदी बढ़ाकर अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। हालांकि यह वृद्धि भी देश के अन्य राज्यों और एम्स की तुलना में अभी भी कम है। सरकार ने इंटर्न्स की मांगें मानते हुए स्टायपेंड दोगुना यानी 14 हजार 225 से बढ़ाकर 21 हजार 500 रू. प्रतिमाह करने की घोषणा की। बुधवार को इंटर्न डॉक्टरों, जूडा और एमटीए प्रतिनिधियों की डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के साथ बैठक हुई। एक घंटे की चर्चा के बाद स्टाइपेंड बढ़ाने पर सहमति बनी। इसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने भोपाल के कमला पार्क के पास चल रहा प्रदर्शन खत्म कर दिया। उन्होंने जीत का जश्न मनाते हुए काम पर लौटने का ऐलान किया साथ ही सरकार की ओर से दिए गए सकारात्मक आश्वासन और कार्रवाई पर संतोष जताया। इंटर्न की हड़ताल का सीधा असर हमीदिया अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा था। वहां सामान्य दिनों में करीब 3 हजार मरीजों की ओपीडी होती है, जो घटकर आधी रह गई थी। सभी ऑपरेशन भी टालने पड़े। इससे गरीब मरीज परेशान हो रहे थे। कई तो ऐसे थे, जो आसपास के जिलों से भोपाल पहुंचे थे। दरअसल इंटर्न डॉक्टरों की यह मांग बहुत पुरानी है। इसमें संदेह नहीं कि अस्पतालों और खासकर सरकारी अस्पतालों में बहुत सारा काम तो इंटर्न डॉक्टर ही देखते हैं। या यूं कहे कि वो चिकित्सा व्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन उन्हीं के हितों की अनदेखी हो रही थी। आज महंगाई के जमाने में सवा चौदह हजार की स्टायपेंड राशि कोई मायने नहीं रखती। यह राशि तो सरकारी दफ्तरों में चपरासी की तनख्वाह से भी कम है। इंटर्न पर काम के बोझ की तुलना में तो यह वैसे भी ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। यहां विचारणीय बात यह है कि डॉक्टरों को भी अपनी जायज मांगें मनवाने के लिए सड़कों पर क्यों उतरना पड़ा? सरकार पहले ही उनसे बात कर, उनकी समस्याओं पर विचार कर स्वतः यह निर्णय ले सकती थी। तुलनात्मक रूप से देखें तो मप्र में इंटर्न्स का स्टायपेंड अन्य कई राज्यों से कम है। यहां तक कि एम्स के डॉक्टरों का स्टाइपेंड भी मप्र में अब तक दिए जा रहे स्टायपेंड से दोगुना है। सरकार चाहती तो इसे एम्स के बराबर भी कर सकती थी।

लेकिन उसने पचास फीसदी वृद्धि ही की। अफसोस की बात यह भी है कि अपनी मांगों को लेकर भोपाल की सड़कों पर उतरना पड़ा। वहां धरना दे रहे डॉक्टरों को पुलिस ने जबरिया हटाने की कोशिश की। उन पर लाठियां बरसाई गईं, वॉटर केनन की बौछार की गई। हालांकि अब सरकार ने इस मामले की जांच कराने तथा आरोपी दो पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। इस घटना में घायल इंटर्न्स के इलाज के भी निर्देश दिए गए हैं। माना जा रहा है कि इससे प्रदेश के करीब ढाई हजार इंटर्न्स डॉक्टरों को लाभ होगा। यह फैसला वैसे तो प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों के इंटर्न्स पर भी लागू होना चाहिए, लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज क्या करते हैं, अपने इंटर्न्स का स्टायपेंड बढ़ाते हैं या नहीं, यह देखने की बात है। क्योंकि सभी प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में इंटर्न्स का स्टायपेंड एक समान नहीं है। जबकि नेशनल मेडिकल कमीशन के नियमों के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल कॉलेजों को अपने एमबीबीएस इंटर्न को हर महीने स्टाइपेंड देना और इसकी जानकारी वेबसाइट पर देना भी जरूरी है। नियम का पालन न करने पर सम्बंधित मेडिकल कॉलेज पर 1 करोड़ रू. तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# संयुक्त राष्ट्र की 81वीं महासभा में भरोसे की लौ

**निवर्तमान महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक ने भी ठीक ही कहा कि सकारात्मक कहानियाँ अक्सर उस दुनिया में दब जाती हैं। आज सूचना के इस शोर में मानवीय सहयोग की धीमी आवाज़ आसानी से खो रही है। संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियाँ अक्सर सुर्खियाँ नहीं बनतीं, जबकि उसकी विफलताएँ वैश्विक चर्चा का विषय बन जाती हैं। यही वह असंतुलन है, जिसे बहुपक्षवाद को अपने भीतर सुधारना होगा। डॉ. ख़लीलुर रहमान के सामने इसी भरोसे को फिर से जगाने की कठिन जिम्मेदारी है। चार दशकों से अधिक के राजनयिक अनुभव, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोहिंग्या मुद्दे से जुड़े दायित्वों तथा संयुक्त राष्ट्र में वरिष्ठ भूमिकाओं का उनका अनुभव इस जिम्मेदारी को एक विशेष आधार देता है। उन्होंने स्पष्ट भी किया है कि वे सभी सदस्य देशों से सम्पर्क और संवाद, पुलों के निर्माण तथा विभाजनों के बीच साझा जमीन खोजने को प्राथमिकता देंगे।**

दुनिया के राजनीतिक आकाश पर जब युद्ध के बादल लगातार घने हो रहे हों, मानवीय त्रासदियाँ सीमाओं को लाँघ रही हों, जलवायु परिवर्तन धरती की धड़कनों को असामान्य बना रहा हो और राष्ट्रों के बीच विश्वास की डोर बार-बार टूट रही हो, तब संयुक्त राष्ट्र महासभा का नया सत्र केवल एक और कूटनीतिक आयोजन नहीं रह जाता। वह विश्व समुदाय के सामने खड़े आईने की तरह होता है, जिसमें वर्तमान की बेचैनी और भविष्य की आशंकाएँ एक साथ दिखाई देती हैं। इसी बेचैन समय में संयुक्त राष्ट्र महासभा का 81वाँ सत्र आरम्भ हुआ है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में परम्परा के अनुरूप निवर्तमान महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक से अध्यक्षीय हथौड़ा ग्रहण करते हुए बांग्लादेश के डॉ. ख़लीलुर रहमान ने केवल एक औपचारिक जिम्मेदारी नहीं संभाली, बल्कि ऐसे वैश्विक मंच की कमान अपने हाथों में ली है, जिसकी विश्वसनीयता स्वयं कठिन परीक्षा से गुजर रही है। उनके सामने चुनौती उस दीपक की लौ को बचाए रखने की है, जिसकी स्थापना द्वितीय विश्वयुद्ध की राख से हुई थी और जिसने दशकों तक संवाद, सहयोग और शान्ति की राह रोशन की है। डॉ. रहमान ने अपने कार्यकाल की थीम बहुत उम्दा रखी है विश्वास की पुर्नस्थापना, परिवर्तन का प्रबन्धन यानि एक ऐसा संयुक्त राष्ट्र, जो सर्वजन की आवश्यकताओं को पूरा करे। इस थीम में केवल शब्दों की चमक नहीं, बल्कि समय की कठोर सच्चाइयों की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। उनका स्पष्ट संदेश है कि दुनिया 1945 की दुनिया नहीं रही। शक्ति संतुलन बदल चुका है। तकनीक ने सीमाओं की परिभाषा बदल दी है। जलवायु संकट ने विकास की पुरानी धारणाओं को चुनौती दी है। हमारी अपेक्षाएँ भी नई करवट ले चुकी हैं। ऐसे में यदि दुनिया बदल रही है, तो संयुक्त राष्ट्र भी ठहरे हुए जल की तरह नहीं रह सकता। डॉ. ख़लीलुर रहमान के शब्दों को यदि याद करूं तो उन्होंने कहा हमें संयुक्त राष्ट्र को भविष्य के लिए तैयार करना होगा। यह कथन दरअसल उस संस्था के लिए परिवर्तन का आह्वान है, जिसकी नींव पिछली सदी के मध्य में रखी गई थी। यानी यह 1945 नहीं है। दुनिया बदल चुकी है. संयुक्त राष्ट्र को भी बदलना होगा। उनकी प्राथमिकताओं की सूची इस बेचैनी को ठोस दिशा देती है। पहली पुकार है, 'बंदूकें ख़ामोश हों, आवाज़ें बुलंद हों'। यानि युद्धों की गूंज को संवाद की आवाज़ में बदलना ज़रूरी है। आज जब अनेक क्षेत्रों में संघर्ष, हिंसा और भू-राजनैतिक तनाव ने करोड़ों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है, तब शान्ति केवल युद्धविराम का नाम नहीं हो सकती। अब शान्ति न्याय, सुरक्षा, कूटनीति और मानवीय गरिमा का सम्मिलित नाम है। उनकी दूसरी प्राथमिकता, कोई व्यक्ति या देश पीछे न छूटे। सतत विकास लक्ष्यों की 2030 की समयसीमा तेजी से निकट आ रही है, लेकिन विकास की गति असमान है। कहीं तकनीकी प्रगति के नए क्षितिज खुल रहे हैं, तो कहीं भूख, निर्धनता और बुनियादी सुविधाओं का अभाव अभी भी लोगों के जीवन की कठोर वास्तविकताएँ हैं। दुनिया की आर्थिक समृद्धि यदि समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तो विकास की नींव खोखली रह जाती है, हम सब जानते हैं।



तीसरी प्राथमिकता, धरती से जुड़ी है। यानि हमारा प्लानेट-ग्रह, हमारी जिम्मेदारी। जलवायु संकट, तापमान में वृद्धि, चरम मौसम की घटनाएँ, समुद्र के बढ़ते स्तर और पर्यावरणीय क्षरण मानव सभ्यता को यह याद दिला रहे हैं कि प्रकृति के साथ किया गया प्रत्येक छेड़छाड़ अंततः मनुष्य के लिए खतरा है। जलवायु सहनशीलता और पर्यावरण संरक्षण इसलिए केवल पर्यावरणीय मुद्दे नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व के आज प्रश्न हैं। डॉ. रहमान की चौथी प्राथमिकता, मानवाधिकार। मानवीय सहायता तथा शरणार्थियों और प्रवासियों की सुरक्षा ज़रूरी है। युद्ध की पहली कीमत अक्सर वह व्यक्ति वैयक्तिक रूप से चुकाता है। विस्थापित परिवार, भयभीत बच्चे, घर छोड़ने को मजबूर महिलाएँ और अनिश्चित भविष्य की ओर बढ़ते शरणार्थी आज हमारे समक्ष प्रश्नचिह्न हैं की नहीं आप खुद सोचें? पाँचवीं प्राथमिकता, उभरती तकनीकें, डिजिटल शासन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता। तकनीक मानवता के लिए वरदान बन सकती है। यदि उसके संचालन में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव होगा, तो तकनीक नई असमानताओं और नए जोखिमों का स्रोत भी बन सकती है। डॉ. रहमान की यह प्राथमिकता संकेत देती है कि संयुक्त राष्ट्र को भविष्य की उन चुनौतियों के लिए भी तैयार होना होगा, जिनकी पूरी आकृति आज दिखाई तक नहीं देती।

छठी प्राथमिकता, संयुक्त राष्ट्र में सुधार और एक अधिक समावेशी वैश्विक व्यवस्था। यही वह क्षेत्र है जहाँ 1945 की संस्थागत संरचना और 2026 की वास्तविकताओं के बीच सबसे स्पष्ट दूरी दिखाई देती है। दुनिया का राजनीतिक और आर्थिक भूगोल बदल चुका है। वैश्विक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व और निर्णय-प्रक्रिया की संरचनाएँ अभी भी पुराने ढर्रे से चल रही हैं। सुधार की मांग अब किसी एक देश या क्षेत्र की आवाज़ नहीं रही। यह बदलती दुनिया की सामूहिक पुकार बनती जा रही है लेकिन सच सबके सामने है। यह विडम्बना ही है कि जिस समय दुनिया को वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, उसी समय सहयोग की बुनियाद, विश्वास कमज़ोर पड़ रही है। अन्तरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों को संयुक्त राष्ट्र की आधारशिला माना जाता है। लेकिन, उनके उल्लंघन और जवाबदेही के अभाव ने व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े किए हैं। फिर भी निराशा के इस अंधकार में संयुक्त राष्ट्र के भीतर उम्मीद की एक छोटी-सी लौ को गुटेरेश के चश्में से देखें यो महासभा के नए सत्र के उद्घाटन में अपने अंतिम कार्यकाल की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ हो रहे काम से उन्हें उम्मीद मिलती है। उनके शब्द इस संस्था के मूल उद्देश्य की ओर लौटने का आग्रह हैं। निवर्तमान महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक ने भी ठीक ही कहा कि सकारात्मक कहानियाँ अक्सर उस दुनिया में दब जाती हैं। आज सूचना के इस शोर में मानवीय सहयोग की धीमी आवाज़ आसानी से खो रही है। संयुक्त राष्ट्र की उपलब्धियाँ अक्सर सुर्खियाँ नहीं बनतीं, जबकि उसकी विफलताएँ वैश्विक चर्चा का विषय बन जाती हैं। यही वह असंतुलन है, जिसे बहुपक्षवाद को अपने भीतर सुधारना होगा। डॉ. ख़लीलुर रहमान के सामने इसी भरोसे को फिर से जगाने की कठिन जिम्मेदारी है। चार दशकों से अधिक के राजनयिक अनुभव, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोहिंग्या मुद्दे से जुड़े दायित्वों तथा संयुक्त राष्ट्र में वरिष्ठ भूमिकाओं का उनका अनुभव इस जिम्मेदारी को एक विशेष आधार देता है। उन्होंने स्पष्ट भी किया है कि वे सभी सदस्य देशों से सम्पर्क और संवाद, पुलों के निर्माण तथा विभाजनों के बीच साझा जमीन खोजने को प्राथमिकता देंगे। उनकी अध्यक्षता में नए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के चयन की प्रक्रिया अब चलेगी। अगले महासचिव का कार्यकाल जनवरी 2027 में शुरू होगा। ऐसे समय में महासभा अध्यक्ष की भूमिका केवल बैठकें संचालित करने तक सीमित नहीं हैं बल्कि वैश्विक सहमति और राजनीतिक संवाद की नाजुक डोर को थामने की है। 81वाँ सत्र संयुक्त राष्ट्र के लिए एक अवसर है। अतीत की संस्थागत विरासत और भविष्य की अनिश्चित राह, युद्ध और विभाजन की राजनीति और संवाद एवं सहयोग की आवश्यकता।

अध्यात्म

## अहंकार को छोड़ने से जीवन में आती है शांति

एक राजा महावीर स्वामी के दर्शन करने आया करता था। वह घमंडी था। हर बार जब राजा स्वामी जी के पास जाता, वह अपने साथ सोने-चांदी, रत्न और कीमती चीजें लेकर आता था।

महावीर स्वामी हमेशा मुस्कुराते और कहते, 'राजन्, इन्हें गिरा दो।' राजा हर बार स्वामी जी की बात मानकर सभी बहुमूल्य चीजें वहीं गिरा देता, लेकिन धीरे-धीरे राजा को स्वामी जी की यह आदत बुरी लगने लगी। उसने सोचा, 'एक न एक दिन स्वामी जी मेरे उपहार स्वीकार जरूर करेंगे।

राजा ने अपने मंत्री से सलाह ली। मंत्री ने कहा, 'राजन्, इस बार आप केवल फूल लेकर जाएं।' राजा ने फूल स्वामी जी के सामने रखे, फिर भी महावीर स्वामी ने कहा, 'इन्हें गिरा दो।' राजा निराश होकर फूल वहीं छोड़कर लौट गया।

मंत्री ने अगली बार कहा, 'राजन्, आप खाली हाथ जाएं।' अगले दिन राजा बिना किसी चीज के स्वामी जी के सामने पहुंचा। राजा ने कहा, 'स्वामी जी, मैं कई बार आपके लिए कीमती चीजें लाया, फिर भी आप हर बार उन्हें गिराने को कहते रहे। अब मैं खाली हाथ आया हूं, अब आप क्या कहेंगे? '

महावीर स्वामी ने मुस्कान के साथ कहा, 'राजन्, अब खुद को गिरा दो। '

राजा समझ गया कि स्वामी का मतलब उसका अहंकार गिराने से था। उसने प्रणाम किया और अहंकार छोड़ने का संकल्प लिया।

स्वामी जी ने राजा को संदेश दिया कि धन या सम्मान से अधिक महत्वपूर्ण है अहंकार पर विजय पाना। केवल बाहरी वस्तुओं को त्यागने से नहीं, बल्कि अपने अहंकार को छोड़ने से जीवन में शांति और सच्ची सफलता आती है।

**सीख:**

स्वयं की समीक्षा करें - अपने व्यवहार और सोच में अहंकार की पहचान करें।

सादगी अपनाएं - भौतिक वस्तुओं या पदोन्नति से लगाव न रखें। सादगी को अपनाएं।

विनम्रता बनाए रखें - दूसरों के योगदान और ज्ञान को महत्व दें, अपनी चीजों के लिए अहंकार न करें, विनम्र रहें।

नकारात्मक भावनाओं से दूर रहें - घमंड, जलन और तुलना करने से मनोबल गिराता है, इन बुराइयों से दूर रहें।

छोटी-छोटी चीजें छोड़ना सीखें - महावीर स्वामी की तरह पहले भौतिक चीजें, फिर अहंकार को त्यागें, तभी जीवन में शांति मिल सकती है।

सकारात्मक मार्गदर्शन लें - विद्वान या गुरु से सीखकर अपनी बुराइयां दूर करें और सकारात्मक रहें।

# पेशेवर जिम्मेदारी से अहम है शिक्षक का सामाजिक दायित्व

**डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (द्ध) ने अध्ययन और शोध के दायरे को काफी विस्तृत किया है, लेकिन इसके साथ ही अप्रामाणिक सामग्री, सतही अध्ययन और सूचनाओं की अतिमारामारी जैसी नई समस्याएँ भी पैदा हुई हैं। शिक्षक का यह सामाजिक दायित्व है कि वह छात्रों को इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी की विश्वसनीयता, संदर्भ और प्रामाणिकता की जाँच करना सिखाए। द्ध उपकरण शोध और अध्ययन में सहायक हो सकते हैं, लेकिन वे मनुष्य के मौलिक चिंतन और रचनात्मकता का स्थान नहीं ले सकते। शिक्षक को छात्रों को तकनीक का नैतिक और विवेकपूर्ण उपयोग सिखाना होगा। यदि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी कोई व्यक्ति समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, गरीबी या पर्यावरणीय विनाश के प्रति उदासीन रहता है, तो ऐसी शिक्षा की सार्थकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। शिक्षक अपने अध्यापन और शोध परियोजनाओं को स्थानीय समस्याओं, क्षेत्रीय सर्वेक्षणों और सामुदायिक गतिविधियों से जोड़ सकते हैं।**

शिक्षक का सामाजिक दायित्वबोध और सहजीविता की भावना विश्वविद्यालयी शिक्षा को वास्तविक मानवीय अर्थ प्रदान करती है। शिक्षा केवल साक्षरता या तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति में सामाजिक चेतना, नैतिक विवेक और सह-अस्तित्व की समझ विकसित करने वाली प्रक्रिया है। इस यात्रा में शिक्षक की भूमिका अत्यंत केंद्रीय होती है। विशेष रूप से उच्च और विश्वविद्यालयी शिक्षा के स्तर पर शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने वाला माध्यम नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण को आकार देता है। आज के समय में विश्वविद्यालय केवल सिर्फ डिग्री बांटने वाले संस्थान नहीं होने चाहिए, बल्कि वे शोध, आलोचनात्मक सोच, सामाजिक संवाद और समाज की दिशा तय करने वाले जीवंत केंद्र के रूप में होने चाहिए। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय कई तरह के सामाजिक परिवर्तनों, बाजारीकरण, तकनीकी क्रांति, प्रतिस्पर्धा, नए शैक्षिक परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में शिक्षक के समक्ष केवल विषय-विशेषज्ञ होने की चुनौती नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में एक उत्तरदायी नागरिक और संवेदनशील इंसान के गुण विकसित करने का गुरुत्तर दायित्व भी है। यही शिक्षक का सामाजिक दायित्वबोध है। इसके साथ ही सहजीविता की अवधारणा जुड़ती है, जिसका अर्थ है विविधताओं का सम्मान करते हुए सहयोग और सामूहिक उत्तरदायित्व के साथ जीवन जीना।

शिक्षक की सामाजिक जिम्मेदारी उसके पेशेवर कर्तव्यों से कहीं अधिक व्यापक होती है। कक्षा में पढ़ाना उसका प्राथमिक दायित्व अवश्य है, लेकिन उसका प्रभाव कक्षा की सीमाओं से परे तक जाता है। विश्वविद्यालय में आने वाले छात्रों की सामाजिक, आर्थिक, भाषाई और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि अलग-अलग होती है। एक संवेदनशील शिक्षक असमानताओं को समझकर सभी को केवल समान अवसर देने के बजाय न्यायपूर्ण वातावरण प्रदान करता है।

वस्तुतः ज्ञान स्थिर नहीं है, यह निरंतर विकासशील है। शिक्षक का दायित्व है कि वह स्वयं अध्ययन और शोध में लगा रहे ताकि वह छात्रों में केवल बने-बनाये उत्तर रटने की आदत न डाले, बल्कि प्रश्न पूछने और विचारों की आलोचनात्मक पड़ताल करने की क्षमता विकसित करे। विश्वविद्यालय कोई कटा हुआ द्वीप नहीं है; इसे मिलने वाले संसाधन और छात्र समाज का ही हिस्सा हैं। अतः शिक्षक द्वारा निर्मित ज्ञान का उपयोग सामाजिक समस्याओं के समाधान में होना चाहिए। एक स्वस्थ लोकतांत्रिक समाज की पहचान असहमति को स्वीकार करने में है। यदि शिक्षक कक्षा में बहस, प्रश्न और तर्क को प्रोत्साहन देता है, तो छात्रों में स्वतंत्र चिंतन की परंपरा मजबूत होती है।

भारतीय संस्कृति में सहजीविता की अवधारणा बहुत गहरी है। मनुष्य एकाकी प्राणी नहीं है, उसका अस्तित्व परिवार, समाज, पर्यावरण और संस्थाओं पर निर्भर है। इसलिए शिक्षा का अंतिम लक्ष्य व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न होकर सामूहिक कल्याण होना चाहिए। विश्वविद्यालय के संदर्भ में सहजीविता का अर्थ है अलग-अलग विचारों, भाषाओं, संस्कृतियों और वर्गों के बीच संवाद स्थापित करना। यहाँ सहजीविता प्रतिस्पर्धा का पूरी तरह विरोध नहीं करती, बल्कि उसे नैतिक और मानवीय सीमाओं में बाँधती है। करियर और रोजगार की दौड़ में सामाजिक संवेदनाओं का बली चढ़ना सही नहीं है। शिक्षक का काम छात्रों को यह समझाना है कि व्यक्तिगत प्रगति और सामाजिक जिम्मेदारी एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं।

भारतीय विश्वविद्यालय विविधता के अनूठे केंद्र हैं। परंतु इस विविधता के साथ असमानता, भाषाई झिझक, ग्रामीण-शहरी भेद और डिजिटल संसाधनों तक असमान पहुँच जैसी चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं। वास्तविक समावेशन का अर्थ केवल संस्थान में प्रवेश देना नहीं है, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ हर छात्र खुद को शैक्षणिक प्रक्रिया का बराबर भागीदार महसूस करे। इसके लिए शिक्षक का निष्पक्ष दृष्टिकोण, समावेशी भाषा और संवेदनशील मूल्यांकन पद्धति बेहद जरूरी है।

लोकतंत्र केवल राजनीतिक व्यवस्था या मतदान प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, यह जीवन जीने की एक सामाजिक संस्कृति है। विश्वविद्यालय इस लोकतांत्रिक चेतना को गढ़ने के सबसे उपयुक्त स्थान हैं। शिक्षक कक्षा को एक लोकतांत्रिक मंच बना सकता है जहाँ अलग-अलग विचारों को जगह मिले। निष्पक्षता बनाए रखते हुए, शिक्षक को अपने निजी विचार छात्रों पर थोपने के बजाय उन्हें विभिन्न पक्षों का निष्पक्ष विश्लेषण करने और स्वयं किसी निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इससे छात्र केवल अनुकरणकर्ता नहीं, बल्कि विचारशील नागरिक बनते हैं।

डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) ने अध्ययन और शोध के दायरे को काफी विस्तृत किया है, लेकिन इसके साथ ही अप्रामाणिक सामग्री, सतही अध्ययन और सूचनाओं की अतिमारामारी जैसी नई समस्याएँ भी पैदा हुई हैं। शिक्षक का यह सामाजिक दायित्व है कि वह छात्रों को इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी की विश्वसनीयता, संदर्भ और प्रामाणिकता की जाँच करना सिखाए। AI उपकरण शोध और अध्ययन में सहायक हो सकते हैं, लेकिन वे मनुष्य के मौलिक चिंतन और रचनात्मकता का स्थान नहीं ले सकते। शिक्षक को छात्रों को तकनीक का नैतिक और विवेकपूर्ण उपयोग सिखाना होगा। यदि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी कोई व्यक्ति समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव, गरीबी या पर्यावरणीय विनाश के प्रति उदासीन रहता है, तो ऐसी शिक्षा की सार्थकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। शिक्षक अपने अध्यापन और शोध परियोजनाओं को स्थानीय समस्याओं, क्षेत्रीय सर्वेक्षणों और सामुदायिक गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। सहजीविता का दायरा केवल इंसानों तक सीमित नहीं है, इसमें प्रकृति भी शामिल है। शिक्षक छात्रों में यह समझ विकसित कर सकते हैं कि प्रकृति केवल उपभोग का साधन नहीं है। सतत विकास के लिए आर्थिक प्रगति और पर्यावरणीय संतुलन का होना अनिवार्य है। शिक्षक और विद्यार्थी का रिश्ता केवल औपचारिक या प्रशासनिक नहीं, बल्कि ज्ञान के सह-सृजन का संबंध है। एक स्वस्थ शैक्षणिक संबंध भय पर नहीं, बल्कि परस्पर सम्मान और संवाद पर टिकता है। इसी प्रकार, विश्वविद्यालयी शोध का उद्देश्य केवल शोध-पत्रों या डिग्रियों की संख्या बढ़ाना नहीं होना चाहिए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बचत का ध्यान और दफ्तर में संतुलन बनाए रखे। आज पैसों की स्थिति अचानक किसी फायदे से नहीं, बल्कि सही योजना बनाकर चलने से संभलेगी।

**वृषभ**
आज पुरानी बचत और काम में बारीकी रखना होगा। आज जल्दबाजी में पैसे लगाने के बजाय अपनी बचत को सुरक्षित रखने पर ध्यान दें।

**मिथुन**
आज नए मौके और जल्दबाजी से बचाव होगा। आप काम में काफी फुर्ती महसूस करेंगे और पैसों के फैसले लेने के लिए तैयार रहेंगे। एक साथ कई जगह सामान खरीदने या पैसे लगाने का मन हो सकता है।

**कर्क**
आज धन में राहत और दफ्तर में समझदारी रखना होगा। मौजूदगी पैसों को लेकर मन में अच्छी उम्मीद जगाएगी। अपनी कमाई और बचत को मजबूत करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**
आज दिखावे से दूरी और काम में ठहराव लाना होगा। पैसों को लेकर आपका भरोसा बढ़ेगा। जो फैसले अटके थे, उन्हें पूरा करने का समय है।

**कन्या**
आज सही बजट और काम में सफाई चाहिए। आप पैसों का हिसाब-किताब बहुत सटीक तरीके से लगा पाएंगे। फिजूल खर्च या पुरानी कमियों को पकड़ना आसान होगा।

**तुला**
आज लेन-देन में तालमेल और बोली का असर दिखेगा। सुंदर या आराम की चीजों पर दिल आ सकता है, पर खर्चा करने से पहले खुद को थोड़ा समय जरूर दें।

**वृश्चिक**
आज बकायों की जांच और शांत स्वभाव रखे। पैसों के मामले में थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। उधार, टैक्स, निवेश या किसी पुरानी जिम्मेदारी पर ध्यान देना होगा।

**धनु**
आज बजट का दायरा और टीम का सहयोग मिलेगा। सफर, पढ़ाई या नई चीजें सीखने पर खर्च हो सकता है, जो आगे चलकर आपके काम ही आएगा। बिना सोचे-समझे कहीं भी पैसा न लगाएं।

**मकर**
आज नियम से काम और पेंडिंग जिम्मेदारी रहेगी। पैसों के मामले में नियम और कायदे से चलें। दफ्तर के काम या घर की जरूरतों पर खर्च हो सकता है। जल्दबाजी में शॉर्टकट अपनाने से बचें और किसी भी योजना की शर्तें ध्यान से पढ़कर ही आगे बढ़ें।

**कुंभ**
आज संभलकर निवेश और आसान विचार करना होगा। पैसों को लेकर मन में बड़ी इच्छाएं जगा सकता है। ध्यान रखें कि हर चमकती चीज फायदा नहीं देती।

**मीन**
आज खातों की जांच और काम में लगन लगानी होगी। यह समय पुराने खर्चों और अपनी बचत को फिर से जांचने का है। एक-एक करके पुरानी जिम्मेदारियां निपटाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### नहर में डूबने से 50 वर्षीय अधेड़ की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव निवासी इन्द्रदेव मोची के 55 वर्षीय पुत्र भोला मोची की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना ढिबरी गांव स्थित चंद्रशेखर सिंह के घर के पास की बताई जा रही है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पालीगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया गया।

### बिहार पशु विज्ञान विवि में कुक्कुट पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुक्कुट अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा चतुर्थ कृषि रोडमैप परियोजना के अंतर्गत आयोजित छह दिवसीय व्यावसायिक कुक्कुट पालन प्रशिक्षण



कार्यक्रम का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के निदेशक आवासीय शिक्षा सह स्नातकोत्तर अध्ययन संकायाध्यक्ष, डॉ. पंकज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, उद्यमियों एवं इच्छुक प्रतिभागियों को व्यावसायिक ब्रॉयलर एवं लेयर मुर्गी पालन की वैज्ञानिक एवं आधुनिक प्रबंधन तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यावसायिक ब्रॉयलर एवं लेयर पालन के विभिन्न सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजक टीम को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने तथा बिहार में कुक्कुट उद्योग के सतत विकास को गति मिलेगी।

### विवाद में युवक पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन के कागजात में खाता-प्लॉट गलत अंकित होने के पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर धनरूआ थाने में केस दर्ज किया गया है। पीड़ित अमित कुमार (31 वर्ष) पिता बरखोटी भगत, ग्राम-तरौरा, थाना-मसौढ़ी ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है कि आठ वर्ष पूर्व उसके पिता ने उसके हिस्से की जमीन उसकी दादी के नाम रजिस्ट्री की थी, जिसमें खाता-प्लॉट गलती से गलत लिख गया था। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि जब वह पैदल मसौढ़ी जा रहा था, तभी करीब 4 बजे दिन में ग्राम-डमरीचक के सामने रोड पर आदित्य कुमार भास्कर (24 वर्ष) पिता रवींद्र प्रसाद, ग्राम-बिजुलियाचक, थाना-सिगोड़ी, ने एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल से आकर उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बाइक की चाबी से सिर पर वार कर सिर फाड़ दिया और दाहिने हाथ का अंगूठा मरोड़ दिया, जिससे फ्रैक्चर हो गया। पीड़ित ने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ और फिर अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में इलाज कराया। इसके बाद 10 सितंबर को थाने में आवेदन दिया। पुलिस ने आवेदन के आधार पर धनरूआ थाना कांड संख्या 627/25 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुल निर्माण साइट से बिजली का सामान चोरी


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र में पुल निर्माण साइट से इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर भाग रहे एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में वह शराब के नशे में धुत पाया गया। मेघा कंपनी के मिस्त्री मो. नईम शाह पिता मो. हबीब शाह, ग्राम-स्वरपुर, थाना-शिवाईपट्टी, जिला-मुजफ्फरपुर ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी कंपनी द्वारा मानिक विगहा में पुल बनाने का काम चल रहा है। 10 सितंबर की सुबह करीब 12 बजे वह अपनी टीम के साथ काम कर रहे थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति साइट से इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर भागने लगा। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसका नाम शंभू बताया गया, जो नाहरतपुर, थाना-धनरूआ का रहने वाला है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब ब्रेथ एनालाइजर से जांच की तो उसमें अल्कोहल की मात्रा पाई गई,इस संबंध में धनरूआ थाने में कांड संख्या 634/25 के तहत चोरी और बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पांच घरों में बिजली चोरी, 1.13 लाख का जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली विभाग ने धनरूआ थाना के पथराहट गांव में एक साथ बड़ी छापेमारी कर पांच घरों में हो रही बिजली चोरी का भंडाफोड़ किया है। सभी पांच उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है और कुल 1,13,142 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। कनीय विद्युत अभियंता मसौढ़ी-2 आशीष कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल ने पथराहट और कंटाहीचक टोला में जांच की। जांच में पाया गया कि सभी लोग मीटर को बाइपास कर या पोल से सीधे टोका फंसा कर चोरी कर रहे थे। जिसमें राजेंद्र प्रसाद (52 वर्ष) - 385 वाट लोड पर - 11,785 रु.,शोभा देवी 29,712 रु.,बसंती देवी - 17,989 रु.,सुलेखा देवी 36,721 रु.सरोजा देवी -16,935 रु.यानी कुल जुमार्ना 1,13,142 रुपये लगाया गया है। विभाग ने मौके से चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार जब्त कर लिया है और वीडियोग्राफी भी की है। इस संबंध में धनरूआ थाने में विद्युत अधिनियम के तहत कांड संख्या 629/26 से 633/26 तक केस दर्ज की गई है।

### मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी के उपाधीक्षक की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल भवन के रखरखाव को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अस्पताल के मेंटेनेंस के लिए 5 से 6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने पर सहमति बनी। इस राशि से अस्पताल की खिड़की, दरवाजों की मरम्मत, शौचालय की साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य कराया जाएगा। साथ ही रोगी कल्याण समिति के सदस्यों के लिए एक अलग कक्ष आवंटित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में महिला मरीजों के लिए सिजेरियन



सुविधा को बेहतर करने पर चर्चा हुई। बताया गया कि एनेस्थीसिया के डॉक्टर के अभाव में रात में सिजेरियन करना संभव नहीं हो पा रहा है, इस पर उपाधीक्षक द्वारा विचार करने की बात कही गई।अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मियों की मजदूरी को दानापुर अनुमंडल अस्पताल के तर्ज पर नगर परिषद मसौढ़ी के कार्यपालक पदाधिकारी से समन्वय कर भुगतान कराने, मेन रोड पर बड़ा साइनेज बोर्ड लगाने, अस्पताल भवन का फायर ऑडिट कराने और भवन निर्माण विभाग से बिजली कार्य का एस्टीमेट बनवाने पर भी चर्चा हुई।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को मोकामा एवं मरांची स्वास्थ्य उपकेंद्र से संबंधित रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने की। इस दौरान क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने, अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, मरीजों की समस्याओं, परिसर के रखरखाव और आवश्यक मरम्मत कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को



बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि लोगों को समय रहते बीमारी के लक्षणों और बचाव की जानकारी दी जाए। गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक करने, बच्चों के नियमित टीकाकरण और पोषण पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। इसके अलावा मलेरिया, टीबी, डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने बिहार में बाढ़ राहत और पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 1 करोड़ का योगदान

**यह सहयोग संकट की घड़ी में समाज के साथ खड़े रहने का बैंक का है संकल्प**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत के प्रमुख सरकारी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने बिहार के लोगों के साथ एकजुटता दिखाते हुए, राज्य में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित समुदायों के लिए राहत और पुनर्वास कार्यों में मदद करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री राहत कोष, बिहार में ₹1 करोड़ का योगदान दिया है। यह योगदान मुश्किल समय में बाढ़ से प्रभावित समुदायों की मदद करने के लिए बैंक की लगातार प्रतिबद्धता का हिस्सा है जिसका मकसद बिहार सरकार द्वारा किए जा रहे राहत और पुनर्वास के कार्यों में मदद करना है। बैंक ऑफ बड़ौदा, पटना अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाई ने बैंक




के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट की और योगदान राशि प्रदान की। इस बैठक के दौरान, बैंक ने इस कठिन समय में राज्य और उसके नागरिकों को सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाई ने कहा कि यह योगदान बैंक का एक विनम्र प्रयास है और बैंक ऑफ बड़ौदा इस मुश्किल घड़ी में बिहार की जनता के साथ दृढ़ता से खड़ा है। प्राकृतिक आपदाओं और अन्य मुश्किल हालात के दौरान हम लगातार अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध हैऔर जरूरत के समय समुदायों का साथ देने के अपने संकल्प को फिर से दोहराते है।

## पारस हेल्थ पटना में मनाया गया 'पोषण माह 2026', स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया गया जागरूक



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पारस हेल्थ, पटना के पोषण एवं आहार-विज्ञान विभाग द्वारा 'पोषण माह 2026' के अवसर पर छह दिवसीय जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय 'पोषण की शक्ति को पहचानें' रहा। इसका उद्देश्य मरीजों, उनके परिजनों, अस्पताल के कर्मचारियों एवं आम लोगों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए मनोरंजक खेल एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गईं। मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए विभिन्न बीमारियों से संबंधित विशेष पोषण जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें विशेषज्ञों ने खान-पान, जीवनशैली एवं बीमारी से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। आहार विशेषज्ञ डॉ. सुकृति कुमारी ने मरीजों, उनके परिजनों और कर्मचारियों को संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें स्वस्थ भोजन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। पारस हेल्थ पटना के जोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि एक अस्पताल की जिम्मेदारी केवल बीमारी का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली और सही खान-पान के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने पोषण एवं आहार-विज्ञान विभाग की पूरी टीम को इस सफल पहल के लिए बधाई दी।

## रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में सांस्कृतिक कोषांग के तत्वावधान में छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा एवं कलात्मक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सीता सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता एवं सौंदर्यबोध विकसित करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने सांस्कृतिक कोषांग को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कोषांग की समन्वयक प्रो. (डॉ.) शैलजा सिन्हा ने कहा कि मेहंदी की प्रत्येक रेखा, प्रत्येक आकृति और प्रत्येक रंग आपकी कल्पनाशीलता, धैर्य और कलात्मक प्रतिभा को दर्शाता है। आप सभी से अपेक्षा है कि पूरे उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सह-समन्वयक डॉ. सरिता कुमारी एवं डॉ. निधि सिन्हा की सक्रिय भूमिका रही। निर्णायक मंडल में डॉ रंजन कुमार, डॉ हरजीत कुमार एवं डॉ नवीन कुमार रहें। प्रतिभागियों ने पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों के सुंदर संयोजन के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिता में शिवांगी राज एवं नगमा प्रवीण ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कृतिका भट्ट एवं अंशु राज संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।

# सुलह से समाधानः मसौढ़ी सिविल कोर्ट में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत, 407 मामलों का निबटारा







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समय की बचत और सुलभ न्याय के उद्देश्य से शनिवार को मसौढ़ी सिविल कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत को लेकर सुबह से ही कोर्ट परिसर में वकीलों और पक्षकारों की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस लोक अदालत के लिए पांच न्यायिक बेंचों का गठन किया गया था। हर बेंच पर अलग-अलग प्रकृति के मामलों की सुनवाई हुई। प्रथम बेंच पर एसीजीएम रूपा रानी, दूसरे बेंच पर एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी, तीसरे बेंच पर जेएमएफसी निखिल चंद्रा, चौथ बेंच पर जेएमएफसी मिथलेश कुमार दास और पांचवी बेंच पर जेएमएफसी -2 कार्तिकेय सत्यम किशोर रहे।बहरहाल राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 407 मामलों का त्वरित

**41,31979 रुपए का बैंक सेटेलमेंट**

निष्पादन किया गया जिसमें 267 मामले कंपाउंडेबल 138 बिजली विभाग से और दो मामले मापतोल विभाग से थे इसके अलावा 106 मामले बैंक से संबंधित है जहां 4,131979 रुपए का बैंक सेटेलमेंट किया गया।गौरतलब है की अदालत में मुख्य रूप से आपसी सुलह समझौते वाले मामले, कंपाउंडेबल केस, दीवानी मामले, बिजली बिल विवाद, बैंक ऋण, नापतौल, मोटर वाहन अधिनियम, पारिवारिक विवाद और अन्य सुलहनीय मामलों का निष्पादन किया गया। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लोगों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से बचाकर त्वरित और सस्ता न्याय दिलाना है। यहां दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामलों का निपटारा किया जाता है, जिससे न तो किसी की हार होती है और न ही जीत, बल्कि आपसी संबंध भी बने रहते हैं। इस मौके पर एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आपसी सुलह और कंपाउंडेबल मामलों के निपटारे के लिए बहुत ही बढ़िया प्लेटफॉर्म है। इससे अदालतों पर लंबित मामलों का बोझ कम होता है और लोगों को त्वरित न्याय मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे छोटे-छोटे विवादों को लोक अदालत के माध्यम से सुलझाएं। लोक अदालत में सैकड़ों मामलों का निपटारा किया गया और कई लोगों ने मौके पर ही अपने पुराने विवादों को समाप्त कर राहत की सांस ली। आयोजन को सफल बनाने में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं और न्यायिक कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाढ़ का पानी तो निकल गया, लेकिन कम नहीं हुई मुश्किलें, जलजमाव से डेंगू और महामारी का खतरा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड में बाढ़ का कहर तो थम गया है, लेकिन ग्रामीणों की परेशानियां अभी भी कम नहीं हुई हैं। पुनपुन नदी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है और पांच प्रभावित पंचायतों के गांवों से बाढ़ का पानी निकल गया है, जिससे जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। लेकिन अब जलजमाव नई मुसीबत बन गया है।जिन गांवों में बाढ़ का पानी भरा था, वहां अब घुटने भर पानी जमा रह गया है। यह पानी अब सड़ने लगा है और दुर्गंध दे रहा है। इसी सड़े पानी से होकर लोगों का आना-जाना हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में महामारी और डेंगू जैसी बीमारियों का डर सताने लगा है।सबसे ज्यादा परेशानी पुनपुन प्रखंड के बरांव पंचायत के बड़की सपहा, छोटकी सपहा और उड़ान टोला गांव में है। यहां जलजमाव के कारण



अज्ञात बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से जल निकासी और स्वास्थ्य सुरक्षा की मांग की है। भूतपूर्व मुखिया द्वारिका पासवान ने अनुमंडल प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ के बाद हर गांव में जमा पानी से महामारी फैल सकती है। स्वास्थ्य विभाग को तत्काल ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, दवा और फॉगिंग जैसे जरूरी इंतजाम करने चाहिए ताकि ग्रामीणों को डेंगू और संक्रामक बीमारियों से बचाया जा सके। बड़की सपहुआं गांव के विनय पासवान, चंदन पासवान, बबलू मिस्त्री, राजू मांझी, सोनाचक टोला के राजकुमार पासवान, नीरज कुमार, वही मुस्तफापुर के रामस्वरूप पासवान, सुभाष पासवान, सुबोध ठाकुर, गया पासवान विनय पासवान आदि लोगों ने बाढ़ के पानी चले जाने के बाद अब जल जमाव से निजात की मांग और महामारी फैलने और डेंगू का प्रकोप बढ़ने से भयक्रकांत दवा का छिड़काव की मांग की है।

## फायरिंग करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने नाबालिग पर पिस्टल से फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में एक आरोपी मंटू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामला 29 दिसंबर 2023 का है। भखरी गांव निवासी 14 वर्षीय गुड्डू कुमार पिता अशोक यादव ने थाना में आवेदन देकर बताया था कि वह शाम करीब 5 बजे अपनी फुआ के यहां से साइकिल से घर लौट रहा था। भखरी नदी के पास मंटू यादव, राजीव यादव (दोनों पिता स्व. विजेंद्र यादव, ग्राम भखरी), नीतीश कुमार, भुटाली यादव (दोनों पिता रमेश यादव, ग्राम माण्डाहा, तेल्हाड़ा-नालंदा), रमेश यादव (पिता स्व. रामस्वरूप यादव) और सर्वि यादव (पिता लखन यादव, ग्राम नेशरा, करायपरसुराय-नालंदा) समेत 2-4 अज्ञात लोगों ने उसे घेर कर गाली-गलौज की और पिस्टल लेकर पीछा करने लगे।पीड़ित के अनुसार जान बचाने के लिए वह साइकिल नदी में छोड़कर भागा तो आरोपी पिस्टल से फायरिंग करते हुए उसके घर तक पहुंच गए।

## पालीगंज राष्ट्रीय लोक अदालत में 135 मामलों का निबटारा, 17.14 लाख रुपये की वसूली



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें आपराधिक मामले सहित विभिन्न बैंकों एवं विभागों से संबंधित आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत में कुल 119 मामलों का निष्पादन किया गया, जिनमें 80 लाख 99 हजार 301 रुपये की समझौता राशि तय की गई। इसमें से 17 लाख 14 हजार 454 रुपये की वसूली भी की गई। लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, बीएसएनएल तथा अन्य विभागों के मामलों की सुनवाई की गई। भारतीय स्टेट बैंक के 05 मामलों का निपटारा करते हुए 01 लाख 11 हजार 300 रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें 99 हजार 300 रुपये की वसूली की गई। वहीं पंजाब नेशनल बैंक के 51 मामलों में 17 लाख 86 हजार 205 रुपये की समझौता राशि तय की गई, जिसमें 3 लाख 90 हजार 105 रुपये प्राप्त हुए। इंडियन बैंक के 32 मामलों का निपटारा करते हुए 13 लाख 1 हजार रुपये की समझौता राशि निर्धारित हुई, जिसमें 1 लाख 50 हजार 500 रुपये की वसूली की गई। इसी प्रकार दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के 25 मामलों में 48 लाख 91 हजार 663 रुपये की समझौता राशि तय की गई, जिसमें 10 लाख 68 हजार 900 रुपये प्राप्त हुए। बीएसएनएल पालीगंज के 6 मामलों में 9,133 रुपये की समझौता राशि तय हुई, जिसमें 5,649 रुपये की वसूली की गई। वहीं आपराधिक 170 मामले में 16 का निष्पादन हुआ। बिजली विभाग से संबंधित 45 मामलों में से 14 का निष्पादन किया गया, जिसमें 100000 (एक लाख) लाख रुपये जुर्माना राशि वसूला गया। इसके अलावा 125 आपराधिक मामलों में से 02 मामले का निपटारा आवेदक एवं अभियुक्त की उपस्थिति में आपसी समझौते के आधार पर किया गया। इस अवसर पर न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी नदीम अहमद , गैर-न्यायिक सदस्य डॉ. अरुण कुमार उपाध्याय, सहायक के रूप में मुकेश कुमार चौहान, निपु कुमारी, विनायकम कुमार, कोर्ट नजीर चंदन कुमार,राजेश कुमार चौधरी,राधा कुमारी,आदेशपाल मोहम्मद रेयाज उद्दीन खान सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## 'आधुनिक भारत के महान संत और दूसरे जीवंत गांधी थे आचार्य विनोबा भावे'

**मसाढ़ी में हिंदी विकास मंच की गोष्ठी**



**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिंदी विकास मंच, सरथुआ व उसकी उपशाखा हिलसा के संयुक्त तत्वावधान में मसाढ़ी गांव में आचार्य विनोबा भावे की जयंती मनाई गई।इस कार्यक्रम के सह आयोजक स्व. लाला सिंह स्मृति मंच,मसाढी.के द्वारा भी सहयोग किया गया। उनके विचारों की प्रासंगिकता पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने विनोबा को आधुनिक भारत का महान संत और दूसरा जीवंत गांधी बताते हुए उन्हें शोषितों, वंचितों और गरीबों का मसीहा करार दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्व. लाला सिंह स्मृति मंच के अध्यक्ष, पूर्व मुखिया व वर्तमान पैक्स अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा, विनोबा जी ने लाठी-गोली से नहीं, बल्कि करुणा और हृदय परिवर्तन से क्रांति की। जब तेलंगाना के शिवरामपल्ली में 18 अप्रैल 1951 को उन्होंने भूमिहीनों की पीड़ा देखी, तो एक ही पुकार पर जमींदार रामचंद्र रेड्डी ने 100 एकड़ जमीन दान दे दी। यहीं से भूदान यज्ञ शुरू हुआ। 13 वर्षों तक 58,741 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर उन्होंने 44 लाख एकड़ से अधिक जमीन इकट्ठा कर गरीबों में बांटी। यह विश्व इतिहास की सबसे बड़ी अहिंसक भूमि क्रांति थी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए साहित्यकार व वरीय मीडिया कर्मी डॉ. राजीव नयन ने विनोबा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा, 11 सितंबर 1895 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के गागोदे गांव में जन्मे विनायक नरहरि भावे को बचपन से ही गणित और गीता में गहरी रुचि थी। 1916 में गांधी जी के भाषण से प्रभावित होकर उन्होंने साबरमती आश्रम जॉइन किया। गांधी जी ने ही उन्हें 'विनोबा' नाम दिया और 1940 में देश का पहला व्यक्तिगत सत्याग्रही बनाया। उन्होंने गीता का मराठी में 'गीताई' नाम से अनुवाद किया और पवनार में ब्रह्म विद्या मंदिर की स्थापना की। हिंदी विकास मंच के विमलेश कुमार ने कहा, विनोबा का 'जय जगत' और 'सर्वोदय' का नारा आज भी उतना ही जीवंत है।

## फोन पर मैसेज कर 50 लाख की रंगदारी की मांग, जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र में अज्ञात नंबर से फोन कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित कंचन कुमार (34 वर्ष) ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया है कि रात करीब 7 बजे उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि अपने मोबाइल पर मैसेज देख लेना और मैसेज में लिखा समझ लेना, इतना कहकर फोन काट दिया।

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, हंगामा कर खिड़की के शीशे फोड़े, गार्ड से की मारपीट

**पीएचसी प्रभारी बोले, बच्चे की यहां नहीं हुई मृत्यु बल्कि कहीं और से इलाज करा कर यहां आए थे**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में प्रसव के दौरान नवजात की मौत के बाद परिजनों ने हो हंगामा मचाते हुए अस्पताल प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। वही आक्रोश में खिड़की के सीसे तोड़ डालें,वहीं पकडने आये सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की,मृत बच्चे के पिता गौतम कुमार (मूल निवासी- जहानाबाद, वर्तमान पता-ससुराल दाउदपुर) ने बताया कि उनकी पत्नी गुडिया कुमारी नौ महीने की गर्भवती थी और दो दिन से गर्भ में बच्चे की हलचल बंद थी। इस पर उन्होंने अस्पताल की संगीता नामक स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क किया, जहां उनकी पत्नी पहले काम करती थी। आरोप है कि संगीता ने पानी कम होने की बात कह नॉर्मल डिलीवरी की गारंटी देकर उन्हें अस्पताल बुलाया।गौतम के अनुसार, कल शाम पत्नी को भर्ती कराया गया, तब से ही उसे तेज प्रसव पीड़ा थी। दर्द बढ़ने पर एक इंजेक्शन दिया गया, जिससे दर्द और बढ़ गया। इसके बाद परिजनों को सिर्फ बाहर टहलने की सलाह देकर छोड़ दिया गया। पूरी रात कोई डॉक्टर या स्टाफ देखने



तक नहीं आया। पीड़ित ने बताया कि रात में ऑक्सीटोसिन/ एपिडोसिन इंजेक्शन की जरूरत बताई गई और बाहर से लाने को कहा गया। वह रात में ही दोस्त की मदद से इंजेक्शन लेकर आया, लेकिन स्टाफ ने उसे लगाया ही नहीं। रात भर अलग-अलग नर्सों ने अलग-अलग रिपोर्ट दी। सुबह 4 बजे तक डिलीवरी की बात कह कर बाद में मुकर गए। सबसे गंभीर आरोप यह है कि पूरी रात डिलीवरी वार्ड में एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। पूरा लेबर रूम अठट और नर्सों के भरोसे चल रहा था, सुबह 5 बजे नर्स ने जांच की और 7:32 बजे बच्चे का जन्म हुआ, लेकिन जन्म के समय बच्चा रोया नहीं। मेरा पहला बेटा था, जो अब लौट कर नहीं आएगा। जन्म के बाद उन्होंने तुरंत नाल काट दी। सांस चल रही थी या नहीं, पता ही नहीं चला। रेस्पिरेट करने के नाम पर सिर्फ बच्चे को दबाया गया। पीड़ित ने इस घटना के लिए पूरे सिस्टम को जिम्मेदार ठहराते हुए जिलाधिकारी और सिविल सर्जन से जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के नशे में धुत्त युवक को किया गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गजियापुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान पारस साह के पुत्र दीपक कुमार साह के रूप में हुई है। बताया गया कि युवक को शराब के नशे में पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अवैध वसूली पर दो सिपाहियों पर हुई कार्रवाई

**मोतीहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रघुनाथपुर थाना को सूचना प्राप्त हुआ की मजराहां क्षेत्र में दो व्यक्तियों के द्वारा पुलिस के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। सूचना के सत्यापन के क्रम में पाया गया कि नगर थाना में बाइक सेल में प्रतिनियुक्त सि./57 राजीव कुमार एवं सि./679 आशीष कुमार के द्वारा लोगों को डराने धमकाने तथा गलत मुकदमे में फसाने की धमकी देकर अवैध रूप से पैसा की वसूली की जा रही थी। जांच के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि दिनांक 08/09/26 को मजुराहां के वार्ड पार्षद राकेश सिंह के मोबाइल से राजीव कुमार की पत्नी के मोबाइल पर ₹5000/- (पांच हजार) भेजे गए थे। पूर्व में भी दोनों पुलिसकर्मियों द्वारा इस प्रकार की गतिविधि किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। प्राप्त सूचना उपलब्ध साक्ष्य एवं प्रारंभिक जांच के आधार पर दोनों पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है ' गिरफ्तार (1) सि./57 राजीव कुमार, पे.- स्व. गंगा चौहान, सा. धनराज बिगहा, थाना-मानपुर जिला-नालंदा। (2) सि./ 679 आशीष कुमार, पे.- अनमोल झा, सा.- नारायणपुर, थाना भपटियाही, जिला - सुपौल। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोतिहारी से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया की मामले में अग्रतर विधि - सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### एकमा में देसी शराब बनाने का वीडियो वायरल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद एकमा थाना क्षेत्र में कथित रूप से देसी शराब बनाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में एक महिला घर के समीप देसी शराब बनाती दिखाई दे रही है। वीडियो बनाने को लेकर महिला और एक अन्य महिला द्वारा युवक को धमकी दिए जाने की आवाज भी सुनाई दे रही है। वीडियो की जानकारी मिलते ही एकमा पुलिस ने संबंधित स्थल पर छापेमारी की। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही शराब बनाने में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वहां से देसी शराब बनाने में प्रयुक्त बड़ी मात्रा में सामग्री को नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि जिस स्थान पर कथित रूप से शराब बनाने का काम चल रहा था, वहां पहुंचने के लिए करीब आधा किलोमीटर पैदल जाना पड़ता है। इसी का फायदा उठाकर कारोबारी पुलिस के पहुंचने से पहले भाग निकले। पुलिस ने स्थल को चिह्नित कर लिया है तथा वीडियो में दिखाई दे रही महिलाओं की पहचान भी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि फरार कारोबारियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद क्षेत्र में शराबबंदी कानून के पालन को लेकर चर्चा तेज हो गई है।



### मांग को लेकर बैंक कर्मचारी हड़ताल पर

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर एकमा नगर व प्रखंड क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक सरकारी बैंकों के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण एकमा व आसपास के क्षेत्र में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं और आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ कारोबारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के कारण जमा-निकासी, फिक्स्ड डिपॉजिट, चालान सहित बैंक से जुड़े अन्य कार्य प्रभावित रहे। बैंकों के बंद रहने से व्यवसायियों के लेन-देन और कारोबार पर भी असर पड़ा। बाजार में भी इसका प्रभाव देखने को मिला और बैंकिंग सेवाओं के लिए पहुंचे कई ग्राहकों को निराश होकर लौटना पड़ा। हड़ताली बैंक कर्मचारियों ने बताया कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था को बिना विलंब लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल की गई है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के लघु शाखा के संचालक सतीश कुमार यादव ने बताया कि हड़ताल में भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक और ग्रामीण बैंकों समेत अन्य सरकारी बैंकों के कर्मचारी शामिल रहे।

### ट्रेन में यात्री की तबीयत बिगड़ी, मोकामा ट्रामा सेंटर में डॉक्टर नहीं मिले

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 12318 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस में शनिवार सुबह एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन के मोकामा पहुंचने पर जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने यात्री को बेहोशी की हालत में ट्रेन से उतारकर मोकामा ट्रामा सेंटर पहुंचाया। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद करीब 40 मिनट तक मरीज को चिकित्सक के आने का इंतजार करना पड़ा।जानकारी के अनुसार सुबल विश्वास अपनी पत्नी संध्या विश्वास के साथ लखनऊ से कोलकाता जा रहे थे। बाढ़ स्टेशन के पास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे ट्रेन में बेहोश हो गए। कंट्रोल से सूचना मिलने के बाद मोकामा जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने आनन-फानन में उन्हें ट्रेन से उतारा। इस दौरान ट्रेन मोकामा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर करीब 48 मिनट रुकी रही। ट्रेन सुबह 7:47 बजे मोकामा पहुंची और 8:35 बजे रवाना हुई।रेलवे चिकित्सकों द्वारा यात्री की जांच की गई, लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए उसे ट्रेन से उतारकर इलाज के लिए मोकामा ट्रामा सेंटर भेजा गया। रेल पुलिस के अनुसार करीब 9 बजे मरीज को अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों का आरोप है कि उस समय ट्रामा सेंटर में न तो चिकित्सक मौजूद थे और न ही पर्याप्त चिकित्साकर्मी। गंभीर हालत में मरीज को ऑक्सीजन मास्क लगाकर बेड पर रखा गया और परिजन तथा रेल पुलिसकर्मी चिकित्सक के आने का इंतजार करते रहे।करीब 40 मिनट बाद चिकित्सक पहुंचे और मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया। इस घटना ने एक बार फिर मोकामा ट्रामा सेंटर की स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सकों की ड्यूटी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों के समय पर ड्यूटी पर नहीं रहने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं।



# महेंद्रनाथ संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर में बाल संसद चुनाव का परिणाम घोषित, 9 विद्यार्थी निर्वाचित

**एकमा/रसूलपुर (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के रसूलपुर स्थित महेंद्रनाथ संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय, रसूलपुर में शिक्षा विभाग व बीईओ मनोज कुमार के निर्देशानुसार संपन्न हुए बाल संसद चुनाव का परिणाम शनिवार को मतगणना के बाद घोषित किया गया। चुनाव में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लिया था। विभिन्न पदों के लिए कुल 35 छात्र-छात्राओं ने अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की थी। इनमें से नौ विद्यार्थियों को अलग-अलग मंत्री पदों के लिए निर्वाचित किया गया, जबकि जल एवं कृषि मंत्री के पद पर आकाश कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। घोषित परिणाम के अनुसार प्रधानमंत्री पद पर वर्ग छह की श्रीति कुमारी, उप प्रधानमंत्री पद पर वर्ग सात के अभय कुमार, शिक्षा मंत्री पद पर वर्ग छह के अनूप कुमार, खेल एवं संस्कृति मंत्री पद पर वर्ग छह की अंजली कुमारी, सुरक्षा एवं शासन मंत्री पद पर वर्ग छह के सुमित कुमार निर्वाचित हुए। इसी तरह मध्याह्न भोजन एवं पोषण मंत्री के रूप में वर्ग छह की नंदिनी कुमारी, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री के रूप में वर्ग छह के आदित्य कुमार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री के रूप में वर्ग सात की प्रवीणा कुमारी तथा जल एवं कृषि मंत्री के रूप में वर्ग सात के आकाश कुमार निर्वाचित हुए। आकाश कुमार इस पद पर निर्विरोध चुने गए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की दी जानकारी मतगणना के बाद परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित बाल संसद सदस्यों और विद्यालय के विद्यार्थियों में खुशी का माहौल रहा। विद्यालय परिवार की ओर से सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। प्रधानाध्यापिका समृद्धि कुमारी ने कहा कि बाल संसद के माध्यम से विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान के मूल्यों को व्यवहारिक रूप से समझने का अवसर मिलता है। इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। शिक्षक राहुल कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ ऐसी गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। बाल संसद के माध्यम से विद्यार्थी लोकतंत्र, चुनाव, नेतृत्व, निर्णय लेने और जिम्मेदारी जैसे विषयों को किताबों के बजाय व्यवहार में सीखते हैं। विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित बाल संसद के सभी सदस्यों के सफल एवं जिम्मेदार कार्यकाल की मंगलकामना की।



### एमजीसीयू जंतु विज्ञान विभाग के छात्र ने लहराया परचम

# सीएसआईआर-यूजीसी नेट जून 2026 में 97.85 पर्सेंटाइल हासिल किया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमजीसीयु जंतु विज्ञान विभाग के छात्र मो. अशरफ अयूब ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट जून 2026 परीक्षा में शानदार 97.85 पर्सेंटाइल प्राप्त कर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।जीव विज्ञान (लाइफ साइंसेज) विषय में उपस्थित होते हुए, मो. अशरफ अयूब ने देशभर से पंजीकृत 83,546 अभ्यर्थियों में से परीक्षा में शामिल हुए 67,650 अभ्यर्थियों में रैंक 29 हासिल की- यह परिणाम उन्हें देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल करता है।इस उपलब्धि के साथ, मो. अशरफ अयूब सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) पद तथा पीएच.डी. में प्रवेश दोनों हेतु पात्रता प्राप्त कर चुके हैं, जिससे जीव विज्ञान के क्षेत्र में एक उज्ज्वल शैक्षणिक एवं शोध कैरियर के द्वार खुलते हैं।जंतु विज्ञान विभाग के शिक्षकों एवं सहपाठियों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके व्यक्तिगत परिश्रम के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मार्गदर्शन की गुणवत्ता को भी दर्शाती है। इस अवसर पर बोलते हुए, जंतु विज्ञान विभाग ने मो. अशरफ अयूब को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सफलता अन्य छात्रों को शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित करेगी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मो. अशरफ अयूब को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है और उनके शैक्षणिक एवं शोध जीवन की निरंतर सफलता की कामना करता है।



# निरंजन सिंह बने जदयू के सारण जिला महासचिव

### मांझी विधायक रणधीर सिंह ने मनोनयन पत्र सौंपकर दी बधाई, पार्टी संगठन को मजबूत करने की जताई उम्मीद

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू के सारण जिला संगठन में मांझी इलाके के फुलवरिया गांव निवासी निरंजन सिंह को जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। इस आशय का मनोनयन पत्र सौंपते हुए मांझी विधायक रणधीर सिंह ने निरंजन सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जदयू सारण जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह 'विकल' की ओर से जारी मनोनयन पत्र में निरंजन सिंह को जिला महासचिव मनोनीत किए जाने की जानकारी दी गई है। पत्र में उनके कार्यकुशलता एवं पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेदारी दिए जाने की बात कही गई है। साथ ही उम्मीद जताई गई है कि वे पार्टी के कार्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि निरंजन सिंह के अनुभव और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने नवमनोनीत जिला महासचिव के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए संगठन हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। वहीं निरंजन सिंह के जिला महासचिव मनोनीत होने पर एकमा-भट्टोली निवासी व वरिष्ठ जदयू नेता राजीव कुमार शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भी खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन को गांव-पंचायत से लेकर जिला स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।



### इंटरनेशनल सिने अवार्ड 2026 में बिहार की फिल्म 'चम्पारण सत्याग्रह' ने बेस्ट स्टोरी का जीता अवार्ड

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंबई में इंटरनेशनल सिने अवार्ड 2026 का भव्य आयोजन राम गणेश गडकरी रंगायतन हॉल, तलाव पाली के पास, ठाणे (पश्चिम) में किया गया। इस अवसर पर अवॉर्ड वितरण के साथ साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति ओंकार फूलचंद ने किया, जिसमें विभिन्न अलग अलग कैटेगरी में अवॉर्ड वितरण किया गया। भव्य आयोजन के बीच बिहार की युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट की फिल्म चम्पारण सत्याग्रह ने बेस्ट स्टोरी, बेस्ट फीचर फिल्म एवं बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड जीता। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता, निर्देशक महेश कोठारे, 'धर्मवीर' और 'मुशी तोपफखान' जैसी फिल्मों के निर्देशक और दमदार अभिनेता प्रवीण तरडे, मराठी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता स्वप्निल जोशी, अंकुश चौधरी और सुबोध भावे के अलावा बॉलीवुड भोजपुरी फिल्मों की मशहूर हस्तियों ने शिरकत किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 987 वादों का निष्पादन



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर, छपरा में वर्ष 2026 की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सच्ची मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार, मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल पूर्णेन्दु रंजन तथा विधि मंडल के सचिव शशि भूषण तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। लोक अदालत में मामलों के त्वरित निपटारे के लिए कुल 17 पीठों का गठन किया गया था। इनमें दो बेंच डीटीओ कार्यालय तथा दो बेंच सोनपुर अनुमंडल न्यायालय में गठित किए गए थे। लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व, बिजली-पानी बिल तथा ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। न्यायालय में लंबित मामलों के साथ न्यायालय आने से पहले के प्री-लिटिगेशन मामलों का भी आपसी सहमति और सुलह के आधार पर निपटारा किया गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, न्यायालय द्वारा कुल 987 वादों का निष्पादन किया गया। वहीं सोनपुर में रेलवे एक्ट के तहत प्री-लिटिगेशन के 853 वादों का निष्पादन हुआ। डीटीओ एवं ट्रैफिक से संबंधित 666 चालानों का निष्पादन किया गया, जिससे कुल 21,81,872 रुपये की रिकवरी हुई। सभी बैंकों के सेटलमेंट से 4,40,91,674 रुपये तथा रिकवरी के रूप में 2,33,50,396 रुपये प्राप्त हुए। न्यायालय स्तर पर सेटलमेंट की राशि 5,60,000 रुपये रही। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला जज सच्ची मिश्रा ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक त्वरित, सुलभ और सस्ता न्याय पहुंचाना है। लोक अदालत में किसी की हार या जीत नहीं होती, बल्कि दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर घर लौटते हैं। इससे समय और धन की बचत के साथ समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द भी मजबूत होता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से समझौते के आधार पर निष्पादित मामलों के खिलाफ अपील नहीं होती है। इससे मामलों का अंतिम रूप से निपटारा सुनिश्चित होता है। उन्होंने वादकारियों, अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों और प्रेस प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

# सारण में बाढ़ के तेज बहाव में युवक डूबा, तलाश में जुटी एसडीआरएफ

### पुराने घर जाने के दौरान डुमरी नेहाला टोला के पास हुआ हादसा, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी नेहाला टोला गांव के समीप रविवार को बाढ़ के पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से एक 20 वर्षीय युवक के डूबने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। हादसे के बाद युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर खोजबीन में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगही कॉलोनी निवासी वीरेंद्र राय का 20 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार अपने पुराने घर नेहाला टोला जा रहा था। इसी दौरान वह बाढ़ के पानी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और बह गया। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने पानी में युवक की तलाश करने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी। टीम द्वारा बाढ़ के पानी में लगातार खोजबीन की जा रही है। इधर, धीरज के बाढ़ के पानी में डूबने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण भी युवक की सकुशल बरामदगी की उम्मीद लगाए हुए हैं।





### एकमा अंचल कार्यालत में जनता दरबार आयोजित

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के एकमा स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद एवं जमीन से जुड़े मामलों को लेकर कई फरियादी पहुंचे। अंचलाधिकारी रवि शेखर एवं राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित कागजात व राजस्व अभिलेखों की जांच की। जनता दरबार में पूर्व में प्राप्त चार आवेदनों का निष्पादन किया गया, जबकि शनिवार को चार नए आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने फरियादियों को उनके मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। अंचलाधिकारी रवि शेखर ने कहा कि भूमि संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन के लिए प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरियादी अपने मामलों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि अभिलेखों की जांच कर उचित कार्रवाई की जा सके।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ए.के. फाउंडेशन एवं श्री माधव वृद्धाश्रम ने 400 से अधिक परिवारों तक पहुंचाई राहत सामग्री

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ की विभीषिका झेल रहे परिवारों की सहायता के लिए ए.के. फाउंडेशन एवं श्री माधव वृद्धाश्रम की ओर से शुक्रवार को व्यापक राहत एवं जनसेवा अभियान चलाया गया। संस्था के राष्ट्रीय सचिव अमन कुमार एवं राष्ट्रीय प्रधान अध्यक्ष संजीत कुमार संगू के नेतृत्व में रामचौरा, तेरेसिया एवं हरवंशपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ट्रैक्टर के माध्यम से पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों के बीच राहत सामग्री वितरित की गई।अभियान के दौरान संस्था के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में घर-घर जाकर महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं अन्य जरूरतमंद लोगों की स्थिति का जायजा लिया तथा उन्हें आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान 400 से अधिक परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। प्रत्येक परिवार को 5 किलो आटा, 3 किलो आलू, आधा किलो सरसों तेल, 1 किलो नमक एवं एक पैकेट बिस्किट प्रदान किया गया।राहत वितरण अभियान में संस्था के साथी सक्सेना जी, नवीन जी, मीना जी, प्रिंस, सोनू यादव, मन्नू यादव, अशरफी जी, दीपक जी, अर्जुन जी, अनिल जी, इंदल पासवान, पिंटू सहनी, अरुण चौधरी एवं कपलेश्वर राय ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि आपदा की घड़ी में जरूरतमंदों के साथ खड़ा होना ही सच्ची मानव सेवा है। ए.के. फाउंडेशन एवं श्री माधव वृद्धाश्रम की ओर से भविष्य में भी बाढ़ प्रभावित एवं जरूरतमंद परिवारों की आवश्यकता के अनुसार राहत एवं सहायता कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।



# रेड़ क्रॉस सोसाइटी की तरफ 150 टी. बी. मरीजों को पोषाहार किट का वितरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, द्वारा टी.बी. मरीजों को पिछले माह की भांति इस माह सितम्बर में भी 150 टी.बी. मरीजों के बीच पोषाहार किट का वितरण 12.09.2026 को जिले में जनभागीदारी से मजबूत करने की दिशा में प्रधानमंत्री टी0 बी0 मुक्त भारत अभियान को गति देने के उदेश्य से रेड क्रॉस सोसाइटी, मोतिहारी परिसर में टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित कर 150 टी0 बी0 से ग्रसित मरीजों के बीच फूड बास्केट वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार भारती -सह- अपर समाहर्ता, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी, कार्यकारी सदस्य, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी-सह-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के साथ-साथ नगर निगम के उप मेयर लाल बाबू प्रसाद तथा सिसवा पंचायत की मुखिया तान्या प्रवीण की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# अस्पताल की बदहाली पर एसडीओ सख्त, डॉक्टरों को रोस्टर के अनुसार अनिवार्य रूप से मौजूद रहने के निर्देश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरीज को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जांच को लेकर शुक्रवार को एसडीएम धनराज कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ शुक्रवार को अनुमंडलीय अस्पताल मसौढी का औचक निरीक्षण किया। जहां अव्यवस्थाओं की पोल खुल गई। टूटी दीवारें, गंदगी का अंबार, खराब शौचालय और लचर सुरक्षा व्यवस्था देख एसडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान पीजीआरओ सोनाली भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम धनराज कुमार ने मरीजों से भी बात की, ओपीडी को देखा, इसके अलावा कई वार्ड में घूम कर खुद निरीक्षण किया, दवा काउंटर पर दवा ले रहे हैं मरीजों से भी पूछताछ की एवं अस्पताल की सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया, मौके पर ही अस्पताल के उपाधीक्षक को तलब कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने भवन की तुरंत मरम्मत और रंग-रोगन, परिसर में साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, शौचालय और नाले की मरम्मत, मुख्य सड़क से अस्पताल तक साइनेज लगाने, बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने और डॉक्टरों को रोस्टर के अनुसार अनिवार्य रूप से मौजूद रहने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही भवन की मजबूती के लिए भवन निर्माण विभाग, विद्युत सुरक्षा के लिए बिजली विभाग और सुरक्षा मानकों के लिए फायर विभाग से जांच कराने का भी आदेश दिया गया। एसडीओ ने चेतावनी दी कि निर्देशों का पालन जल्द नहीं हुआ तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।



# सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं ने पकड़ी रफ्तार, तीन महीने में रिकॉर्ड 1,643 सर्जरी

### अगस्त में सबसे ज्यादा 662 ऑपरेशन, प्रसूति विभाग में 1,290 सिजेरियन प्रसव

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अस्पताल हाजीपुर में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ इलाज मुहैया कराने की दिशा में स्वास्थ्य सेवाओं ने नई ऊंचाई छुई है। अस्पताल के एमसीएच ओटी और जनरल ओटी में बीते तीन महीनों जून, जुलाई और अगस्त के दौरान कुल 1,643 सफल ऑपरेशन किए गए। यह आंकड़ा जिले में सुदृढ़ होती चिकित्सा व्यवस्था और सरकारी स्वास्थ्य तंत्र पर आम लोगों के बढ़ते भरोसे को साफ दर्शाता है।

**प्रसूति विभाग में सुरक्षित मातृत्व पर जोर**

अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने सुरक्षित मातृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। इस विभाग में तीन महीनों के भीतर कुल 1,565 शल्य प्रक्रियाएं की गईं, जिनमें 1,290 एलएससीएस यानी सिजेरियन प्रसव और 275 पीपीएस शामिल हैं। विभाग में माहवार आंकड़ों पर नजर डालें तो जून में 421 और जुलाई में 494 ऑपरेशन हुए, जबकि अगस्त में यह संख्या बढ़कर रिकॉर्ड 650 तक पहुंच गई, जो इस पूरी अवधि में सबसे अधिक है।

**हादसे के घायलों को समय पर मिला इलाज**

दूसरी ओर जनरल सर्जरी विभाग ने भी आपातकालीन और सामान्य दोनों तरह के मामलों में तत्परता दिखाई है। विभाग में जून से अगस्त के बीच कुल 353 सर्जरी की गईं। इनमें सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े आरटीए वुंड रिपेयर के 187 मामले प्रमुख रहे। इसके अलावा सिस्ट के 23, आई एंड डी के 13, फाइमोसिस के 8, फॉरेन बॉडी निकालने के 9 और अन्य विभिन्न प्रकार की शल्य प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी की गईं।

**हर महीने बढ़ता गया सर्जरी का ग्राफ**

अस्पताल के कुल प्रदर्शन की बात करें तो तीनों महीनों में ऑपरेशन के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। जून में कुल 446 और जुलाई में 535 सर्जरी की गई, जबकि अगस्त में यह आंकड़ा बढ़कर 662 तक पहुंच गया। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. शाहू ने कहा कि सदर अस्पताल में आने वाले हर मरीज को समय पर बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना स्वास्थ्य महकमे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आवश्यक शल्य प्रक्रियाएं अस्पताल स्तर पर ही सुनिश्चित होने से मरीजों को बाहर रेफर करने की जरूरत काफी कम हुई है, जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) डॉ. कुमार मनोज ने कहा कि अस्पताल में संसाधनों और कार्यप्रणाली को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, जिसका सीधा असर सर्जरी के बढ़ते आंकड़ों में दिख रहा है। उन्होंने बताया कि प्रसूति एवं सामान्य सर्जरी दोनों ही विभागों में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम पूरी मुस्तैदी से सेवा दे रही है, जिससे जिले के लोगों को बिना किसी परेशानी के स्थानीय स्तर पर ही उच्चस्तरीय इलाज मिल पा रहा है।



CMYK

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 584 मामलों का निबटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। विकास कुमार अनुमण्डलीय न्यायिक दंडाधिकारी, अनुराग गौरव-न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, करिश्मा कुमारी- न्यायकर्ता, अमरेश कुमार दीपक-न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी, चंदन कुमार-न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी तथा शशिभूषण सिंह-अध्यक्ष व रामाशीष सिंह-सचिव विधिक संघ दाउदनगर तथा बैंक के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा दो बेंच का गठन किया गया। बेंच संख्या 11 में विकास कुमार अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी एवं अमरेश कुमार दीपक न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी, कृष्ण मुरारी अधिवक्ता द्वारा 147 सुलहनीय वाद तथा आपराधिक मामलों का 120 वादों का निष्पादन किया गया। बेंच संख्या 12 में अनुराग गौरव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, चंदन कुमार न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रेणी एवं अधिवक्ता दिनेश कुमार द्वारा आपराधिक मामलों का कुल 115 वादों का निष्पादन किया गया। बेंच संख्या 13 में करिश्मा कुमारी एवं अधिवक्ता दिलीप कुमार द्वारा सभी बैंको का कुल 202 वाद का निष्पादन करते हुए लगभग 93 लाख रुपये का सेटलमेंट किया गया। तीनो बेंचों को मिलाकर कुल 584 वादों निष्पादन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कई पुराने वादों तथा पति-पत्नी, देवर भाभी, बाप बेटे का भी वाद सुलह हो जाने के करण निष्पादन किया गया साथ ही बीएसएनएल एवं बैंक से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया गया। अनुमण्डलीय न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निपटारा तो किया ही गया, अगले राष्ट्रीय लोक अदालत में और सुलहनीय वादों का निष्पादन कराने हेतु लोगो को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि आगामी लोक अदालत में अधिक से संख्या में वादों के निष्पादन में सहयोग करें और अपने अपने मुवक्किलों को जागरूक करें।



**कुल 202 वाद का निष्पादन करते हुए लगभग 93 लाख रुपये का किया सेटलमेंट**

## सेवा दिवस के रूप में मना कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार का जन्मदिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश कुमार का जन्मदिवस शनिवार को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कुटुम्बा रेफरल अस्पताल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मरीजों के बीच फल बांटकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार के जन्मदिवस को सेवा भाव के साथ मनाया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जिला पार्षद सदस्य सुरेंद्र यादव, कुटुम्बा प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, युवा नेता सूरज कुमार राय, नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, अकबर अली, युवा नेता मो. ताबिश, जीशान सिद्दीकी, बटेश्वर तिवारी, सीताराम मेहता, रंजय सिंह, मनीष यादव, महताब खान और सद्दाम अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने राजेश कुमार के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

# गौरी के उबटन से जन्मे गणेश की जयंती कल

**पांच देवताओं में प्रथम पूजा गणेश की मान्य**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव सोमवार को मनाया जायेगा। इसी दिन गौरी (माता पार्वती) के उबटन से विनायक गणेश का प्रकाट्य हुआ था। कर्मकांड के विद्वान आचार्य लाल मोहन शास्त्री ने बताया कि सनातन कर्मकांड में गणेश पञ्च देवता में प्रथम देवता माने जाते हैं। इनकी पूजा में विशेष रूप से दुर्वा (घास) एवं मोदक (लड्डू) का विशेष रूप से प्रयाग किया जाता है। इनकी पूजा में तुलसी दल का प्रयोग भूलकर भी नहीं करना चाहिए। गणेश जी पर सिन्दूर जरूर चढ़ाये। गुड़ और चावल नैवेद्य में जरूर रखें।

इनकी पूजा सर्व प्रथम सभी देवताओ ने गणों के ईश रूप में सम्मानित किया। सभी कार्यो में श्री गणेश की पूजा सभी देवताओं से पहले होने की परम्परा है। लोकमान्य गंगाधर तिलक ने दस दिवसीय पर्व बनाया था, जो आज भारत वर्ष के सम्पूर्ण राज्यों में हो रहा है। इनकी पूजा उपासना करने से कार्य निर्विध्नता पूर्वक सम्पन्न होता है।

**दाउदनगर में चार स्थानों पर गणेश पंडाल**

दाउदनगर में गणेश पूजा धूमधाम से मनाने की तमाम आयोजक समितियों ने तैयारी कर रखी है। पंडाल बनाये जा रहे हैं। सजावटें की जा रही है। यहां चार स्थानों पर अलग अलग पूजा समितियों द्वारा गणेश पंडाल बनाये जा रहे हैं। यहां लखन मोड़, बाबा बिहारी दास संगत, शुक बाजार एवं नगर परिषद कार्यालय रोड में आकर्षक पूजा पंडाल बनाये जा रहे हैं। आकर्षक रंगीन रौशनी और फूलों समेत अन्य सजावटी सामग्रियों से सजावटें की जा रही है।

## 37वें वार्षिकोत्सव पर पुस्तकालय कराएगा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर में निबंध संस्था मगध एजुकेशनल एंड सोशल ऑर्गेनाइजेशन (मेसो) द्वारा संचालित महर्षि दयानंद सरस्वती पुस्तकालय द्वारा 37 में वार्षिकोत्सव पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। इस आशय का निर्णय शुक्रवार की रात पुस्तकालय में हुई बैठक में लिया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए लाइब्रेरी सदस्यों को दायित्व दिया गया। इसके लिए कार्यक्रम अध्यक्ष शुभम चौरसिया, कार्यक्रम कोषाध्यक्ष आकाश कुमार, फॉर्म प्राप्तकर्ता पदाधिकारी आयुष कुमार व गोलु कुमार बनाये गए। संपर्क अभियान की जिम्मेदारी गोलू कुमार, आकाश कुमार एवं नमन कुमार को दी गयी है। सभा द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एक नवंबर को आयोजित की जायेगी। भागीदारी का फॉर्म लेने की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर तय है।



## चोरी के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के पीरु गांव टोले बेला विगहा से चोरी की मामाले में हसपुरा पुलिस ने रामानंद यादव के पुत्र गुडु यादव को शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया। जिसे शनिवार को न्यायलय में पेश कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की गुडु यादव पटना जिला के पाली बाजार से एक ट्रैक्टर चोरी हुई थी। अनुसंधान में चोरी करने का नाम सामने आने पर पकड़ा गया। जिसे लेकर कानुनी कार्रवाई करते हुए पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# प्रमुखता से करें सेवा संकल्प के कार्य : संजय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष रंजन वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम एकौनी में शनिवार को बैठक की गई। संचालन महामंत्री रवि शर्मा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय मेहता उपस्थित रहे। कहा कि आने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर मण्डल में प्रमुखता से कार्य करना है। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच एक माह तक चलेगा। इस अभियान में प्रदेश द्वारा 13 कार्यक्रम दिया गया है, जिसे करवाना सुनिश्चित करना है। प्रमुख रूप से 13 कार्यक्रम जैसे सपनों का भारत, आंगन की उत्सव, विकसित भारत संकल्प, विशाल ज्योति यात्रा, रंगोली राष्ट्र सहित प्रमुखता से करना है। बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह दाउदनगर भाजपा अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सौ प्रतिशत अपने बूथ पर करना है और सरल एप पर अपलोड करना है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रामसकल मेहता, मंत्री ओम प्रकाश कुमार उमेश प्रसाद, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान अंसारी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सुधीर पासवान, राममुनी पाण्डेय, लव कुमार उर्फ बिरेंद्र कुमार, रंजीत ओझा, वरिष्ठ कार्यकर्ता धन्नजय चंद्रवंशी, हरिवंश द्विवेदी, केदारनाथ गुप्ता, लक्ष्मण पासवान, रविन्द्र कुमार, नागेन्द्र प्रसाद, बिन्देव मिस्त्री, डोमन मिस्त्री उपस्थित रहे।



# छात्राओं की 'नए और अनोखे विचार' पर प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, कुशी, औरंगाबाद में विभाग द्वारा निर्धारित गतिविधि के अंतर्गत 11 सितंबर (शुक्रवार) को इंस्पायर मानक के तहत नए और अनोखे विचार विषय पर चारों सदनों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों—सावित्रीबाई फुले सदन, जगजीवन सदन, दशरथ मांझी सदन एवं बिरसा मुंडा सदन की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्राओं ने अपनी रचनात्मक एवं वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन करते हुए सौर ऊर्जा, पवन चक्की एवं ज्वालामुखी से संबंधित विभिन्न सृजनात्मक मॉडल एवं नवाचारी प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या सविता, संबंधित सदनों के मेंटर्स एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मॉडलों एवं उनके नवाचारी विचारों को देखकर सभी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रतिमा तिवारी ने छात्राओं की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, रचनात्मकता एवं समस्या-समाधान की क्षमता का विकास होता है। विद्यालय परिवार द्वारा छात्राओं को निरंतर नवाचार एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।




# रफीगंज में 33वां बाबा गणिनाथ पूजनोत्सव धूमधाम से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के कासमा रोड स्थित आरबीआर खेल मैदान में शनिवार को 33वां बाबा गणिनाथ पूजनोत्सव समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भव्य मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा महाभंडारे का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह तथा पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ. गोपाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। आयोजकों ने अतिथियों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय कुमार गुप्ता एवं संचालन सचिव धीरज गुप्ता ने किया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि हलवाई समाज ने सदैव सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया है और ऐसे आयोजन भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने स्वयं को जात का नहीं, बल्कि जमात का नेता बताते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र व राज्य सरकारें परिवारवाद से परे हटकर जनहित व छात्रों के कल्याणार्थ कार्य कर रही हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि लालू परिवार के शासनकाल में वंशवाद को बढ़ावा मिला और चरवाहा विद्यालय के जरिए शिक्षा के स्तर को क्षति पहुंचाई गई। सांस्कृतिक संध्या में गायिका कंचन सिंह, वायरल गर्ल सलोनी और सृष्टि ने भजनों व गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। तत्पश्चात विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर उदय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, कन्हाई प्रसाद, संतन प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, उदय गुप्ता, अशोक प्रसाद, कमलेश गुप्ता, सोनू, मिथिलेश कुमार, चीकू कुमार, रविंद्र कुमार, अजय गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, आनंद गुप्ता, पिंटू कुमार, प्रशांत कुमार उर्फ सेठ, प्रमोद कुमार व मिथिलेश गुप्ता उपस्थित थे।



# चोंगथाम विक्रम सिंह की हत्या पर प्रलेस और इप्टा ने जताया आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) की नई कार्यकारिणी एक्शन मोड में है। संघ और भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिल्ली में मणिपुरी कलाकार चोंगथाम विक्रम सिंह की हत्या पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की तथा केंद्र और दिल्ली सरकार के प्रति आक्रोश जताया। प्रलेस सचिव अशोक समदर्शी और नवादा इप्टा अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रगतिशील मिजाज के संस्कृतिकर्मियों को निशाना बनाया जाना बेहद चिंताजनक है। पूर्वोत्तर राज्यों के लोक कलाकारों और नागरिकों के साथ भेदभाव की घटनाएं महज संयोग नहीं, बल्कि नफरत और हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति का संकेत हैं। प्रलेस के कार्यकारी अध्यक्ष शंभू विश्वकर्मा ने कहा कि चोंगथाम विक्रम सिंह केवल संगीतकार नहीं थे, बल्कि मणिपुर के सांस्कृतिक इतिहास और रॉक संगीत परंपरा के शुरुआती एवं सम्मानित कलाकारों में शामिल थे। उनकी हत्या ने देश के संस्कृतिकर्मियों को गहरे सदमे में डाल दिया है। प्रलेस और इप्टा के नेताओं ने हत्या के जिम्मेदार अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने तथा पूर्वोत्तर के नागरिकों को सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग सरकार से की है। संस्कृतिकर्मियों ने लेखकों, कवियों, कलाकारों और प्रगतिशील विचारधारा से जुड़े लोगों से ऐसी घटनाओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को नफरत, असहिष्णुता और हिंसक प्रवृत्तियों से बचाने के लिए सांस्कृतिक एकता जरूरी है।



# मानववाद से आएगी समाज में सुख, शांति और समृद्धि होगी : ऊषा सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मानववादी संगठन अर्जक संघ नवादा का छठा जिला सम्मेलन जिला संयोजक राम सहाय प्रसाद की अध्यक्षता में गोनावां स्थित बंधन मैरेज हॉल में की गई। सम्मेलन का संचालन संघ के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र पथिक ने की। सम्मेलन की शुरुआत ब्रह्मदेव प्रसाद द्वारा संविधान की प्रस्तावना से हुई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि ऊषा सिंह ने कहा कि मानववाद से ही देश और समाज में सुख, शांति और समृद्धि स्थापित होगी। इसके लिए अर्जक संघ अपने स्थापना काल 1968 से ही प्रयासरत है। इसके लिए संघ ने मानववादी विचार , आचार, संस्कार और त्यौहार प्रतिपादित कर दिया है। लोग इसे अपना भी रहे हैं। समाज में बराबरी लाने लिए खान–पान, उठन बैठन और बोल चाल में समता लाना आवश्यक है।

इसके लिए अर्जक साहित्य की रचना भी की गई है। उन्होंने महिला उत्थान पर विशेष जोर देते हुए पितृ सत्ता को भी चुनौती दी और कहा कि महिला और पुरुष दोनों को बराबरी का दर्जा देने एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करना जरूरी है। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए परमेश्वर मंडल ने कहा कि सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक समानता के लिए अर्जक संघ सक्रिय है। बिहार में संगठन का विस्तार भी तेजी से हो रहा है।

उन्होंने बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, राम स्वरूप वर्मा,शहीद जगदेव प्रसाद, ललई सिंह यादव,चौधरी महराज सिंह भारती आदि अर्जक विचारकों के नीति रीति को अपनाने पर बल दिया। सम्मेलन को संघ के नेता ब्रह्मदेव प्रसाद, किशोरी शरण, उपेन्द्र पथिक, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद प्रभाकर, बसंत वर्मा, श्वेता कुमारी, अनामिका कुमारी, सुमित्रा सिन्हा, नंदकिशोर प्रसाद, महेंद्र यादव, कमलेश कमल, भुवनेश्वर प्रसाद, सुनील कुमार, इंद्रदेव प्रसाद ,जगदीश प्रसाद बैजनाथ प्रसाद लक्ष्मण प्रसाद, डॉ किशोरी प्रसाद, जयपाल कुमार आदि अर्जक वक्ताओं ने कहा कि अर्जक संघ के द्वारा प्रतिपादित मानववादी विचार ,आचार, संस्कार और त्यौहार को अपनाकर ही समाज में शांति,सुख और समृद्धि प्राप्त किया जा सकता है। वक्ताओं ने श्रम को महत्ता देने, श्रमशील कौमों को एकत्रित करने और उनकी उन्नति का पथ प्रशस्त करने पर बल दिया। साथ ही वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की वकालत की। सम्मेलन में गायक सुरेन्द्र प्रसाद ने अपने गायन के माध्यम से अर्जक रीति नीति को अपनाने पर जोर दिया। अर्जक संघ के मिशन को आगे बढ़ाने वाले अर्जकों को इस सम्मेलन में अंगवस्त्र और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आज रात्रि को अर्जक संघ की प्रांतीय समिति की बैठक भी होगी जिसमें प्रदेश के सामाजिक सांस्कृतिक परिवर्तन पर विस्तार से चर्चा होगी।




# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन तथा जिले में दोनों अभियानों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 'सेवा संकल्प अभियान' 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनभागीदारी एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। इसके अंतर्गत 'आशीर्वाद का दीया', 'सेवा चित्र', 'सेवा स्मरण', 'आंगन का मिलन', 'कहानी बदलाव की', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'सेवा के रंग' तथा 'हैकथॉन और इनोवेशन चैलेंज'' जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 'सेवा मेरा योगदान' गतिविधि के तहत जिले में मॉडल गांव विकसित किया जाएगा। मॉडल गांव में स्वच्छता एवं साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरे गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। गांव में स्वच्छता, हरियाली एवं बेहतर वातावरण के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं 'कायाकल्प अभियान' 17 सितंबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पूर्व से निर्मित सार्वजनिक परिसंपत्तियों के अनुरक्षण, मरम्मति, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आवश्यकतानुसार नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण एवं जनसुविधाओं का उन्नयन करना है। अभियान के तहत विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों की मरम्मति, साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल परिसंपत्तियों के अनुरक्षण, विशेष स्वच्छता अभियान, सोलर स्ट्रीट लाइट, गली-नाली के पक्कीकरण तथा अन्य आवश्यक जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कार्य किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में भी सार्वजनिक परिसंपत्तियों एवं स्ट्रीट लाइट की मरम्मति तथा आवश्यकतानुसार नई परिसंपत्तियों के निर्माण पर जोर रहेगा। कायाकल्प अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग 10 प्राथमिकता वाली योजनाओं का चयन किया जाना है। योजनाओं के चयन में विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भूमि की उपलब्धता, तकनीकी विवरण एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं का सत्यापन किया जाएगा। चयनित योजनाओं का अनुमोदन ग्राम सभा की विशेष बैठक के माध्यम से कराया जाएगा तथा उनकी प्रविष्टि 'सेवा संकल्प' पोर्टल पर की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को दोनों अभियानों के कार्यों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं के नियमित अनुश्रवण, स्थल निरीक्षण एवं प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' के माध्यम से जिले में जनभागीदारी को मजबूत करने के साथ-साथ सार्वजनिक परिसंपत्तियों को बेहतर, उपयोगी एवं जनहितकारी बनाया जाए, ताकि आमजनों को अधिक सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज एवं सभी बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, एमओ, सीडीपीओ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।



## विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन, 30 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा/औरंगाबाद।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की देखरेख प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार ने की। संगोष्ठी में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से चयनित कुल 30 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों का चयन लिखित परीक्षा, व्याख्यान एवं पोस्टर प्रस्तुति के आधार पर किया गया। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में उपेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, आशा मिश्रा, दीक्षित राज एवं पप्पू कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च विद्यालय अहियापुर के ऋषिकेश कुमार ने प्रथम, गायत्री कुमारी ने द्वितीय, बाला बिगहा विद्यालय के सबना प्रवीण ने तृतीय, महुली विद्यालय की अदिति राज ने चतुर्थ तथा अमझर शरीफ विद्यालय के कादिल अंसारी ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में हसपुरा प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। जानकारी के अनुसार विद्यालय स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन 21 अगस्त को किया गया था। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया। प्रखंड स्तर से चयनित प्रतिभागी 21 सितंबर को होने वाली जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में भाग लेंगे। इसके बाद 30 सितंबर को प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित होगी। राज्य स्तर के लिए चयनित प्रतिभागी 8 अक्टूबर को श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र, गांधी मैदान, पटना में अपनी प्रस्तुति देंगे। संगोष्ठी में ईटवां, महुली, अहियापुर, चौराही, अमझर शरीफ, बाला बिगहा एवं कोईलवां सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षक मनोज कुमार, महताब आलम, उपेंद्र पंडित, निशा कुमारी, अजीत कुमारी, श्वेता मौर्या सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत राशन कार्ड निर्माण का निर्देश

## राशन कार्ड निर्माण को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में राशन कार्ड निर्माण, आगामी एमएलसी चुनाव की तैयारियों तथा सेवा संकल्प अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम आगामी एमएलसी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया को पूरी गंभीरता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि नियमानुसार अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने की कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक में राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण से संबंधित लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए 15 सितंबर तक शत-प्रतिशत राशन कार्ड निर्माण का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि दरभंगा जिले में अब तक लगभग 8,000 नए राशन कार्ड का निर्माण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने पात्र लाभुकों का राशन कार्ड निर्धारित समय-सीमा के भीतर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए राशन कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा पात्र परिवारों को सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 17 सितंबर को सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी सरकारी कार्यालयों एवं अस्पतालों में सेवा संकल्प कार्यक्रम के अवसर पर दीप प्रज्वलित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी अन्य तैयारियों को भी समय पर पूरा करने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, उप विकास आयुक्त स्वप्निल, सिविल सर्जन डॉ. अरुण कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस चांदनी सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सहित संबंधित जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 4,947 लीटर विदेशी शराब जब्त, ड्राइवर-खलासी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** डीएम कौशल कुमार के निर्देशानुसार जिले में मद्यनिषेध कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा अवैध शराब के कारोबार, परिवहन एवं भंडारण पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से मद्यनिषेध विभाग, दरभंगा द्वारा लगातार सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध टीम, दरभंगा द्वारा बिशनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत भरौल, (एकमी-शोभन रोड) पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान कंटेनर में पतंजलि के सामानों की आड़ में छिपाकर ले जाई जा रही 4,947.120 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 60 लाख रुपये आंका गया है। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध ने बताया कि मद्यनिषेध टीम द्वारा कंटेनर की गहन तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में पतंजलि के उत्पाद भी पाए गए, जिनमें 478 कार्टून साबुन, 460 कार्टून टूथपेस्ट, 155 बोरा सर्फ, 111 कार्टून ब्रश आदि शामिल हैं। शराब को इन सामानों के बीच इस प्रकार छिपाकर रखा गया था कि सामान्य जाँच में इसकी आसानी से पहचान नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान कंटेनर के चालक एवं उपचालक को गिरफ्तारकर लिया गया है। दोनों उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के निवासी बताए गए हैं। दोनों से पूछताछ कर अवैध शराब के स्रोत, गंतव्य तथा इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि शराब कारोबारियों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों की पहचान करते हुए सघन जांच एवं निगरानी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मद्यनिषेध कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन एवं मद्यनिषेध विभाग द्वारा आमजनों से अपील करती है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री अथवा परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन एवं मद्यनिषेध विभाग को इसकी जानकारी दें, ताकि ऐसे असामाजिक एवं कानून-विरोधी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## चमथा दियारा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बांटी राहत सामग्री

**बछवाड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ की त्रासदी में स्मृति शेष बाबू रामदेव राय सामाजिक उत्थान सेवा संस्थान और कांग्रेस सेवादल की ओर से चमथा दियारा के पीड़ितों के बीच सूखा राशन, चूड़ा-गुड़, बिस्किट, ग्लूकोज, मिक्सचर वितरित किया गया। नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश गरीब दास ने किया।शिव प्रकाश ने कहा यह महज राहत नहीं, भरोसे का संदेश है कि कोई परिवार अकेला नहीं है, सेवा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक जरूरत है। मौके पर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव कुमार रोहित, सन्नी यादव, रूपक, पुनीत, कृष्ण प्रकाश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अनुशंसा के बिना मनरेगा योजनाओं का संचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज रसलपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के दौरान संचालित मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। पंचायत की मुखिया मुन्ना सहनी ने इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, वीबी-जी राम कार्यालय, भगवानपुर को पत्र लिखकर सभी योजनाओं की अभिलेखीय जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। मुखिया द्वारा दिनांक 11 सितंबर 2026 को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत राज रसलपुर में उक्त दोनों वित्तीय वर्षों के दौरान संचालित की गई सभी योजनाओं की संख्या, योजना का नाम, प्रत्येक योजना में मजदूर भुगतान के रूप में दी गई राशि, मटेरियल भुगतान की राशि, प्रत्येक योजना की कुल स्वीकृत राशि एवं कुल भुगतान राशि, कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या तथा उनके भुगतान का विवरण, योजनाओं की प्रशासनिक/तकनीकी स्वीकृति एवं पंचायत की अनुशंसा से संबंधित अभिलेखों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। पत्र में मुखिया ने यह भी मांग की है कि उक्त योजनाओं में भुगतान की गई राशि की तिथि एवं भुगतान से संबंधित पूरा विवरण दिया जाए। मुखिया मुन्ना सहनी का आरोप है कि हमें आशंका है कि पंचायत के रोजगार सेवक एवं संबंधित कर्मियों की मिलीभगत से बिना पंचायत की अनुशंसा के कुछ योजनाओं को संचालित कर राशि की निकासी एवं बंदरबांट की गई हो सकती है। इसलिए दोनों वित्तीय वर्षों की योजनाओं एवं भुगतान से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है, ताकि वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके। उन्होंने संबंधित बिंदुओं से जुड़ी अधोहस्ताक्षरित को एक सप्ताह के अंदर अभिलेखीय जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

## पहचान खो रहा बनिया गांव का प्राचीन तालाब

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के बनिया गांव स्थित सैंकड़ों वर्ष पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है। बता दें कि यह तालाब लगभग एक किमी के दायरा में है। बता दें कि पूर्व में इसमें बांध बांधकर छोटी वितरणी बनाने का प्रारुप तैयार किए थे जिससे सैंकड़ों बीघे की जमीन की सिंचाई होता है परंतु उसके बाद से कुछ नहीं हुआ तालाब की उड़ाही नहीं होने के कारण इसको नुकसान हो रहा है। तालाब के कुछ भाग में स्थानीय श्रमिक किसान मखाना की खेती किए हैं।

## गंदगी और अतिक्रमण से दम तोड़ रही नदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जिले भर में एक तरफ गंगा में आई बाढ़ से लोग परेशान हैं। वहीं दूसरी ओर भादो में उफान पर रहने वाली बलान नदी जलकुंभी के साथ पानी बिना सूख रही है। प्रखंड क्षेत्र के हृदय स्थल से होकर गुजरने वाली बलान नदी आज अपने अस्तित्व के लिए जूझ रही है। कभी आषाढ़ आते ही उफान पर रहने वाली यह नदी अब सूखी पड़ी है। पिछले लगभग एक दशक से यहां बाढ़ नहीं आई है और नदी का पानी इतना प्रदूषित हो चुका है कि पशुओं के पीने लायक भी नहीं बचा है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि पहले आषाढ़ में ही बलान में पानी भरने लगता था। कल-कल करती तेज धारा और पानी की आवाज सुनकर मछुआरे नदी किनारे जुट जाते थे। बाढ़ इतनी भीषण आती थी कि चारों ओर पानी ही पानी नजर आता था। नदी के आसपास के गांवों की गलियों में कमर भर पानी लग जाता था और बहियार कार्तिक तक डूबे रहते थे। किसान पानी में ही बीज की छिटाई करते थे। नदी में नाव चलती थी और एक किनारे से दूसरे किनारे जाने में पूरा दिन लग जाता था। उस समय नदी ही लोगों के जीवन का आधार थी। नहाना-धोना, बर्तन साफ करने से लेकर खेती तक सब इसी के पानी से होता था लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। बारिश कम होने से नदी में पानी नहीं रहा। जिस नदी में सालों भर पानी रहता था और आषाढ़ से बाढ़ उफान मारती थी। आज सावन बीत गया, भादो भी बीत रहा है, लेकिन नदी पानी के लिए तरस रही है। उसमें उगी जलकुंभी भी पानी के बिना सूखने लगी है। नदी के पाट में अब पानी की जगह फसलें लहलहा रही हैं। दोनों किनारों पर बसी मछुआरों की बस्ती का रोजगार भी खत्म हो गया है। वे अब रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेशों की ओर पलायन करने लगे हैं, तो कई दूसरे रोजगार अपना रहे हैं। नदी के पानी में गंदगी, पिल्लू और कीड़े पनप गए हैं। लोग अब इसे कचरा निस्तारण केंद्र बना चुके हैं। घरों का गीला-सूखा कचरा और कई जगहों से शौचालय का कनेक्शन सीधे नदी में जोड़ दिया गया है, जिससे मल-मूत्र भी सीधे नदी में जा रहा है। दो वर्ष पूर्व मछुआरों द्वारा चलाया गया 'बलान नदी बचाओ अभियान' भी फीका पड़ गया है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी शिक्षक सुमित कुमार भारती, वीरदेव कुमार, अनिल प्रसाद और समाजसेवी अमर साह, पवन राय सहित दर्जनों लोगों ने नदी की बदहाली पर चिंता जताई है।

## बच्चों को सड़क-रेल दुर्घटनाओं से बचाव के बताए गए उपाय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत शनिवार को विभिन्न विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सितंबर माह के दूसरे शनिवार की वार्षिक गतिविधि के तहत इस बार सड़क एवं रेल दुर्घटना से बचाव विषय पर बच्चों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल प्रेरकों एवं फोकल शिक्षकों ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्हें सड़क पर चलते समय बाएं किनारे चलने, सड़क पार करते समय दोनों ओर देखकर सावधानीपूर्वक पार करने तथा यातायात संकेतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। रेलवे फाटक पार करते समय जल्दबाजी नहीं करने और रेल यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। बच्चों को बताया गया कि साइकिल चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है। दोपहिया वाहन पर चालक के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति को भी हेलमेट पहनना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल, सेल्फी लेना अथवा किसी अन्य तरह की लापरवाही दुर्घटना का कारण बन सकती है। शिक्षकों ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर कई गंभीर सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। सुरक्षित शनिवार के दौरान बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने, धैर्य बनाए रखने और दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

## बखरी में श्री रानी सती दादी भादो महोत्सव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बखरी।** मारवाड़ी सम्मेलन बखरी शाखा के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय श्री रानी सती दादी भादो महोत्सव का शुक्रवार को भक्तिमय वातावरण में समापन हो गया। दो दिनों तक चले इस धार्मिक महोत्सव में पूरा कार्यक्रम स्थल दादी के जयकारों एवं भजनों से गुंजायमान रहा। आयोजन के दौरान अखंड ज्योत, विधिवत पूजा-अर्चना, मंगल पाठ एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने दादी की भक्ति में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया। बीती रात दादी के भव्य दरबार में आयोजित भजन संध्या में देर रात तक भक्ति की रसधारा बहती रही। सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने परिवार सहित पहुंचकर दादी के दरबार में हाजिरी लगाई, नारियल-प्रसाद अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। महोत्सव का मुख्य आकर्षण कोलकाता की प्रसिद्ध भजन गायिका श्वेता अग्रवाल रहीं, जिन्होंने लगभग तीन घंटे तक अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने श्री रानी सती दादी, बाबा खाटू श्याम एवं वीर बजरंग बली के लोकप्रिय और नवीन भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। उनके साथ पटना के युवा गायक शुभम शर्मा ने भी अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। भजनों पर श्रद्धालु झूमते-नाचते रहे। महोत्सव की सफलता में शाखा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संयोजक अशोक तुलस्यान, उपाध्यक्ष अरुण टिबरेवाल, सचिव राजेश टमकोरिया, सुशील लोहारिवाल, कैलाश शर्मा, प्रकाश टिबरेवाल, दीपक सुल्तानिया, रणधीर तुलस्यान, अमित सिंघानिया, संजीव बजाज, कुंजबिहारी अग्रवाल, सन्नी नेमानी, डॉ. मनोज वर्मा, रौनक पालड़ीवाल, आशुतोष केडिया, अलका अग्रवाल, माया जयपुरिया, आशा बजाज सहित सम्मेलन के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समापन के अवसर पर महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## भूमि विवाद में दंपती पर कुल्हाड़ी से हमला, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के पहसारा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में दंपती गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों की पहचान बबलू पासवान और उसकी पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। दोनों का प्राथमिक उपचार पीएचसी नावकोठी में कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया। इस मामले में सुनीता देवी ने नावकोठी थाने में लिखित शिकायत देकर भरत पासवान, सुलेखा देवी, रूपेश कुमार और रीति कुमार पर मारपीट करने तथा कुल्हाड़ी से वार कर जख्मी करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित रूपेश कुमार और रीति कुमार को चेरियाबरियारपुर स्थित उनके ननिहाल से हिरासत में ले लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायालय भेज दिया गया। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

कार्रवाई में थानाध्यक्ष के अलावा एसआई प्रवीण कुमार, रंजीत कुमार, मो. इसमाइल तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस के अनुसार, जमीन विवाद से जुड़े मामले की जांच की जा रही है और घटना में शामिल अन्य आरोपितों के संबंध में भी कार्रवाई जारी है।

## ऋण योजनाओं के बकाएदारों के लिए विशेष वसूली कैंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिन लाभुकों ने मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, एनएमडीएफसी टर्म लोन योजना एवं मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया है। उनके बकाए ऋण की वसूली के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट माइनॉरिटीज फाइनेंशियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पटना के निर्देश पर समाहरणालय, बेगूसराय के निकट विकास भवन परिसर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, बेगूसराय में दिनांक 14 सितंबर से 19 सितंबर तक विशेष ऋण वसूली कैंप लगाया जाएगा। इस संबंध में उप निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, बेगूसराय द्वारा सभी संबंधित ऋण-ग्राहियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि में कैंप में उपस्थित होकर अपने बकाए ऋण का भुगतान करना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि समय पर ऋण की अदायगी नहीं किए जाने की स्थिति में बकाया राशि पर नियमानुसार ब्याज एवं दण्ड-ब्याज देय होगा। इसके अतिरिक्त संबंधित बकायेदार के विरुद्ध नियमानुसार दीवानी एवं फौजदारी मुकदमा भी दायर किया जा सकता है।निर्देशानुसार, वसूली कैंप के दौरान बकाया ऋण का भुगतान नहीं करने वाले ऋण-ग्राहियों द्वारा बाद में प्रस्तुत किया जाने वाला कोई भी स्पष्टीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे संबंधित बकायेदारों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उप निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, बेगूसराय द्वारा पुनः सभी संबंधित ऋण-ग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि निर्धारित तिथि के भीतर विशेष कैंप में उपस्थित होकर बकाया ऋण का भुगतान करें तथा संभावित ब्याज, दण्ड-ब्याज एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।

## खिरियावां से कासमा तक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने से परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में खिरियावां से कासमा तक सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा एक बार फिर ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सड़क का चौड़ीकरण कब होगा, निर्माण कार्य कब शुरू होगा और ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा कब मिलेगी, इसे लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का चौड़ीकरण क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही है। खिरियावां से कासमा तक सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन विभिन्न गांवों के लोग बाजार, प्रखंड कार्यालय, अस्पताल, विद्यालय और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आवागमन करते हैं। सड़क की चौड़ाई और उसकी स्थिति को लेकर लोगों के बीच चर्चा होती रहती है। ग्रामीण विकास सिंह, व्रिक सिंह, राकेश सिंह का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण की योजना को लेकर समय-समय पर बातें सामने आती हैं, लेकिन वास्तविक निर्माण कार्य कब शुरू होगा, इसकी स्पष्ट जानकारी लोगों को नहीं मिल पा रही है।

## प्रेमी के घर पहुंची युवती, परिजनों के विरोध के बाद मंदिर में रचाई शादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के मेहदौली चौक स्थित शिव मंदिर में शनिवार की सुबह एक प्रेमी युगल ने परिजनों के विरोध के बावजूद शादी रचा ली। दोनों ने भगवान भोलेनाथ को साक्षी मानकर एक-दूसरे का जीवनसाथी बनने का फैसला किया। शादी की जानकारी मिलते ही मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक समझाने-बुझाने और मान-मनौवल का दौर चलता रहा। बताया जाता है कि युवती अपनी मर्जी से घर से निकलकर अपने प्रेमी के घर पहुंच गई थी। युवती के प्रेमी के घर पहुंचने की जानकारी उसके परिजनों को मिली तो वे भी वहां पहुंचे। परिजनों ने युवती को अपने साथ घर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन युवती अपने निर्णय पर अड़ी रही। उसने स्पष्ट रूप से कहा कि वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है और उसी से शादी करेगी। परिजनों ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती अपने फैसले से पीछे नहीं हटी। इसके बाद परिजन वहां से वापस लौट गए। युवती ने बताया कि वह भगवानपुर थाना क्षेत्र के नवटोलिया वार्ड संख्या छह निवासी उदय चौधरी के पुत्र अविनाश कुमार से पिछले कई वर्षों से प्रेम करती है। दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार के लोग इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। युवती का आरोप है कि परिवार के सदस्यों द्वारा उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। इसी वजह से उसने घर छोड़कर अपने प्रेमी के पास जाने और उससे शादी करने का निर्णय लिया। परिजनों के लौटने के बाद दोनों मेहदौली चौक स्थित शिव मंदिर पहुंचे। वहां विधि-विधान के साथ दोनों ने भगवान शिव को साक्षी मानकर एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और सात फ़ेरे लिए। इसके बाद दोनों विवाह बंधन में बंध गए।

## चेतना सत्र में बच्चों को दिया सड़क व रेल सुरक्षा का पाठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च विद्यालय दामोदरपुर ब्रह्मस्थान, मध्य विद्यालय मल्हीपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अतरुआ, चकदुल्लम बनवारीपुर, चुरामनचक, महेशपुर कन्या सहित अन्य विद्यालयों में गुरुवार को चेतना सत्र के दौरान बच्चों को सड़क एवं रेल दुर्घटना से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। विद्यालयों में फोकल शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि सड़क पार करते समय दोनों तरफ देखकर ही सावधानी से सड़क पार करें। ट्रैफिक लाइट के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि रेड लाइट होने पर रुक जाएं, पीली बत्ती जलने पर अलर्ट हो जाएं और हरी बत्ती जलने पर ही सड़क पार करें।वहीं रेल सुरक्षा को लेकर बताया गया कि रेल पटरी पार करने से पहले दोनों तरफ देख लें कि कहीं ट्रेन तो नहीं आ रही है या ट्रेन की आवाज तो नहीं आ रही है, उसके बाद ही पटरी पार करें।

## कुलपति ने खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का कैलेंडर किया जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के कर-कमलों द्वारा विश्वविद्यालय का वार्षिक खेल कैलेंडर जारी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक दक्षता का साधन नहीं हैं, बल्कि यह मानसिक सशक्तिकरण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का भी माध्यम है। विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताएँ छात्रों में टीम भावना, सहयोग और उत्कृष्टता की भावना को सुदृढ़ करती हैं। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अपेक्षा की कि वे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में खेल के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होंगी। खेल एवं शारीरिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो अजय नाथ झा ने कहा कि सत्र 2026-27 का यह खेल कैलेंडर विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति को और सुदृढ़ करेगा। निदेशालय की ओर से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी प्रतियोगिताएँ नियमानुसार एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न हों। विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा ने कहा कि कुलपति के दूरदर्शी एवं परिवर्तनकारी नेतृत्व में विश्वविद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और न केवल ज़ोनल स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी विश्वविद्यालय अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहा है। इस मौक़े पर खेल एवं संस्कृति विभाग के मनीष राज एवं सुमित कुमार झा आदि मौजूद रहें।

**अंतर महाविद्यालय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ**

कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- पी.जी. एथलेटिक्स, एल.एन.एम.यू., दरभंगा में दिनांक 18 से 20 सितम्बर, 2026 को किया जाएगा। कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन- एस.बी.एस.एस. कॉलेज, बेगूसराय में दिनांक 22 से 24 सितम्बर, 2026 को होगा। किक-बॉक्सिंग, जूडो, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, कराटे एवं वुशु (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- पी.जी. एथलेटिक्स, एल.एन.एम.यू., दरभंगा में दिनांक 26 और 27 सितम्बर, 2026 को किया जाएगा। हैंडबॉल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- एम.एल.एस.एम. कॉलेज, दरभंगा में दिनांक 29 और 30 सितम्बर, 2026 को होगा। वॉलीबाल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- एम.आर.जे.डी. कॉलेज, बेगूसराय (केंद्रीय स्थल : ओल्ड्स ब्वॉयज़ हॉस्टल, बाघा गुमटी, बेगूसराय) में दिनांक 03 से 05 अक्टूबर, 2026 को किया जाएगा। युवा उत्सव (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- खेल एवं सांस्कृतिक विभाग, एल.एन.एम.यू., दरभंगा में दिनांक 06 से 09 अक्टूबर, 2026 को होगा। टेबल टेनिस (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन- सी.एम. साइंस कॉलेज, दरभंगा में दिनांक 28 अक्टूबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में आयुक्त ने क्षतिग्रसत तटबंधों का किया निरीक्षण

## सामुदायिक किचन, चिकित्सा एवं पशु चारा का आयुक्त ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने आज भागलपुर जिले के रंगरा एवं गोपालपुर प्रखंड के अति संवेदनशील और कटाव से प्रभावित तटबंधों का स्थल-निरीक्षण किया। उन्होंने शनिवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर गंगा एवं कोसी नदियों के तेज प्रवाह से हुए कटाव तथा बांध की स्थिति और चल रहे निरोधात्मक कार्यों का जायजा लिया और इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। श्री मीणा ने सबसे पहले रंगरा प्रखंड के बनिया बैसी पंचायत के क्षतिग्रस्त बुढ़िया रिंग बांध एवं रंगड़ा पंचायत के धोबिनिया तटबंध के लगभग 20 फीट के कटाव स्थल का



निरीक्षण किया और मौके पर चल रहे डॉवल निर्माण, बांस पाइलिंग, एन.सी. कार्य तथा बालू से भरे बोरे लगाने के कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद प्रमंडलीय आयुक्त ने गोपालपुर प्रखंड के ब्रह्मोत्तर बांध का भी निरीक्षण किया, जहां बीती रात में क्षतिग्रस्त हुए बांध के हिस्से को दुरुस्त कर लिया गया है। उन्होंने संबंधित विभागों की तकनीकी टीमों से किए गए कार्यों एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और मौके पर कार्यरत जल संसाधन विभाग की टीम के साथ स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किए गए सहयोग की भी सराहना की। निरीक्षण के दौरान श्री मीणा ने संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को संवेदनशील तटबंधों पर निरंतर निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बचाव एवं सुरक्षात्मक कार्यों में तेजी लाने की बात कही। प्रमंडलीय आयुक्त ने जिले के दोनों प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित कुछ सामुदायिक किचन, चिकित्सा शिविर,पशु आहार केन्द्र आदि का निरीक्षण किया और वहां पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत कर विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सभी संबंधित विभागों की टीमें संवेदनशील स्थलों पर सक्रिय हैं और तटबंधों की सुरक्षा एवं बाढ़ के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई लगातार जारी है। इस मौके पर भागलपुर के पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार, जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, नवगछिया के पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## 42 लीटर देसी शराब बरामद, एक धंधेबाज धराया, दूसरा फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर (भोजपुर)।** पुलिस अधीक्षक, भोजपुर के निर्देश पर शराबबंदी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गीधा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 42 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। इस दौरान एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरा बाइक धंधेबाज मौके से भागने में सफल रहा। पहली कार्रवाई में पुलिस ने पचैना बाजार से कबाड़ खरीद-बिक्री की आड़ में साइकिल से शराब का परिवहन कर रहे शराब धंधेबाज शिवचरण केवट पिता बालेश्वर केवट ग्राम धर्मपुर थाना कोईलवर जिला भोजपुर को 22 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी कार्रवाई में गीधा हाईवे स्थित बिंद टोली के पास से एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल पर लदी 20 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस को देखते ही बाइक सवार तस्कर बाइक छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में भेज दिया गया है, जबकि फरार धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी में थाना प्रभारी टिंकू कुमार दरोगा राजू कुमार सहित अन्य कई पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

## पुराने मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार, एक अन्य धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वर्ष 2019 के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जबकि दूसरी कार्रवाई में शराब पीने के आरोप में एक युवक को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, बड़हरा थाना कांड संख्या 179/19, दिनांक 28 मई 2019, धारा 341, 323, 307, 504, 506 एवं 34 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त नंद किशोर राय (44 वर्ष), पिता स्वर्गीय बबन राय, निवासी बड़हरा को विधिवत गिरफ्तार किया गया।जबकि दूसरी कार्रवाई में शराब सेवन के आरोप में सेमरिया गांव निवासी नितेश कुमार ठाकुर (25 वर्ष), पिता पृथ्वी ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक शराब पीकर अपने परिजनों से हो हंगामा कर रहा था। जहां पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि दोनों आरोपितों को आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में भेज दिया गया है। छापेमारी में थाना प्रभारी चुनमुन कुमारी सहित अन्य कई पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

## मंचूरियन खाने से तीन साल की बच्ची की मौत, अन्य गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भोजपुर।** जिले के हसन बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हसन बाजार गांव में बाजार से खरीदकर लाए गए मंचूरियन का सेवन करने के बाद एक ही परिवार के चार सदस्यों की अचानक तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। इस हृदयविदारक हादसे में इलाज के लिए अस्पताल ले जाए जाने के दौरान सात वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की रात परिवार के एक रिश्तेदार (भांजा) बाहर बाजार से मंचूरियन खरीदकर घर लेकर आए थे। परिवार के सदस्यों ने चाव से इसे खाया, लेकिन खाने के कुछ ही देर बाद सभी की सेहत तेजी से गिरने लगी। एक-एक करके परिवार के चार सदस्यों को तेज पेट दर्द और बार-बार दस्त की गंभीर शिकायत होने लगी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए परिजनों में कोहराम मच गया और वे तुरंत सभी को चिकित्सीय सहायता दिलाने के लिए जुट गए। इस फूड पॉइजनिंग जैसी गंभीर घटना में सात वर्षीय काव्या कुमारी की स्थिति सबसे ज्यादा नाजुक हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में बेहतर इलाज के लिए रोहतास जिले के बिक्रमगंज स्थित एक निजी अस्पताल लेकर रवाना हुए। हालांकि, रास्ते में ही मासूम की तबीयत इतनी अधिक बिगड़ गई कि उसने दम तोड़ दिया। जब परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, तो वहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद काव्या को मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान हसन बाजार गांव निवासी कुंदन कुमार गुप्ता की सात वर्षीय पुत्री काव्या कुमारी के रूप में हुई है। इस अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। काव्या के अलावा परिवार के तीन अन्य सदस्यों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। इनमें मृतका की 70 वर्षीय दादी चंद्रावती कुंवर शामिल हैं, जिन्हें तुरंत आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इसके अलावा, काव्या के दो अन्य भाई 13 वर्षीय बिट्टू कुमार और नौ वर्षीय रोहित कुमार भी इस गंभीर फूड पॉइजनिंग की चपेट में आ गए हैं। इन दोनों बच्चों का इलाज परिजन किसी निजी चिकित्सक या अस्पताल में करवा रहे हैं, जहां उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया। हसन बाजार थाना के थानाध्यक्ष जयराम शुक्ला ने इस दुखद मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मंचूरियन खाने से बच्ची की मौत होने और परिवार के अन्य सदस्यों के बीमार पड़ने की खबर पुलिस को मिल चुकी है। पुलिस बल ने इस मामले में गहराई से जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के मुकम्मल होने के बाद ही बच्ची की मौत के वास्तविक और सटीक कारणों का आधिकारिक रूप से खुलासा हो सकेगा।

## ब्रेकरों से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर-रफीगंज पथ पर अवैध ब्रेकर ने राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। ब्रेकर होने से इन दिनों ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बता दें कि करीब 30 किमी लंबी सड़क पर जगह-जगह बने अवैध व अनियंत्रित ब्रेकर व उभरे गड्ढों से आवागमन करने में परेशानी हो रही है। हालत यह है कि वाहन चालकों को 100 मीटर पर ब्रेक लगाना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी होने के साथ दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ जाता है। खिरियावां के राकेश सिंह, प्रदीप सिंह हैं कि 30 किमी की दूरी में करीब 80 से अधिक ब्रेकर है जिसमें से अधिकांश न तो मानक के अनुरूप हैं और न ही उन पर किसी तरह का संकेतक या चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। रात्रि के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जब अंधेरे में ब्रेकर दिखाई नहीं देते और तेज रफ्तार वाहन अचानक से उछल जाते हैं।

## 5,829 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** जीविका के अंतर्गत नारीशक्ति संकुल स्तरीय संघ यानी सीएलएफ, सोनवर्षा, नावानगर, बक्सर की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक आमसभा उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गयी. आमसभा में नारीशक्ति सी एल एफ से जुड़ी जीविका दीदियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान संस्था की उपलब्धियों, वित्तीय प्रगति, आजीविका गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम में डीपीएम प्रभारी भोलानाथ पांडेय, बीपीएम कुमुद शंकर, एसजेवाय नोडल धर्मवीर गुप्ता और प्रबंधक एच आर एवं एडमिन सागर कुमार उपस्थित रहे. इसके अलावा क्षेत्रीय समन्वयक कृष्ण कुमार, सामुदायिक समन्वयक प्रेम कुमार, नारीशक्ति सीएल एफ की अध्यक्ष संगीता देवी, सचिव किरण देवी, कोषाध्यक्ष सरोजनी देवी, एमबीके नमिता एवं प्रभारी सहित सीएल एफ के अन्य पदाधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। वर्तमान में नारीशक्ति सी एल एफ के



अंतर्गत 529 स्वयं सहायता समूह यानी एस एच जी, 53 ग्राम संगठन यानी भीओ तथा 5 पंचायतों की जीविका दीदियां जुड़ी हुई हैं। इन सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से लगभग 5,829 महिलाएं विभिन्न आजीविका और स्वरोजगार गतिविधियों से लाभान्वित हो रही हैं। आमसभा में सामुदायिक संस्थाओं की भूमिका को और मजबूत करने, महिलाओं को नियमित रूप से समूह की गतिविधियों से जोड़ने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं और आजीविका अवसरों का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गयी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की आय में वृद्धि और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने को आगामी कार्ययोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया. साथ ही ऐसे परिवारों और महिलाओं को जीविका की गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जो अभी तक इन अवसरों से वंचित हैं। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि जीविका की सामुदायिक संस्थाएं ग्रामीण महिलाओं को केवल बचत और ऋण से जोड़ने तक सीमित नहीं हैं. ये संस्थाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और परिवार की आय बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही हैं। डीपीएम प्रभारी भोलानाथ पांडेय ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की सामूहिक शक्ति ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार है. उन्होंने जीविका दीदियों से समूह की गतिविधियों को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को आजीविका और स्वरोजगार से जोड़ने का आह्वान किया। बीपीएम कुमुद शंकर ने कहा कि नावानगर क्षेत्र में जीविका के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं सामुदायिक संस्थाओं से जुड़कर अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं। एसजेवाय नोडल धर्मवीर गुप्ता ने महिलाओं को विभिन्न आजीविका और स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ने तथा पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सामुदायिक संस्थाओं की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। नारीशक्ति की अध्यक्ष संगीता देवी ने संस्था की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि जीविका से जुड़ने के बाद महिलाओं में बचत, वित्तीय प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता तथा स्वरोजगार के प्रति आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

## ब्राउन शुगर और नगदी के साथ एक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** कहलगांव थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने करीब तीस ग्राम ब्राउन शुगर और पचास हजार रुपए से अधिक नगद राशि के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शनिवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के अनंदीपुर पुल के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खरीद- बिक्री करने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक अमितेश झा की निगरानी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कहलगांव वन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सशस्त्र बल के साथ शनिवार को अनंदीपुर पुल के



पास एक ठिकाने पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस को देखकर अपराधी भागने लगे। लेकिन पुलिस ने खदेड़कर तीन अपराधियों को दबोच लिया। पकड़े गए अपराधियों के पास से कुल 29.85 ग्राम ब्राउन शुगर और 52 हजार 650 रुपए नगद राशि बरामद किया गया है। श्री यादव ने बताया कि तीनों अपराधियों की पहचान राहुल कुमार, जितेन्द्र कुमार एवं शिवशंकर यादव के रूप में हुई है और उनमें से राहुल कुमार तथा जितेन्द्र कुमार कहलगांव क्षेत्र के नयानगर गांव का रहने वाला है। जबकि तीसरा (शिवशंकर यादव) जिले के नवगछिया अनुमंडल के गोपालपुर क्षेत्र का निवासी है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस उन अपराधियों से कड़ी पूछताछ कर रही है। तत्पश्चात तीनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने और मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर प्रभावी रोक लगाने हेतु पुलिस प्रशासन विशेष अभियान चला रही है। जिसमें कोताही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों और जवानों को छोड़ा नहीं जाएगा।

## दो आरोपित गिरफ्तार, एक को कोर्ट के आदेश पर छोड़ा

**कोइलवर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चांदी थाना पुलिस ने अलग-अलग कांड में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रंगबहादुर मुसहर एवं विमलेश यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सुनित कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया था। पॉक्सो एक्ट के आरोपी रंगबहादुर मुसहर द्वारा न्यायालय से जमानत का रीकॉल आदेश प्रस्तुत करने पर विधिवत सत्यापन के बाद उसे छोड़ दिया गया, जबकि दूसरे एनबीडब्ल्यू आरोपी विमलेश यादव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## जूनियर स्कॉटिश स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जूनियर स्कॉटिश स्कूल, अररिया में इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन असिस्टेंट मैनेजर कुमार आर्यन ने किया। बालक वर्ग में विक्रमशिला हाउस विजेता एवं तक्षशिला हाउस उपविजेता रहा, जबकि बालिका वर्ग में नालंदा हाउस विजेता एवं विक्रमशिला हाउस उपविजेता बना। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्री-प्राइमरी के नन्हे बच्चों के लिए रिंग जंप, फ्रॉग जंप, म्यूजिकल चेयर रेस सहित विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की



गईं। इन गतिविधियों के दौरान बच्चे बेहद उत्साहित और खुश नजर आए तथा उन्होंने पूरे जोश के साथ भाग लिया। असिस्टेंट मैनेजर कुमार आर्यन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर अनूप कुमार ने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के शिक्षकों एवं आयोजन टीम के उत्कृष्ट समन्वय और मेहनत से संभव हुआ। प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## प्रतिभागियों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद ने किया पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** पिछले दिनों तीन दिवसीय इंटरा- स्कूल के चेस टूर्नामेंट का आयोजन मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में आयोजित किया गया। इस चेस टूर्नामेंट के सफल प्रतिभागी जिसमें गर्ल शेकसन में आद्या शर्मा प्रथम कृतिका द्वितीय स्थान के लिए संस्था में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सारावगी ने प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया इस अवसर पर लड़कों के जूनियर सेक्सन से विराट वर्ग 8 व आयुसाद वर्ग 7 को द्वितीय को भी प्रदेश अध्यक्ष ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सीनियर से प्रथम ऋषि राज वर्ग 10 व दिव्यांशु कुमार शाह वर्ग 10 द्वितीय को भी मंच पर प्रदेश अध्यक्ष ने पुरस्कृत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए बताया कि जहां विवेकानंद जैसे महापुरुष का आदर्श लेकर विद्यालय चल रही है विद्यार्थी उनका अनुसरण कर बच्चे उज्जवल भविष्य जरूर पाएंगे। सांसद प्रदीप कुमार सिंह व अन्य बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भी उपस्थित थे।जैसा कि बता दे विद्यालय सभागार में अररिया के बुद्धिजीवी व वरिष्ठ नागरिकों की एक बैठक में उपस्थित होने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद उपस्थित हुए थे। मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के निदेशक संजय प्रधान व प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी भी मौजूद थे। वहीं मौके पर विद्यालय में अभिभावकों के लिए बृहद कंप्यूटर लैब का भी उद्घाटन किया गया।

## एम.आर.एम. कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** एम.आर.एम. कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा तीज के अवसर पर महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति छात्राओं एवं महिला शिक्षिकाओं तथा महिला कार्यालय कर्मियों में रुचि एवं जुड़ाव को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह, उमंग एवं रचनात्मकता के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने हाथों पर सुंदर, आकर्षक एवं कलात्मक मेहंदी डिजाइनों को उकेरकर अपनी कल्पनाशीलता, सृजनात्मकता और कलात्मक



कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पारंपरिक डिजाइनों से लेकर आधुनिक एवं नवीन मेहंदी कला तक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा के विविध रूप प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय का वातावरण उत्सव, उल्लास और रचनात्मकता से सराबोर रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. पुष्पम नारायण की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी को तीज की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सभी लोग प्रसन्न रहें, अपने जीवन में सुख-शांति बनाए रखें और तीज के इस पावन अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाएँ। उन्होंने सभी को अपनी परंपराओं एवं व्रत को श्रद्धा और समर्पण के साथ निभाने तथा अपने पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों को प्रेम, सद्भाव एवं आपसी विश्वास के साथ मजबूत बनाए रखने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शामा परवीन द्वारा इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की सराहना की। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. सुकृति, डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. श्रुति मिश्रा, डॉ. चित्रा झा एवं डॉ. अमृता चौधरी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. पुष्पम नारायण सहित महिला शिक्षिकाओं एवं महिला कार्यालय कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डॉ. निशा सक्सेना, डॉ. नीलम सेन, डॉ. चित्रा झा, डॉ. अंकिता जिंदल, डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. प्रकृति नेहा, डॉ. तनवी त्वरा, डॉ. एन. चंदा, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. सावली मित्रा, डॉ. सुकृति, डॉ. श्रुति मिश्रा, डॉ. ज्ञानवती झा एवं डॉ. सरिता कुमारी सहित महाविद्यालय की समस्त महिला शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर महिला कर्मचारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर इसकी गरिमा और उत्साह को और बढ़ाया।

## 'सुरक्षित शनिवार' को सड़क एवं रेल सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय (यूएमएस) कलवारा में सितंबर माह के द्वितीय शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क एवं रेल दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षा के आवश्यक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई विद्यालय के प्रधानाध्यापक बालमुकुंद सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से आवागमन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सड़क पार करते समय पहले दाएं-बाएं देखने, वाहनों की गति और दूरी का आकलन करने तथा निर्धारित स्थान से ही सड़क पार करने की सलाह दी। प्रधानाध्यापक बालमुकुंद सिंह ने कहा कि सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा, दुर्घटना और विभिन्न जोखिमों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। बच्चों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर उन्हें जिम्मेदार और सतर्क नागरिक बनाने की दिशा में विद्यालय स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## महादलित टोले में मनाया गया कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परसा पंचायत अंतर्गत बेलहर महादलित टोला में कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का जन्मदिन सामाजिक सरोकार और सेवा भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महादलित टोले में रहने वाले बच्चों के बीच कॉपी, कलम एवं ट्रॉफी का वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजेश राम के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। कॉपी, कलम एवं ट्रॉफी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, एनएसयूआई प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, राजीव कुमार झा आदि उपस्थित थे।

## आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर श्रद्धांजलि

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसपुरा बाजार के कनाप रोड में ग्रीन हाउस परिसर में ग्राम निर्माण मंडल खादी ग्रामोद्योग समिति के तत्वावधान में भूदान आंदोलन के जनक आचार्य संत विनोबा भावे की 151वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य विनोबा भावे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खादी ग्रामोद्योग के सेल्स मैनेजर प्रमोद कुमार ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने आचार्य विनोबा भावे के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता विजय अकेला, बिहार पेंशनर समाज के प्रखंड उपाध्यक्ष हृदयानंद सिंह, सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर रामजीत सिंह एवं देवनारायण सिंह आदि उपस्थित थे।

# लोक अदालत में 2594 वादों का निष्पादन, तीन करोड़ का समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम लोक अदालत का उद्घाटन प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष आनंदिता सिंह, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरूण कुमार, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि विनोद सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह नक संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस क्रम में 13 बेंचों के माध्यम से 2594 वादों का निष्पादन के साथ कुल लगभग तीन करोड़ रूपये का समझौता कराया गया। लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित दो वादों में 5.25 लाख रूपये का समझौता कराया गया जबकि पारिवारिक मामले 50, आपराधिक सुलहनीय मामलें से संबंधित 532 वाद, चेक बाउंस के 11 मामले में 50 लाख का समझौता हुआ। इसके साथ साथ अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से संबंधित 695 वाद, टेलीफ़ोन के 19 में 6 हजार 7 सौ एक रुपया का समझौता हुआ तथा बैंक ऋण से संबंधित 600 मामले का निस्तारण करते हुए कुल दो करोड़ 35 लाख 96 हजार 56 रूपये पक्षकारों को राहत दिया गया। इसके साथ-साथ ट्राफिक से सम्बंधित 685 मामले में 11 लाख 52 हजार 4 सौ 22 रुपयं का समझौता हुआ। इस तरह कुल 2594 मामलों का निस्तारण करते हुए कुल लगभग तीन करोड़ रूपये का समझौता कराया गया। इस लोक अदालत में पारिवारिक एवं वैवाहिक मामलों के निस्तारण के क्षेत्र में औरंगाबाद जिले ने अपने ही पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस लोक अदालत में 50 पारिवारिक विवादों का आपसी सुलह, समझौते एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। इस उपलब्धि से न केवल लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण में जिले की प्रभावी कार्यप्रणाली सामने आई है बल्कि यह भी साबित हुआ है कि संवाद, समझ और आपसी सहमति के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण एवं स्थायी समाधान संभव है। इस दौरान कई ऐसे परिवारों को राहत मिली जो लंबे समय से विवाद एवं मुकदमेबाजी के कारण मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। लोक अदालत के माध्यम से हुए समझौतों ने टूटते रिश्तों को जोड़ने, आपसी कटुता को समाप्त करने तथा परिवारों में पुनः विश्वास एवं सौहार्द स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया।

# डूबने से बच्ची समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में डूबने से बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के पौथू थाना अंतर्गत कर्मा पांडे गांव में पोखर में डूबने से 38 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी मुकन बिंद के पुत्र महेंद्र बिंद के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार महेंद्र बिंद शनिवार दोपहर खेत पर सोहनी करने गए थे। वापस लौटते के दौरान गांव के गोवर्धन स्थान के समीप पोखर में हाथ-पैर धोने के क्रम में अनियंत्रित होकर गिर पड़े और गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोंग से शव को बाहर निकाला। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संजय कुमार एवं अन्य पुलिस बलों ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत पेमा सूर्य मंदिर के समीप सोन कैनाल में डूबने से छह वर्षीय एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान उस गांव निवासी अजय बिंद की पुत्री आराधना कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आराधना सोन कैनाल के समीप अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी तभी वह अनियंत्रित होकर सोन कैनाल में गिर पड़ी। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# सीएसपी संचालक से लूटकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अंबा-नवीनगर मुख्य मार्ग पर तमसी मोड़ के पास स्थित सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर हुई लूट की वारदात को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर सुलझा लिया। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीनों अपराधियों को धर दबोचा और उनके पास से लूटी गई राशि, लैपटॉप, अवैध हथियार तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की बाइक बरामद कर ली। बता दें कि शुक्रवार की दोपहर एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर सीएसपी संचालक से लूटपाट की और फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज, तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना (ह्यूमन इंटेलिजेंस) के आधार पर पुलिस ने कुटुंबा थाना क्षेत्र के चकुआ गांव से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर कठरी गांव से तीसरे अभियुक्त को भी दबोच लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान माली थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी गोलू कुमार गिरी, एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के धुजा गांव निवासी कुणाल कुमार उर्फ महादेव तथा ओबरा थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी अजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई 62,140 रुपए, एक लैपटॉप, मॉडिफाइड एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। यह बाइक ओबरा थाना क्षेत्र के देवकली निवासी वादी अजीत कुमार की है, जिसकी चोरी का मामला पूर्व से ओबरा थाने में दर्ज था।

# रेलवे ट्रैक से मिला अज्ञात युवक का शव

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फेसर थाना क्षेत्र के गम्हारी गांव के समीप रेलवे ट्रैक से एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक व्यक्ति की पहचान अभी नही हो पायी है। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास बतायी गई। बताया जाता है कि रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति के शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के आलोक में पहुंची फ़ेसर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी और पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। फिलहाल पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर पता लगाने का प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया प्रथम दृश्यता मृतक संभवतः मानसिक रूप से विक्षिप्त लगता है। उसके पैकेट से कुरकुरे की प्लास्टिक व अन्य गैर जरूरी चीजें बरामद हुई है। इस दौरान पता लगाया जा रहा है कि वह कौन है और कहां का रहने वाला है और वह वहां कैसे पहुंचा। फिलहाल, शव को पुलिस अभिरक्षा में रखा रखा गया है। 72 घंटे के बाद भी शव का शिनाख्त नहीं होने पर सरकारी प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# पंचायत सरकार भवन एवं विवाह मंडप के निर्माण में लाएं तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत सरकार भवन, विवाह मंडप, आंगनबाड़ी केंद्रों की निर्माणाधीन स्थिति, भूमि एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी), मूलभूत सुविधाओं, सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित मामलों तथा राशन कार्ड निर्गमन एवं ई-केवाईसी की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत सरकार भवन एवं विवाह मंडप से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने तथा जिन मामलों में आवश्यक कार्रवाई लंबित है, उनमें संबंधित विभाग एवं अंचल स्तर के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि सरकारी भवनों में संचालित कुल 2048 आंगनबाड़ी केंद्रों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। इनमें 92 केंद्रों में शौचालय, 57 केंद्रों में पेयजल तथा 32 केंद्रों में स्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं है। सीपीग्राम पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिले में प्राप्त कुल 596 मामलों में से 539 मामलों के निष्पादन तथा 54 मामलों के लंबित रहने की जानकारी दी गई। राशन कार्ड से संबंधित समीक्षा में जिले में कुल 51,877 आवेदनों की डाटा एंट्री पूर्ण होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित ई-केवाईसी एवं राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने, प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर नियमित अनुश्रवण करने तथा पात्र लाभुकों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र राशन कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता लोक शिकायत जयप्रकाश नारायण, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, सदर एसडीओ गौरव सिंह, सिविल सर्जन डॉ कृष्णा कुमार, सदर डीएसएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव तथा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लूट और आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में 33 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 63 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 33 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकार के अनुसार लूट के शीर्ष में तीन, आर्म्स एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 18, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 12 तथा अन्य मामलों में 31 लोगों की गिरफ्तारी की गई।कहीं 259.20 लीटर देसी शराब, एक देसी कट्टा, दो मिस फायर, 62160 रूपये नकद, तीन मोबाइल, एक लैपटॉप, एक बाइक, 34.10 ग्राम सोने का आभूषण एवं एक स्कॉर्पियो बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1076 वाहनों से 65000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 35 वारंटों एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के साथ जिले में आम लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# समाज के शिल्पकार होते हैं शिक्षक : प्रेम रंजन

## गुरु सम्मान समारोह में जिले के कई उत्कृष्ट शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन की औरंगाबाद जिला इकाई के तत्वावधान में शनिवार को शहर के टाउन हॉल में भव्य 'गुरु सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित कर उनके समर्पण और सेवाभाव को नमन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव प्रेम रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने वाले व्यक्ति नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के वास्तविक शिल्पकार हैं। उनके ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन से बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। आज के विद्यार्थी ही कल देश की दिशा तय करेंगे, इसलिए उनके भीतर ज्ञान के साथ अनुशासन, नैतिकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय सीमित संसाधनों और विभिन्न चुनौतियों के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षकों का सम्मान वास्तव में उनके योगदान और शिक्षा व्यवस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान है। समारोह में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिक्षकों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशकों, प्राचार्यों, संघ के जिलास्तरीय पदाधिकारियों तथा शहर के गणमान्य लोगों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। मौके पर राष्ट्रीय सचिव प्रेम रंजन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एस सोहेल, संघ के जिलाध्यक्ष अजय पांडेय, सचिव रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डा. धनंजय कुमार, मिशन स्कूल के फादर मनीष जूलियस, साहित्यकार डॉ. सुरेन्द मिश्रा, दिलीप कुमार सिंह, अदानी इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर पंकज कुमार सिंह, संत जोसेफ पब्लिक स्कूल अंबा के डायरेक्टर दिलीप गुप्ता, अनूप कुमार, ओम प्रकाश पांडेय, सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल के डायरेक्टर अरविंद बोस, एम पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद परवेज आलम, रूमी नाज नूरी, विकास कुमार सिंह समेत सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर पुलिस की विशेष नज़र

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन वाहनों की जांच की गई। चेकिंग अभियान के चलने से वाहन सवारों में खासा हड़कंप देखने को मिला। जो लोग बगैर कागज के चल रहे थे वह पुलिस से बचने का प्रयास करते रहे पर ऐसे लोगों के वाहनों का चालान किया गया। उन्हें समझाया गया कि गाड़ी का कागज साथ लेकर चलें। इसमें कोई लापरवाही न करें क्योंकि चेकिंग के समय कागज ही काम आते हैं। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि अपराध की रोकथाम तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# पुलिसकर्मी बन महिला से ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शनिवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक अधेड़ महिला से सोने की कंगन और अंगूठी उतरवा लिया। घटना कर्मा रोड स्थित चिरकुटिया बाबा के समीप की है। पीड़िता की पहचान भास्कर नगर, बद्री बिगहा के पास रहने वाली स्व. मिथिलेश सिंह की पत्नी धनीराज देवी के रूप में हुई है। पीड़िता ने घटना को लेकर मुफस्सिल थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार वह सुबह अपने पोते के साथ टहलने निकली थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। दोनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और कहा कि इलाके में गहने पहनकर घूमने वाली महिलाओं को बदमाश निशाना बना रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से सोने के कंगन और अंगूठी उतारकर रखने की बात कही। बदमाशों ने महिला का भरोसा जीतने के लिए अपने साथ मौजूद एक व्यक्ति के गले से भी चैन उतरवा लिया। महिला ने जब उसे चैन उतारते देखा तो उसे युवकों के पुलिसकर्मी होने पर भरोसा हो गया। इसके बाद दोनों ने डराते-धमकाते हुए महिला से कंगन और अंगूठी उतरवा ली। इसके बाद युवकों ने महिला को एक कागज दिया और उस पर हस्ताक्षर करने को कहा। महिला जब कागज पर हस्ताक्षर करने लगी तभी बदमाशों ने उनके असली कंगन और अंगूठी अपने पास रख लिए और हाथ में नकली कंगन थमा दिया। महिला को जब तक ठगी का एहसास हुआ तब तक दोनों युवक बाइक से कर्मा रोड होते हुए बिजली ऑफिस की तरफ फरार हो चुके थे। घटना के बाद महिला ने परिजनों को जानकारी दी और मुफस्सिल थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी और उचित कार्रवाई की मांग की है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ठगी का प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि बाइक सवार दोनों युवकों की पहचान की जा सके।

# 11 दिवसीय गणपति उत्सव की तैयारी पूरी, 25 सितंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के धर्मशाला चैक स्थित इकलौते गणपति मंदिर में 14 से 25 सितंबर तक आयोजित गणपति उत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। गणेश मंदिर के चारों तरफ आकर्षक लाईटों से भव्य सजावट की जा रही है। तैयारी को लेकर शनिवार को गणपति मंदिर के सामने गणेश सेवा समिति कार्यालय में समिति के संरक्षक रंजीत कुमार सिंह द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मंटु सिंह, सचिव अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, मंदिर प्रशासक बृन्द कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी कपिल कुमार समेत अन्य समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में संरक्षक रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि 11 दिनों तक चलने वाला गणपति उत्सव को लेकर मंदिर समिति द्वारा तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। संध्या सात बजे से होने वाले महाआरती को लेकर भव्य तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि महाआरती के बाद प्रत्येक दिन रात्रि में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है। 23 एवं 24 सितंबर को बाहरी कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण का भी भव्य आयोजन होगा। 11 दिवसीय गणपति उत्सव के अंतिम दिन 25 सितंबर को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें हाथी, घोड़े, गाजे, बाजे के साथ गणपति भगवान की प्रतिमा के साथ-साथ कई प्रकार की झांकियां भी शामिल रहेंगे।

# 703 लंबित चालानों का निष्पादन, 12.32 लाख जमा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर शनिवार को औरंगाबाद में यातायात एवं परिवहन नियमों से संबंधित लंबित चालानों के त्वरित निष्पादन हेतु लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 703 लंबित चालानों/मामलों का निष्पादन किया गया। इसके माध्यम से कुल 12,31,922 रुपये की राशि जमा कराई गई। निष्पादित मामलों में परिवहन विभाग द्वारा 325 चालानों के माध्यम से 8,46,422 तथा यातायात विभाग द्वारा 378 चालानों के माध्यम से 3,85,500 की राशि जमा कराई गई। इस प्रकार कुल 703 चालानों का निष्पादन करते हुए 12,31,922 की राशि जमा कराई गई।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101



मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# फर्जी आइपीएस बन पुलिस को किया गुमराह, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस एक फर्जी आईपीएस के झांसे में आ गई। दरअसल एक युवक ने खुद को प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी बताकर नगर थाना पुलिस को ही अपने साथ ले लिया। पुलिसकर्मियों को विश्वास में लेकर उसने एनएच-139 पर बाकायदा वाहनों की जांच कराई और लोगों से पूछताछ भी की। मामला तब खुला जब उसके कब्जे में लिए गए दो युवकों ने अपने रिश्तेदार से फोन कर बात की। रिश्तेदार झारखंड पुलिस में दारोगा के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस अधिकारी से बातचीत होते ही कथित फर्जी आईपीएस को शक हो गया और वह दोनों युवकों को सड़क किनारे उतारकर फरार हो गया। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि कथित फर्जी आईपीएस ने नगर थाना के सरकारी मोबाइल नंबर पर फोन किया था। उसने खुद को प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी बताते हुए छापेमारी के लिए पुलिसकर्मियों की मांग की। उस समय सरकारी मोबाइल प्रभारी थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार के पास था। अधिकारी होने का भरोसा दिलाए जाने के बाद नगर थाना की गश्ती टीम उसके साथ चली गई। इसके बाद एनएच-139 पर जसोइया मोड़ से सीमेंट फैक्ट्री तक वाहनों की जांच शुरू कर दी गई। जांच के दौरान उसने एक सब्जी कारोबारी को रोककर पूछताछ भी की। इसके बाद पुलिस टीम के साथ कथित फर्जी आईपीएस अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन की तरफ गया। वहां से शहर की ओर आ रहे एक टेंपो को रोककर उसमें सवार तीन यात्रियों से पूछताछ की। तीनों की पहचान पलामू के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़कपुर निवासी आलोक कुमार, सुनील कुमार रवि और नबीनगर थाना क्षेत्र के गोसाइडीह गांव निवासी अजय कुमार के रूप में हुई। पूछताछ के बाद अजय को छोड़ दिया जबकि आलोक और सुनील को कथित फर्जी आईपीएस अपनी स्कॉर्पियो में बैठाकर मदनपुर की तरफ ले जाने लगा। अजय ने दोनों युवकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल से कथित आईपीएस अधिकारी से बात की और अपना परिचय दिया। पुलिस अधिकारी से बातचीत होते ही आरोपी को अपनी पहचान सामने आने का अंदेशा हो गया। इसके बाद उसने आलोक और सुनील को कामा बिगहा जीटी रोड के पास उतार फरार हो गया। एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने जिले के सभी थानों को अलर्ट कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गये हैं। पुलिस को जानकारी मिली कि कथित फर्जी आईपीएस स्कॉर्पियो से पलामू की तरफ भाग रहा है। एरका चेकपोस्ट के पास पुलिस की चेकिंग देखकर आरोपी ने स्कॉर्पियो छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने वाहन के चालक पिंटू कुमार को पकड़ लिया। बाद में कुंदन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया।